लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 60, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर नगर, रविवार, 20 अक्टूबर 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवनसाथी के प्रति प्रेम और समर्पण का पर्व व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



**आज का मौसम**

35.2° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 06 : 11
सूर्यास्त 05 :38

सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज... 15

## जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी में मिल सकती है छूट

- मंत्री समूह ने की बैठक, दर पर अंतिम निर्णय लेगा जीएसटी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

सावधि जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। जीवन व स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने को मंत्री समूह की शनिवार को बैठक हुई। वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य लोगों के लिए पांच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का निर्णय लिया गया। इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद का होगा।

पांच लाख से अधिक के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगेगा। इस समय सावधि पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के प्रीमियम पर 18% जीएसटी है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मंत्रिसमूह लोगों को राहत देना चाहता है। हालांकि वरिष्ठ नागरिकों के बीमा प्रीमियम पर जीएसटी नहीं लग सकता है, भले ही राशि कितनी भी हो। जीएसटी परिषद ने गत बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित किया था। चौधरी इसके संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, प. बंगाल, कर्नाटक, केरल आदि के मंत्री शामिल हैं।

## बारूदी सुरंग में विस्फोट दो जवान शहीद, दो घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के उसूर ब्लॉक में कांग्रेस नेता त्रिपति भंडारी की नक्सलियों ने शनिवार को हत्या कर दी जबकि बारुदी सुरंग विस्फोट की घटना में सुरक्षा बलों के दो जवान शहीद हो गए तथा दो अन्य घायल हो गए।

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सरपंच त्रिपति भंडारी की नक्सलियों ने तेजधार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम उसूर के सहकारी समिति सोसाइटी में चांवल बांटते समय तीन-चार लोग आए और त्रिपति भंडारी को दुकान से बाहर निकालकर हत्या कर दी। इसी बीच नाराणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को बारूदी सुरंग में विस्फोट किया जिससे आईटीबीपी के दो जवान शहीद हो गए तथा दो घायल हो गए हैं।

# होटल में प्रेमी ने की प्रेमिका की गला काटकर हत्या

- कानपुर में फीलखाना स्थित होटल में बिना कपड़ों के मिला युवती का शव
- गोविंद नगर थाने पहुंचकर हत्यारोपी ने किया समर्पण, दुष्कर्म की भी आशंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** कानपुर के फीलखाना थानाक्षेत्र में स्थित गगन सागर होटल में दंपति बनकर पहुंचे प्रेमी ने प्रेमिका की ब्लेड कटर से गला काटकर नृशंस हत्या कर दी। हत्या से पहले युवती के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। हत्याकांड के बाद आरोपित खाना लेने के बहाने होटल से निकला और गोविंदनगर थाने पहुंचकर समर्पण हत्या करने की जानकारी दी। गोविंद नगर पुलिस ने तुरंत फीलखाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस होटल के कमरा नंबर 402 में पहुंची। वहां प्रेमिका का बिना कपड़ों का रक्तरंजित शव बेड पर पड़ा मिला। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। हत्यारोपी को घटनास्थल पर लाकर पुलिस ने गहनता से पूछताछ की। प्राथमिक जांच में त्रिकोणीय प्रेम कहानी सामने आई है। पुलिस के अनुसार युवक अपनी प्रेमिका पर किसी से बात करने को लेकर शक करने लगा था। इसी कारण योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने के लिए उसे होटल बुलाया। प्रेमिका के परिजनों ने बताया कि युवक कई दिनों से बेटी को जान से मार डालने की धमकी दे रहा था।

पुलिस के अनुसार हत्यारोपी गुजैनी, उद्योग नगर निवासी विजय प्रकाश त्रिपाठी के 22 वर्षीय पुत्र प्रियांशु त्रिपाठी के गुजैनी की 20 वर्षीय युवती से तीन-चार साल से प्रेम संबंध थे। युवती का परिवार मूल रूप से अयोध्या के मुबारकगंज का रहने वाला है। एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर 1.40 बजे प्रियांशु प्रेमिका को लेकर होटल पहुंचा। दोनों ने अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी देकर खुद को पति-पत्नी बताया। एसीपी के अनुसार करीब 3.45 बजे प्रियांशु कमरे से बाहर निकला। रिसेप्शनिस्ट से खाना लेने जाने की बात कही। पुलिस युवती के परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर रही है।

### जान से मारने की धमकी दे रहा था

प्रियांशु काफी समय से प्रेमिका को जान से मारने की धमकी दे रहा था। हालांकि परिजनों का कहना है कि उन्हें बेटी और प्रियांशु के प्रेम संबंधों की जानकारी नहीं थी। लेकिन मृतका की छोटी बहन और मां ने कहा कि प्रियांशु काफी समय से परेशान कर रहा था। उसे बात करने और मिलने न आने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। छोटी बहन के अनुसार दीदी ने डर के कारण घर में किसी को प्रियांशु की धमकियों के बारे में नहीं बताया था।

### बीसीए कर रही थी युवती

युवती के पिता ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। मृतका बड़ी बेटी है, जो कि वीरेंद्र स्वरूप कॉलेज में बीसीए छात्रा थी। सुबह वह परीक्षा देने घर से निकली थी। दोपहर बाद जब वह घर नहीं पहुंची तो मोबाइल पर फोन किया गया, मगर बंद मिला। इस बीच हत्यारोपित के दोस्त और उसी दौरान गोविंदनगर पुलिस का फोन पहुंचा तो घटना के बारे में जानकारी मिली।

### त्रिकोणीय प्रेम संबंध में शक में मार डाला

पुलिस को हत्यारोपी प्रियांशु ने बताया कि मेरी प्रेमिका मुझे धोखा दे रही थी। उसका कहीं और भी अफेयर था। इसकी वजह से मैंने उसे मारने की योजना बनाई।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई ठगी में गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई को गिरफ्तार कर लिया। गोपाल जोशी और विजयलक्ष्मी जोशी नामक महिला के खिलाफ बसवेश्वरनगर पुलिस ने गुरुवार रात मामला दर्ज किया था। गोपाल के बेटे अजय जोशी को भी प्राथमिकी में नामजद किया गया है। यह शिकायत नागथान के पूर्व विधायक डी. फूल सिंह चव्हाण की पत्नी सुनीता चव्हाण ने दायर की थी। फूल सिंह चव्हाण, 2023 में विधानसभा चुनाव हार गए थे। सुनीता ने आरोप लगाया है कि गोपाल जोशी ने मई में हुए लोकसभा चुनाव में उनके परिवार के सदस्य को भाजपा का टिकट दिलाने के बहाने उनसे दो करोड़ रुपये की ठगी की।

### प्रश्न पत्र लीक होने का खुलासा, 28 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस के विशेष कार्यबल (एसओजी) ने राजस्व एवं अधिशासी अधिकारी (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में प्रश्न पत्र लीक का खुलासा करते हुए पांच महिलाओं सहित 28 लोगों को गिरफ्तार किया। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वीके. सिंह ने शनिवार को बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 14 मई 2023 को राजस्व अधिकारी (ग्रेड- द्वितीय) और अधिशाषी अधिकारी चतुर्थ श्रेणी (स्वायत्त शासन विभाग)-2022 की परीक्षा दो चरणों में करवाई थी। लिखित परीक्षा के आधार पर विचारित सूची जारी की गई हालांकि आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता जांच के दौरान कुछ गड़बडियां सामने आई, जिस पर संदिग्ध अभ्यर्थियों को पुनः सत्यापन के लिए बुलाया गया।

### कपड़े सुखाने के दौरान करंट से दंपती की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कपड़े सुखाने के दौरान करंट लगने से पति-पत्नी की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनगांव रोड़ आदर्श नगर में हुई। मृतक की पहचान दुर्योधन महंता और उनकी पत्नी भारती महंता के रूप में हुई। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे भारती महंता घर में लगाए गए तार पर कपड़े सुखा रही थीं कि तभी उन्हें करंट लग गया। पत्नी को बचाने दुर्योधन वहां पहुंचे तो करंट की चपेट में आ गए।

# 30 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी से दहशत

## कई फ्लाइट्स की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग, जांच में कुछ नहीं मिला

- इस हफ्ते भारतीय कंपनियों की 70 उड़ानों को मिली है धमकी

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी



देश की विभिन्न विमानन कंपनियों की 30 से अधिक उड़ानों में शनिवार को बम होने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 30 से अधिक घरेलू और विदेशी उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है।

उन्होंने बताया कि एक उड़ान के शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी हुई थी। इस हफ्ते अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की कम से कम 70 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। हालांकि, ये सभी धमकियां बाद में अफवाह निकलीं। विस्तारा ने शनिवार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर संचालित उसकी पांच उड़ानों में सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिनमें यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके027 (मुंबई से फ्रैंकफर्ट), यूके107 (मुंबई से सिंगापुर), यूके121 (दिल्ली से बैंकॉक) और यूके131 (मुंबई से कोलंबो) शामिल हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि सभी प्राधिकारियों को तुरंत सतर्क किया गया। सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

उदयपुर से मुंबई जाने वाली विस्तारा की उड़ान यूके 624 को सुरक्षित रूप से उतरने के बाद उसे अनिवार्य जांच के लिए आइसोलेशन बे में ले जाया गया। एक सूत्र ने बताया कि विमान के शौचालय में एक नोट मिला था, जिसमें लिखा था कि उसमें बम है। वहीं, इंडिगो ने बताया कि उसकी चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्राप्त हुए, जिनमें 6ई17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई184 (जोधपुर से दिल्ली) और 6ई108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि वह मुंबई और दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली उड़ानों से जुड़े घटनाक्रम से वाकिफ है। दिल्ली-जोधपुर उड़ान के संबंध में कहा कि विमान को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। हैदराबाद-चंडीगढ़ उड़ान के बारे में इंडिगो ने कहा कि विमान के उतरने के बाद सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया।

### लखनऊ से अजमेर जा रही उड़ान से उतारे गए यात्री

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को विमान में बम होने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। स्टार एयरलाइंस का विमान किशनगढ़ (अजमेर) के लिए उड़ान भरने जा रहा था। एटीसी ने विमान को उड़ान भरने से रोक दिया और यात्रियों को उतार कर रन-वे से अलग किया गया। आइसोलेशन-बे में लाए गए विमान से यात्रियों का लगेज बाहर निकाला गया और जांच की गई। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों और बम निरोधक दस्ते की सवा दो घंटे तक चली जांच के दौरान विमान में बम होने की बात अफवाह निकली तब विमान ने किशनगढ़ (अजमेर) के लिए उड़ान भरी।

### धमकियों का सिलसिला रोके सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विमानों को बम से उड़ाने की आए दिन मिल रही धमकियों पर हैरानी जताते हुए कहा है कि जब लोग त्यौहार पर अपने घर जाने की तैयारी कर रहे हैं तो इस तरह की धमकियां मिल रही हैं जिसको लेकर सरकार को सख्ती से काम करना चाहिए। कांग्रेस ने एक्स पर अपने आधिकारिक पेज पर कहा कि आए दिन देश के विभिन्न हिस्सों में विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है जिससे यात्रियों में भय का माहौल है। सरकार को इस दिशा में तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी आज वाराणसी में करेंगे कई प्रोजेक्ट का लोकार्पण



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वाराणसी पहुंचेंगे। वे 6,611.18 करोड़ की वाराणसी समेत देश के कई प्रदेशों में भी 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। उधर, अपने सांसद का भव्य स्वागत करने के लिए काशी भी तैयार है। प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी।

कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत कई केंद्रीय और राज्य के कैबिनेट मंत्रियों के मौजूद रहने की भी संभावना है। सिविल एविएशन, ओलिंपिक संघ आदि के पदाधिकारी भी मौजूद रह सकते हैं। मोदी का ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से स्वागत की तैयारी पूरी हो गई है। मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचकर परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास के बाद एक बड़ी जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। वे यहीं से रीवा, अंबिकापुर, सरसावा, बागडोगरा, दरभंगा, आगरा एयरपोर्ट से जुड़े कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

# पांच वर्षीया बच्ची से तीन नाबालिगों ने किया गैंगरेप

- बलिया की घटना, आरोपियों में छह साल का बच्चा भी शामिल
- पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर तीनों को हिरासत में लिया

बलिया, एजेंसी

बलिया जिले की शहर कोतवाली क्षेत्र में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में छह साल के एक बच्चे समेत तीन नाबालिग लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बच्ची की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में शिकायतकर्ता के मकान में रह रहे दो किराएदारों के तीन लड़कों ने बुधवार की शाम बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) किया।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि तीनों आरोपियों की उम्र छह वर्ष, 13 वर्ष और 16 वर्ष है। कोतवाली प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को बताया कि बच्ची की मां की तहरीर पर शुक्रवार रात तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और इनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़ पर युवक गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में पांच साल की एक बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गुरुवार की दोपहर बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी यह घटना घटी। मोहम्मद आरजू बद्रीआलम शाह नामक 22 वर्षीय आरोपी ने बच्ची के पास जाकर उसे मिठाई दी। इसके बाद उसने बच्ची को गलत तरीके से छुआ। डरकर बच्ची अपनी मां के पास गई और घटना के बारे में बताया। जल्द ही लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-74 और यौन अपराधों से बच्चों का सरंक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## जम्मू-कश्मीर को राज्य दर्जा देने के प्रस्ताव को एलजी की मंजूरी

- मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्ज बहाल करने का अनुरोध किया गया है।

शनिवार को एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि गुरुवार को अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का मूल दर्जा बहाल कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि उपराज्यपाल ने मंत्रिमंडल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना सुधार प्रक्रिया की एक शुरुआत होगी, जिससे संवैधानिक अधिकार पुनः बहाल होंगे तथा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री को राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के समक्ष मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है। प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नवनिर्वाचित सरकार की नीति का आधार है। मुख्यमंत्री इस संबंध में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने के लिए नई दिल्ली जाएंगे। मंत्रिमंडल ने चार नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का निर्णय भी लिया है।

## विजया किशोर रहाटकर होंगी एनसीडब्ल्यू की नई अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्र ने विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष रूप में नामित किया है। शनिवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई यह नियुक्ति तीन साल की अवधि या रहाटकर के 65 वर्ष के होने (दोनों में जो भी पहले हो) तक के लिए होगी। रहाटकर का कार्यकाल तत्काल शुरू होगा। यह घोषणा भारत के गजट में प्रकाशित की जाएगी। रहाटकर की नियुक्ति के अलावा सरकार ने एनसीडब्ल्यू के नए सदस्य भी नामित किए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, डॉ. अर्चना मजूमदार को आधिकारिक तौर पर तीन साल के कार्यकाल के लिए एनसीडब्ल्यू का सदस्य नियुक्त किया गया है।



- अर्चना मजूमदार की सदस्य के रूप में नियुक्ति

## तत्कालीन शिवली कोतवाल, मैथा चौकी इंचार्ज हत्या के दोषी करार

**बलवंत हत्याकांड**

- सजा के बिंदु पर अदालत 24 अक्टूबर को करेगी सुनवाई
- तत्कालीन एसओजी प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मी दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बलवंत सिंह हत्याकांड में अदालत ने शनिवार को आरोपी तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी प्रभारी ज्ञानप्रकाश पांडेय को गैर इरादतन हत्या में दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर 24 अक्टूबर को सुनवाई होगी। तत्कालीन एसओजी प्रभारी समेत छह पुलिस कर्मियों को न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया लालपुर शिवराजपुर निवासी अंगद सिंह ने रनिया थाने में अपने भतीजे बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस अभिरक्षा में पिटाई कर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार, मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय समेत 8 पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसआईटी की विवेचना में हत्या की धारा हटाकर गैर इरादतन हत्या के आरोप में न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी। वादी पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को अदालत ने तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश सिंह व तत्कालीन मैथा चौकी इंचार्ज को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर अदालत 24 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। दोष सिद्ध होने के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## पूर्व सांसद और अन्य के परिसरों पर ईडी का छापा

- धनशोधन के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

हैदराबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हथियाने के एक मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और तेलुगु फिल्म निर्माता एमवीवी सत्यनारायण तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शनिवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारी विशाखापत्तनम समेत पांच स्थानों पर तलाशी ले रहे हैं। इनमें पूर्व सांसद और एक ऑडिटर के परिसर शामिल हैं। सत्यनारायण ने वाईएसआरसीपी के टिकट पर विशाखापत्तनम सीट से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। उन्होंने कई तेलुगु फिल्मों का निर्माण किया है।

### एमयूडीए कार्यालय में दूसरे दिन भी छानबीन

**मैसूरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी बीएम. पार्वती को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शनिवार को लगातार दूसरे दिन मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) कार्यालय में छापेमारी जारी रखी।

## संघ की राष्ट्रीय बैठक में शामिल होंगे भागवत

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारिणी मण्डल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक मथुरा में रविवार से शुरू होगी। आरएसएस के एक पदाधिकारी ने शनिवार को बताया कि सर संघचालक डाक्टर मोहन भागवत की अध्यक्षता में यहां परखम गांव में प्रस्तावित राष्ट्रीय बैठक रविवार को करीब साढ़े तीन हजार स्वयंसेवकों के साथ योगाभ्यास से शुरू होगी। सर संघचालक शनिवार शाम को यहां पहुंच गए। वे यहां पर 10 दिन तक प्रवास करेंगे। भागवत क्षेत्र व प्रांतवार अलग-अलग समूहों के साथ अनेक बैठकों में शामिल होंगे।

# एक रंग की पोशाक पहने 1100 अर्चक करेंगे महाआरती

**दीपोत्सव** मुख्यमंत्री होंगे साक्षी, कीर्तिमान गढ़ने के लिए दो दिन चलेगा रिहर्सल, बन रही संतों व वरिष्ठों की सूची

- नया घाट से लक्ष्मण घाट के बीच एक साथ महाआरती का होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



**अमृत विचार :** अयोध्या में इस वर्ष दीपोत्सव बेहद खास होने वाला है। एक नया कीर्तिमान गढ़ने की तैयारी है, जिसमें एक ही रंग की पोशाक में 1100 अर्चक 1250 मीटर क्षेत्र में सरयू नदी तट पर खड़े होकर महाआरती करेंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग अयोध्या के प्रमुख संत-महंत और अन्य वरिष्ठ जनों की सूची तैयार कर रहा है। दो दिन रिहर्सल के बाद 30 अक्टूबर को मुख्य आयोजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। साढ़े छह बजे महाआरती के बाद ही दीपोत्सव आरंभ होगा। पर्यटन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने शनिवार को बताया कि मुख्य आरती स्थल नया घाट से लक्ष्मण घाट की तरफ 10 से 11 स्टेप बनाए जाएंगे, जिसमें 1100 संत-महात्मा और प्रतिष्ठित लोगों के द्वारा आरती कराई जाएगी, जिसका एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि सूची को जिला प्रशासन के द्वारा यहां के प्रमुख संत महंतों के सहयोग से तैयार किया जा रहा है।

### कर्तव्य पथ के तर्ज पर निकलेगी दीपोत्सव की झांकी

दीपोत्सव के दिन रामपथ पर रामायण के प्रसंग पर निकलने वाली झांकियों में अवध के संस्कृति की झलक दिखाई देगी। सूचना विभाग की झांकियों में दिल्ली के कर्तव्य पथ की झलक दिखेगी। साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं। जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात पर्यटन विभाग की ओर से तैयार कराई जा रही है। पर्यटन विभाग के द्वारा राम चरित मानस के सात कांडों पर आधारित झांकियों से अवध की संस्कृति से लोगों को रू-ब-रू कराया जाएगा। इसके लिए इन झांकियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर तैयार किया जा रहा है।

### श्रीराम से जुड़े इन प्रसंगों पर आधारित होंगी झांकियां

श्रीराम की शिक्षा, सीता-राम विवाह, राम-वन गमन, भरत मिलाप, शबरी प्रसंग, अशोक वाटिका, हनुमान का लंका गमन, शक्तिबाण लगने से लक्ष्मण का मूर्छित होना, रावण वध, राम का पुनः अयोध्या आगमन और दीपोत्सव पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। ट्रकों पर यह झांकियां सजाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# खाद की कालाबाजारी व जमाखोरी पर बढ़ी सख्ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खुदरा दुकानों पर निगरानी के लिए लगाई गई क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी

**अमृत विचार।** खाद की जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के लिए दुकानों पर सख्ती बरती जा रही है। सीडीओ दीक्षा जैन ने खुदरा उर्वरक दुकानों पर क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को जमाखोरी व कालाबाजारी पर नजर रखने का आदेश दिया है।

जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि सहकारी व निजी क्षेत्र के बफर में 6028 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक की उपलब्धता है। इसी तरह सहकारी व निजी क्षेत्र के खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के पास 6532 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। जिसका वितरण किसानों को कराया जा रहा है। पीसीएफ के गोदामों से फास्फेटिक उर्वरकों की लगभग 350-400 मीट्रिक टन की आपूर्ति रोज सहकारी संस्थाओं को की जा रही है। उन्होंने बताया कि 2-4 दिन में फास्फेटिक उर्वरक की रैंक शहर पहुंचने की संभावना है। सीडीओ ने बताया जिले में फास्फेटिक उर्वरक की कमी नहीं है। किसानों की मांग के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील भी की है कि डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरक नैनो डीएपी, बायो फर्टिलाइजर्स का प्रयोग कर सकते हैं, जो समितियों में डीएपी से कम कीमत पर उपलब्ध है। जमाखोरी व कालाबाजारी की सूचना पर किसान अपर जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 6393775438 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 100 से अधिक ट्रेनों में की जाएगी खुफिया निगरानी

**त्योहार पर हाईअलर्ट**

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- जीआरपी व आरपीएफ की साझा टीमें दिल्ली-कानपुर मुगल सराय रूट पर होंगी तैनात
- जहरखुरानी गिरोह, लूटपाट करने वालों और असमाजिक तत्वों पर रखी जाएगी कड़ी नजर

**अमृत विचार।** दीपावली के त्योहार पर लाखों लोग ट्रेनों से अपने घर आते-जाते हैं। लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर जहरखुरानी और लुटेरों गिरोहों के साथ असमाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से सादे कपड़ों में कमांडो तैनात करने का फैसला लिया है। यह जवान स्वचालित हथियारों से लैस होंगे।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गुजरने वाली और यहां से चलने वाली 100 से ज्यादा ट्रेनों को जीआरपी और आरपीएफ ने चयनित किया है। इनमें ज्यादातर वह ट्रेने शामिल है, जिनमें पहले कभी लूटपाट, जहरखुरानी की घटनाएं हो चुकी हैं। टीम ने यह भी सर्वे किया है कि इन ट्रेनों में वारदात के लिहाज से सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्र कौन-कौन से हैं।

### लखनऊ और फर्रुखाबाद रूट पर भी कड़ी सुरक्षा

- सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी ओम सिंह ने बताया कि ट्रेनों में स्वचालित हथियार वाले कमांडो की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी परिस्थिति में अपराधियों से मोर्चा लिया जा सके। सादे कपड़ों में दरोगा, सिपाही और महिला सिपाही लगाई जाएंगी। कानपुर से फर्रुखाबाद और लखनऊ रूट पर भी सुरक्षा टीमें लगाई जाएंगी।

### नशीले या जहरीले बिस्किट से रहें सावधान



- जहरखुरानी गिरोह यात्रियों को लूटने के लिए जहर में भिगोया हुआ बिस्किट लेकर चलता है। गिरोह चालाकी से नशीला बिस्किट पैकेट में रखकर देता है। जो बिस्किट सही होते हैं, उसे गिरोह के लोग इसलिए खाते हैं कि देखिए हम भी यही बिस्किट खा रहे हैं और यात्रियों को जहरीला बिस्किट खिला देते हैं।

### शहर में तीन स्थान अतिसंवेदनशील

- जीआरपी और आरपीएफ ने जिन स्थानों को अतिसंवेदनशील क्षेत्र माना है, उनमें झकरकटी पुल के नीचे, कच्ची बस्ती गोविंद नगर, रेलवे लाइन के किनारे दादा नगर तक बस्तियां प्रमुख स्थान हैं। दिल्ली रूट पर हाथरस, अलीगढ़, टूंडला के बीच का इलाका अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। सप्तक्रांति एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, ऊंचाहार एक्सप्रेस, संगम एक्सप्रेस को संवेदनशील ट्रेनों की सूची में रखा गया है।

### टीम में शामिल रहेंगी महिला कांस्टेबल

- जीआरपी और आरपीएफ के जवान ट्रेनों में सादे कपड़ों में स्कॉट करेंगे। टीम में एक सब इंस्पेक्टर, एक हेड कांस्टेबिल और एक महिला कांस्टेबल शामिल रहेंगी। स्टेशनों पर जीआरपी और आरपीएफ की तरफ से लगातार यात्रियों को सचेत किया जा रहा है कि किसी अनजान यात्री से दोस्ती नहीं करें, यदि वह कुछ खाने-पीने को दे, तो नहीं लें। अनजान वस्तुओं से सतर्क रहें।



सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण करते महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी। अमृत विचार

### सेंट्रल स्टेशन के री-डेवलपमेंट में आ रही अड़चनों का लिया जायजा

- **कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने शनिवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के लिए किए जा रहे री-डेवलपमेंट कार्य में पेश आ रही अड़चनों का जायजा लेकर अधिकारियों को समाधान निकालने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित टूंडला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, इटावा, पनकी धाम और गोविंदपुरी और सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर दिया। महाप्रबंधक ने कानपुर से टूंडला स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इसमें चलती ट्रेन की पिछली खिड़की से ट्रैक, सिग्नल, ओएचई, प्लेटफॉर्म आदि का निरीक्षण किया जाता है। मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी, मुख्य इंजीनियर निर्माण अजय कुमार सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक नवीन प्रकाश, उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर आशुतोष सिंह सहित प्रयागराज मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ख्वातीन का जलसा आज

**कानपुर :** जमीअत उलमा हिंद एवं इस्लाहे मुआशरा कमेटी द्वारा रविवार को गरीब नवाज हॉल, बासमंडी में ख्वातीन जलसा आयोजित किया जाएगा जिसमें मुस्लिम ख्वातीन को शरीयत की जानकारी देंगे। ये जानकारी कार्यक्रम संयोजक मौलाना अबू बकर हादी ने दी।

### चंदारी सुजातगंज में लगी दरी की प्रदर्शनी

**कानपुर।** राष्ट्रीय बुनकर समाज ने चंदारी सुजातगंज में हथकरघा बुनकरों द्वारा बनाई गई दरियों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों से बनाई गई दरियों की खरीददारी की। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद असलम अंसारी ने बताया कि हाथ से बुनी गई दरियां कालीन से कम नहीं हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से गुजारिश की है कि बुनकरों के हालात सुधारने के लिए सरकारी सहायता, बुनकरों को ऋण, बिजली बिल माफ करें।

### 21 से सीएसए में होगा मशरूम का प्रशिक्षण

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मशरूम शोध एवं विकास केंद्र पादप रोग विज्ञान विभाग की ओर से चार दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। 21 से शुरू होने वाला प्रशिक्षण शिवर26 अक्टूबर तक चलेगा। मशरूम की खेती व निर्यात की जानकारी दी जाएगी।

# रिटायर्ड जवान का शव मिला, हत्या का आरोप

## रेल पटरी के किनारे लहूलुहान शव के पास रिवाल्वर भी मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट में सुरक्षा कर्मियों के सुपरवाइजर पद पर थे तैनात करवा चौथ पर घर जाने के लिए निकले थे
- परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, बदहवास पत्नी बार-बार हाथ छुड़ाकर जान देने के लिए भागती रही

**अमृत विचार।** करवा चौथ से पहले सुहागिन की मांग का सिंदूर उजड़ गया। शनिवार सुबह डयूटी खत्म करके पत्नी व बच्चों के पास जा रहे सेवानिवृत्त आर्मी जवान का लहूलुहान शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। पास ही मृतक का बैग, मोबाइल का कवर व रिवाल्वर भी पड़ी थी। मृतक के दोनों हाथ टूटे, पैर, सिर और चेहरे में गंभीर चोटों के निशान मिले हैं।

परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद शव ट्रैक किनारे नाली के पास फेंका गया है। मामले की जांच कर रही जीआरपी अनवरगंज का कहना है कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि ट्रेन पर चढ़ने या उतरने के दौरान हादसा हुआ है। ऐसे में रिटायर जवान अपने घर जिला कन्नौज जाने के लिए ट्रेन में कहां से बैठा, इसके लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

जिला कन्नौज के थाना छिबरामऊ के ग्राम रामपुर बैजू निवासी 44 वर्षीय सर्वेश कुमार सिंह मेरठ से आर्मी से कुछ वर्ष पहले सेवानिवृत्त हुए थे। वह दो वर्ष से उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के जरिए हैलट अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों के सुपरवाइजर पद पर तैनात थे। नाइट ड्यूटी के बाद शनिवार सुबह करवाचौथ का त्योहार मनाने के लिए छिबरामऊ स्थित घर जाने के लिए निकले थे।



सड़क पर जान देने पहुंची फौजी की पत्नी को पकड़कर लातीं बेटियां।

रावतपुर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक के किनारे रक्तरंजित शव पड़ा मिला। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद तलाशी ली। आईडी में मिले पते से परिजनों को सूचना दी गई।

### करवा चौथ पर घर आने का पत्नी से किया था वादा

- पोस्टमार्टम हाउस पहुंची पत्नी गुड्डी पति का शव देखकर अचेत हो गई। बेटी रिंकी और अंजलि ने किसी तरह मां को संभाला। लेकिन पति के गम में हाथ छुड़ाकर जान देने के लिए पत्नी बार-बार सड़क की तरफ भागती रही। उसका कहना था कि पति ने करवाचौथ पर घर आने का वादा किया था। कहा था कि दोपहर में बिठूर चलकर स्नान करेंगे। लेकिन वह घर तो नहीं आए, उनकी मौत की खबर आ गई। बेटे अश्विनी ने बताया कि पापा जब भी घर आने के लिए निकलते थे, तो फोन जरूर फोन करते थे। इस बार उन्होंने कोई फोन नहीं किया। मौके से उनका मोबाइल भी गायब मिला। इससे पूरा अंदेशा है कि उनकी ट्रेन से धक्का देकर हत्या की गई है। मृतक के साले कैप्टन नाहर सिंह ने बताया कि यह तक नहीं पता चल पाया कि वह अनवरगंज स्टेशन गए थे कि रावतपुर। रेलवे ट्रैक से हटकर नाली किनारे शव मिला है। जो अनहोनी की तरफ इशारा कर रहा है।



सर्वेश कुमार सिंह।

# धोबिन पुलिया के पास सड़क पार कर रहे कारीगर को ट्रक ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता में मेट्रो निर्माण के कारण फैली अव्यवस्था से परिजनों ने लगाया हादसा होने का आरोप
- 5 बेटियों के पिता की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ पत्नी बोली-अब किसके लिए करवा चौथ का व्रत




**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में शुक्रवार रात 5 बेटियों के पिता को सड़क पार करते समय एक होटल के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने हादसे के पीछे मेट्रो निर्माण में अव्यवस्था का गंभीर आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने ट्रक चालक के पता लगाने की बात कही है। परिजनों ने कहा कि अंतिम संस्कार करने के बाद थाने में लापरवाही के कारण हुए हादसे की तहरीर देंगे।



रमाकांत पाल।

दीनदयालपुरम नौबस्ता निवासी 50 वर्षीय रमाकांत पाल खराद कारीगर थे। वह पनकी के एक खराद कारखाने में नौकरी करते थे। साढ़ू के बेटे बीनू पाल ने बताया कि बाइक खराब होने के चलते रमाकांत एक सप्ताह से सवारी गाड़ियों से काम पर जाते थे। शुक्रवार रात काम से लौटने के दौरान धोबिन पुलिया के पास रोड क्रॉस करने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। नौबस्ता थाना पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग हैलट अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पत्नी मिथिलेश शव देखते ही बदहवास हो गई।

पांचों बेटियां दीप्ति, मोहिनी, दीपिका, अंशिका और अभि पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बेटियां बार-बार यही कहते हुए रो रही थीं कि हम अनाथ हो गए, हे भगवान अब हम लोग किसके सहारे जिएंगे। पत्नी मिथिलेश का कहना था कि घर में करवाचौथ की तैयारी की जा रही थी, अब वह व्रत किसके लिए रखेंगी, पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ के व्रत की तैयारी कर रही थी, लेकिन पति ही चले गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि नौबस्ता हमीरपुर रोड पर मेट्रो निर्माण के चलते भारी अव्यवस्था फैली रहती है। इसके चलते हमीरपुर हाईवे पर भीषण जाम लगता है। उनके मुताबिक मेट्रो निर्माण में भारी अव्यवस्था के चलते हादसा हुआ है।

मेट्रो रेल कारपोरेशन को अपने कार्यों के दौरान सड़क पर यातायात संबंधी व्यवस्था को भी ठीक करना चाहिए। पत्नी ने कहा कि मेट्रो निर्माण में लापरवाही के कारण ही पति की जान गई है। रोज अव्यवस्था के कारण हादसे हो रहे हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। नौबस्ता इंस्पेक्टर संतोष सिंह का कहना था कि ट्रक से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत हुई है, चालक का पता लगाया जा रहा है। अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# 22 शत्रु संपत्तियों में 4 ही सरकारी कब्जे में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 11 संपत्तियों का मामला न्यायालय में, बाकी सील या रिसीवर है नियुक्त
- नए निर्देश में कब्जेदारों को शत्रु संपत्ति खरीद का पहले मिलेगा प्रस्ताव

**अमृत विचार।** शत्रु संपत्तियों में अब कब्जेदारों को खरीद या किराए पर लेने के लिए पहला प्रस्ताव दिया जाएगा। शहरी क्षेत्र में पांच करोड़ से कम मूल्य की और ग्रामीण क्षेत्रों में एक करोड़ से कम की शत्रु संपत्तियों के निपटारे में केंद्र ने दिशा निर्देशों में बदलाव किया है। यह दिशा निर्देश शहर में स्थित 22 संपत्तियों पर भी लागू होगी। हालांकि इनमें 4 संपत्तियों पर मौजूदा समय में कब्जा प्राप्त है। अनेकों संपत्तियां सील हैं और चार संपत्तियों पर तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त किया गया है।

कुल 22 शत्रु संपत्तियां घोषित हैं। इनमें परमट, हीरामन का पुरवा, दलेलपुरवा, नई सड़क, अनवरगंज, वशीरबाग, कंघी मोहाल व स्वरूपनगर में 11 संपत्तियां हैं। शाहिद हलीम की 11 संपत्तियों का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। कंघी मोहाल की एक संपत्ति में कब्जेदार को नोटिस दी गई है। बेकनगंज की एक संपत्ति में बाबा बिरयानी नाम से संचालित दुकान को सील किया गया है। नाला रोड चमनगंज की एक संपत्ति में एक अवैध कब्जेदार को नोटिस व दूसरे का गोदाम सील किया जा चुका है। वहीं जाजमऊ, हीरामन पुरवा सिविल लाइंस स्थित चार संपत्तियों पर तहसीलदार को रिसिवर नियुक्त किया गया है। चार संपत्ति घाटमपुर, भदरस व ग्वालटोली की तीन संपत्ति पर कब्जा लिया है। गृह मंत्रालय के निर्देशों के तहत कब्जेदार खरीद के प्रस्ताव को अस्वीकार कर देता है, तो शत्रु संपत्ति का निपटारा पूर्व निर्धारित मानक पर होगा।

### रिहायशी इलाकों में स्थित हैं शत्रु संपत्तियां

शहर की 22 शत्रु संपत्तियों में एक छोड़कर सभी शहर रिहायशी इलाकों में हैं। जिनकी कीमती करोड़ों में है। एक संपत्ति घाटमपुर में है, जिसपर कब्जा प्राप्त है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि संपत्तियों की जांच चल रही है।

### क्या है शत्रु संपत्ति

1947 से 1962 के बीच पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों की देश में छूटीं संपत्तियों को शत्रु संपत्ति कहा जाता है। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद शत्रु संपत्ति अधिनियम को वर्ष 1968 में लागू किया गया था। शहर संपत्तियां शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में फैली हैं।

# छेड़छाड़ के आरोपी नेत्र सर्जन हटाए गए

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़ करने के मामले शनिवार को डॉ.केएन कटियार को उर्सला से हटा दिया गया।

मामले का संज्ञान लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संबंधित पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए उनका स्थानांतरण बलिया कर दिया था। मामले में उर्सला के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने डॉ.केएन कटियार को अस्पताल से हटाते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी है। बता दें कि जीएसवीएम की महिला डॉक्टर को नेत्र सर्जन करीब एक साल से परेशान कर रहे थे। अगस्त में वह पीछाकर जीएसवीएम हॉस्टल तक पहुंच गए थे, तब उनको गार्ड ने बाहर निकाला था। वहीं, आरोप है कि डॉक्टर ने महिला डॉक्टर व उसके पति को धमकी भी दी थी।

# 10 फीसदी बच्चों में पढ़ने-लिखने की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर ने किया डिस्लेक्सिया पर जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार।** खलासी लाइन स्थित पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर की ओर से जीएचएस-आईएमआर ऑडिटोरियम में डिस्लेक्सिया जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को बीमारी की जानकारी देकर निदान व उपायों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में एख सर्वे के हवाले से कहा गया कि स्कूल जाने वाले बच्चों में से करीब 10 फीसदी में किसी न किसी तरह की पढ़ने-लिखने की समस्या होती है, जिसमें कि डिस्लेक्सिया मुख्य है।

पुष्पा खन्ना मेमोरियल की निदेशक रूमा चतुर्वेदी ने मस्तिष्क की विविधताओं और उनकी विशेष क्षमताओं के विषय की जानकारी दी। बताया कि कैसे हम सभी एक दूसरे से अलग हैं। कभी-कभी जाने अनजाने अपने बच्चों से उनकी उम्र से ज्यादा उम्मीद रखने लगते हैं और उसके कारण वो कई बार दबाव में आ जाते हैं। बच्चों को बच्चों की तरह ही रखना चाहिए, जिससे वो अपनी तरह से अपना जीवन जी सकें। मुंबई से आई स्पेशल एजुकेटर वीना बासु ने बताया कि कैसे पढ़ाई के तरीकों में थोड़ा बदलाव कर डिस्लेक्सिया पीड़ित बच्चों की मदद कर सकते हैं। कई ऐसे विशेष शिक्षण तकनीक व मोबाइल ऐप हैं, जो डिस्लेक्सिया के बच्चों के लिए लाभदायक है।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अमृत विचार

सर पदमपत सिंघानिया की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि किस प्रकार एक स्कूल में बच्चों को शुरुआती दिनों में ही उनकी समस्याओं को जानकर उनकी मदद की जा सकती है। शिक्षण संस्थान बच्चों को समझें और उनके हिसाब से उनकी शिक्षा में बदलाव करें। इसके लिए जरूरी कदम उठाएं। सांसद रमेश अवस्थी, दिल्ली से आई सुहाना भूटानी उपस्थित रहीं।

**बदहाली** पांडु नगर बीमा अस्पताल में नहीं हो रहा है अल्ट्रासाउंड और कोई जांच, अस्पतालों में तैनात हैं सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर, विशेषज्ञ एक भी नहीं

# बीमा अस्पतालों में महिलाओं का इलाज नहीं, रेफरल सेंटर बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के शहर में स्थित पांचों बीमा अस्पतालों को खुद इलाज की जरूरत है। पांचों अस्पतालों में वर्तमान में महिलाओं से संबंधित जांच और इलाज की सुविधा नहीं है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की तैनाती भी नहीं है। इस वजह से बीमित महिलाओं को इलाज के लिए हैलट व डफरिन अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

श्रमिकों व बीमित लोगों को इलाज के लिए भटकना न पड़े, इसलिए शहर में पांच बीमा अस्पताल स्थापित किए गए थे, जो सर्वोदय नगर, पांडु नगर, आजाद नगर, किदवई नगर और जाजमऊ में हैं, लेकिन यहां पर बीमित व्यक्तियों को वर्तमान में स्वास्थ्य सुविधाएं पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रही हैं, जिसकी वजह से उन्हें इलाज कराने के लिए हैलट, उर्सला, कांशीराम या निजी अस्पतालों की तरफ रुख करना पड़ा रहा है। बीमा अस्पतालों की बदहाली की जानकारी उच्चाधिकारियों व संबंधित विभाग के मंत्रियों को भी है, लेकिन बावजूद इसके इनकी दशा और दिशा सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शहर के पांचों बीमा अस्पताल सिर्फ कुछ एमबीबीएस के हवाले चल रहे हैं। किसी में भी स्पेशिलिस्ट डॉक्टर की तैनाती नहीं है। पांचों अस्पतालों में एक भी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है। अस्पतालों की दीवारों पर स्वास्थ मां, स्वस्थ परिवार के स्लोगन जरूर लिखे हैं। लेकिन स्त्री एवं प्रसूति रोग की ओपीडी नहीं है।



पांडु नगर बीमा अस्पताल की जर्जर इमारत। अमृत विचार



किदवई नगर बीमा अस्पताल में लिखा स्लोगन मजाक बनकर रह गया है।

### पांडु नगर में भी अल्ट्रासाउंड व एक्सरे नहीं

- पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व एक्सरे की सुविधा जून माह तक मरीजों को मिल रही थी, लेकिन शासन की ओर से जून माह के अंत में आए एक पत्र की वजह से यह सुविधा बंद हो गई। पत्र में जानकारी दी गई थी कि पांडु नगर सीएमएस डॉ.डिंपल सोनी का स्थानांतरण बरेली कर दिया गया है और उन्हें वहां सीएमओ का पद ग्रहण करना है। जबकि डॉ.डिंपल सोनी यहां न सिर्फ अल्ट्रासाउंड करती थीं, बल्कि महिलाओं को परामर्श भी देती थी। वह डीजीओ थीं, इससे प्रतिदिन औसतन 20 महिलाएं इलाज को पहुंचती थी। पांडु नगर बीमा अस्पताल की कार्यवाहक सीएमएस डॉ.ज्योति वर्मा ने बताया कि डॉ.डिंपल का ट्रांसफार्मर होने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं।

### अस्पताल की बिल्डिंग भी जर्जर

- पांडु नगर बीमा अस्पताल की जिस बिल्डिंग में इमरजेंसी का संचालन किया जाता है, उसकी हालत भी मेंटिनेंस के अभाव में जर्जर होती जा रही है। कई जगहों पर दीवारें चटकी हैं तो कई जगहों पर छज्जे टूटे हुए है और छतों की सरिया तक दिखने लगी है। ये आलम तब है, जब यहां ईएसआई के निदेशक बैठते हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी एलआईसी पॉलिसी सं0-226808692 में मेरा नाम शिवा अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शिवम कुमार अंकित है। दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवम कुमार पुत्र संजय निवासी- बरौली, खलीलाबाद रायबरेली रोड, बी.आर.ए. यूनिवर्सिटी, लखनऊ।**

**सूचना**
मैं ज़ियाउल मुस्तफ़ा मेरे (हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट) के अंकपत्रों में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश हाफिज शाकिर अली हो गया है जबकि वास्तविक नाम शाकिर अली है। **ज़ियाउल मुस्तफ़ा पुत्र शाकिर अली, मोहल्ला पटेल नगर पूर्वी मकान नं0-1146 गोण्डा।**

**सूचना**
मेरे पुत्र अजीम अहमद व असीर अहमद का चाल चलन सही नहीं है। दोनों लोग मेरे साथ परिवार के सदस्यों को मार पीटकर प्रताड़ित करते है। जिससे तंग आकर मै दोनों पुत्रों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। यह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **सकील अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार ग्राम कर्नलगंज ग्रामीण बाबू पुरवा थाना को. कर्नलगंज गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती नीलम देवी से एक पुत्री चारू विश्वकर्मा का जन्म दिनांक 11.09.2010 को घर पर कस्बा बहुआ मो0 गांधी नगर जनपद फतेहपुर में हुआ है। किंतु जानकारी के अभाव में अभी तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है। अत: मेरी पुत्री चारू विश्वकर्मा की वास्तविक जन्मतिथि 11.09.2010 ई0 है जो वास्तव में सही है। **देवेन्द्र कुमार पुत्र बड़ेलाल शर्मा निवासी मो0 गांधीनगर, कस्बा बहुआ, तहसील व जिला फतेहपुर।**

**सूचना**
यह कि मैने 2012 में हाईस्कूल की परीक्षा क्रांतिकारी एस.एस.आई.सी त्रिलोकपुर से उतीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक 1777240 था। इसकी मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है जो मिल नहीं रही। **मो. बबलू पुत्र मो. फरीद निवासी अगौस, थाना इंदरगढ़, कन्नौज**

**आज का मौसम**

हल्के बादल छाये रहने के अनुमान लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

35.2° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:11 | सूर्यास्त 05:36

# मेट्रो के खिलाफ जनता का हल्ला बोल

**धरना-प्रदर्शन**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पुलिस के सामने धरने पर माइक से भाषण देते सपा विधायक। अमृत विचार

- सपा विधायक अमिताभ की अगुवाई में सड़क पर उतरे लोग मेट्रो पर एफआईआर की मांग
- हरबंश मोहाल में टनल की खोदाई से जर्जर होकर मकान, दो हो चुके जमींदोज
- सुधार के नाम पर मनमानी जलापूर्ति में समस्या और सीवर लाइनों में सीमेंट भरा

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल में मेट्रो की टनल खोदाई के कारण जर्जर होकर जमींदोज हो रहे मकान, जल आपूर्ति में समस्या और सीवर लाइनों में सीमेंट भरने के विरोध में शनिवार को गुस्साई जनता सड़क पर उतर आई। सपा ने लोगों के साथ धरना-प्रदर्शन किया। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि मेट्रो ने हरबंश मोहाल क्षेत्र को खंडहर मोहाल बना दिया है। मेट्रो मांगे बलिदान का बैनर लगाकर लोगों ने विधायक की अगुवाई में हंगामा किया और पुलिस को ज्ञापन देकर मेट्रो पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

सपा विधायक ने धरने को संबोधित करते हुएकहा कि पीड़ित परिवारों की तहरीर पर मेट्रो के लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदार कंपनी के खिलाफ मुकदमा लिखा जाए। ये मेट्रो की मनमानी और तानाशाही है कि मकानों में दरारें आने और यहां तक कि गिरने के बाद भी पीड़ितों की सुनवाई नहीं की जा रही है। सुधार कार्य के नाम पर खानापूरी करके लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। अगर मेट्रो ने मकानों के बचाव में काम नहीं किया तो अगला प्रदर्शन मेट्रो मुख्यालय के बाहर होगा। वार्ड 76 के पार्षद रजत बाजपेई ने बताया कि मेट्रो ने इस इलाके में टनल खोदाई का काम किया था, इसके बाद से ही यहां पुराने मकानों में दरारें आना शुरू हो गईं। विधायक ने एसीपी कलक्टरगंज को ज्ञापन सौंपा।

# यातायात की दुश्वारियों पर भी उबल रहा गुस्सा, सारे दावे फेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मेट्रो के काम की वजह से परेड में लगा जाम। अमृत विचार

- बड़ा चौराहा से नरोना की तरफ जाना अभी आसान नहीं
- जूही और काकादेव में भी लोगों को पड़ रहा है जूझना

**अमृत विचार।** शहर में कॉरिडोर-1 के तहत मेट्रो का काम धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। मेट्रो का दावा है कि वह दीपावली से पहले चुन्नीगंज से बड़ा चौराहा तक मुख्य मार्ग पर बैरीकेडिंग हटा देगा और सड़क का निर्माण भी पूरा कर देगा। इससे यातायात सुचारू हो जाएगा।

हालांकि मेट्रो ने ऐसा दावा दशहरा से पहले भी किया था, लेकिन बैरीकेडिंग अभी तक नहीं हटी हैं और लोगों को चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। अगर दीपावली पर चुन्नीगंज से बड़ा चौराहा तक रास्ता खुल भी गया तो इसके आगे परेशानी अभी खत्म नहीं होने वाली है। शहरवासियों को इसके आगे जाने में अभी इंतजार करना पड़ेगा। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार इस क्षेत्र में अभी काम बाकी हैं, जो दिसंबर तक पूरे होंगे।

इसी तरह टीपी नगर से जूही में भी यातायात प्रभावित है। दूसरे चरण में सीएसए, देवकी चौराहे से नीरक्षीर, डबलपुलिया से विजय नगर गल्लामंडी तक यातायात प्रभावित है, जिससे लोग त्योहार के मौके पर बुरी तरह परेशान हैं और लोग कोस रहे हैं।



## साजन के साथ सेल्फी

इस करवाचौथ आपका प्रिय अखबार अमृत विचार आपके लिए लाया है। 'साजन के साथ सेल्फी' इस प्रतियोगिता के माध्यम से आपको अपने पति के साथ करवाचौथ की एक सेल्फी भेजनी है। हमारा निर्णायक मंडल इनमें से कुछ तस्वीरों का चयन करेगा। उन्हें अखबार में उचित स्थान मिलेगा। इसके साथ ही टॉप 3 कपल्स को उपहार भी भेंट किया जाएगा।

**इस नं. पर भेजें सेल्फी**
**वाट्सएप नंबर 9651048008**

## एक नजर

### 20845 बूथों पर 2 लाख सदस्य बनाए

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को विशेष सदस्यता अभियान कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में चलाया गया। इस दौरान 20845 बूथों पर 2 लाख प्राथमिक सदस्य बने। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, अरुण पाठक, सुरेंद्र मैथानी, सलिल विश्नोई आदि सभी जनप्रतिनिधियों सहित प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्र पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी ने अपने-अपने आवंटित बूथों पर 10 सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूर्ण किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सभी को तेजी से सदस्य बनाने को कहा है।

# पारा गिरते ही बढ़ने लगा वायु प्रदूषण

## दीपावली के बाद और बिगड़ सकते हैं हालात, दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर राहत और बचाव की हुई तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में तापमान गिरते ही वायु प्रदूषण बढ़ना शुरू हो गया है। पिछले सप्ताह जहां एक्यूआई 50 से 100 के बीच था, अब 100 के ऊपर जाकर शनिवार को 113 दर्ज किया गया। दीपावली पर हवा के हालात और बिगड़ने का अंदेशा है। इसे देखते हुए नगर निगम ने प्रदूषण रोकने के लिए अपनी मशीनरी सड़क पर उतार दी है। दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन, एंटी स्मॉग गन और वाटर स्प्रिंकल गाड़ियां शहर में दौड़ेंगी और पानी का छिड़काव करेंगी। टूटी सड़कों के गड्ढे भी त्योहार से पहले भरने के निर्देश दिये गये हैं।

वायु प्रदूषण की रोकथाम और गुणवत्ता के लिये किए गए प्रयासों में कानपुर को देश में नंबर वन रैंकिंग मिल चुकी है। इसी साल जनवरी से मार्च की तिमाही राष्ट्रीय रैंकिंग में यह स्थान आया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राष्ट्रीय प्रेरणा पोर्टल पर रैंकिंग में कानपुर प्रथम स्थान पर दर्ज है। नगर निगम यह रुतबा बरकरार रखना चाहता है। हालांकि इससे पहले स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में शहर की हवा फेल हो चुकी है। मेट्रो और भवनों का निर्माण कार्य बिना ढके हो रहा है।



नगर निगम मोतीझील के पास खड़े एंटी स्मॉग गन और वाटर स्प्रिंकल गाड़ियां।

### निर्माण को तिरपाल या जूट की शीट से ढकना जरूरी

- शहरी क्षेत्र में बढ़ रहे वायु प्रदूषण रोकने के लिए खुले में निर्माण पर रोक लगाई गई है। लेकिन शहर में धड़ल्ले से खुले में निर्माण कार्य चल रहे हैं। सड़क पर ही मौरंग, गिट्टी फैलाकर और बिना ढके भवनों को ताना जा रहा है। निर्माण कार्य को हरे तिरपाल या जूट की शीट से ढकने के साथ निर्माण स्थल पर स्प्रिंकलर सिस्टम अनिवार्य रूप से रखने और किसी भवन को ध्वस्त करने के दौरान भी उसे ढकने के निर्देश हैं। लेकिन शहर में कहीं-कहीं ही इसका पालन हो रहा है।

**18%**

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की हालिया रिपोर्ट के अनुसार शहर में धूल और धुंए से होने वाला प्रदूषण कुल प्रदूषण का लगभग 18 फीसदी है।

**40%**

देश के 131 शहरों में 2025-26 तक पार्टिकुलेट मैटर (पीएम10) के स्तर में 40 फीसदी तक कमी या राष्ट्रीय मानक (60 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर) हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

**44%**

नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि पिछले 5 वर्ष में शहर में 44 प्रतिशत धूल के कण कम हुए है और 15 प्रतिशत गुड-डे बढ़े हैं।

- नगर निगम ने 8 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन, 6 एंटी स्मॉग गन और 10 वाटर स्प्रिंकल उतारीं
- वायु प्रदूषण की रोकथाम और गुणवत्ता सुधार में शहर को मिली थी देश में नंबर वन रैंकिंग

"शहर में टूटी सड़कें, मानक के विपरीत होते बिल्डिंग वर्क्स से प्रदूषण बढ़ता है। हम नोटिस दे रहे हैं। नगर निगम को इस संबंध में सतर्क किया गया है।
-ई. अमित मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी

"शहर में हमने पानी का छिड़काव शुरू करा दिया है। दीपावली पास में है। ठंड बढ़ते ही प्रदूषण बढ़ना शुरू हो जाता है। हमारे पास पर्याप्त छिड़काव करने वाली गाड़ियां है।
- डॉ. अजय कुमार संखवार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

### मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन का हो रहा प्रयोग

- नगर निगम ने धूल से निपटने को प्रदूषण सेंसर वाले क्षेत्रों के 2 किमी दायरे को प्रदूषण सेफ जोन बनाने का प्रयास शुरू किया है। विभाग 8 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन, 6 एंटी स्मॉग गन से अभियान चला रहा है। 10 वाटर स्प्रिंकल भी हैं।

### 251 करोड़ हवा सुधार के लिए मिल चुके

- प्रदेश के 6 शहरों को शासन ने पिछले दिनों वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 258.13 करोड़ रुपये बजट दिया था। इसमें सबसे ज्यादा 106 करोड़ राशि कानपुर नगर निगम को मिली है। पिछले तीन वर्षों में 145 करोड़ रुपये अलग से मिल चुके हैं।

### कूड़ा भी प्रदूषण की वजह

- नगर निगम ने जन जागरण और रैली निकाल खुले कूड़ाघर हटाए। 250 खुले कूड़ा घरों को हटाकर वहां सेल्फी प्वाइंट बनाए। कूड़े के स्मार्ट संग्रहण के लिये उन्होंने स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन भी बनवाए। जिसमें गीला, सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करने की व्यवस्था बनी, पर इसका क्रियान्वयन सही से नहीं हो पा रहा है।

# मेस्टन रोड और मूलगंज में फुटपाथ से कब्जे हटाए

**कानपुर।** टीआई पूर्वी सेकंड राज कुमार मिश्र की अगुवाई में पुलिस ने बड़ा चौराहा, मूलंगज, मेस्टन रोड पर शनिवार को अतिक्रमण हटाया। अमृत विचार ने इस इलाके में लगने वाले जाम से त्योहार पर लोगों को होने वाली दिक्कत को लगातार प्रकाशित किया था। इसी पर यातायात की टीम ने संज्ञान लेकर कब्जेदारों पर कार्रवाई की। क्रेन की मदद से कोतवाली से लेकर मूलगंज तक तथा मेस्टन रोड, मूलगंज से घंटाघर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाने व सभी संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात सुगम हुआ और जनता को राहत मिली। दस्ते ने मूलगंज से मेस्टन रोड होते हुए कोतवाली तक फुटपाथ पर कब्जा करके दुकानें लगाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। दुकानदारों से कहा कि फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं करें।

## डांडिया में रहा उत्साह...



**कानपुर।** गहोई वैश्य कल्याण समिति की ओर से शनिवार को डांडिया महोत्सव आयोजित किया गया। समारोह में पारंपरिक व फिल्मी गीतों पर डांडिया का उत्साह बिखरा। समारोह में आईआईटी की छात्रा डॉ प्रगति खरया को कैंडल व मौन रखकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस दौरान मुख्य रूप से पीसी कुरेले, सर्व वैश्य महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता, पप्पू कुरेले, जीडी गुप्ता, रमाकांत सेठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हाईवे पर ट्रक खड़े, चालक ढाबों में मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हादसे रोकने के लिए संभागीय परिवहन और यातायात की टीमों ने चलाया अभियान
- बिना नंबर प्लेट वाले वाहन पकड़े, कई वाहनों में इंडीकेटर हेड लाइट मिली बंद

**अमृत विचार।** संभागीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात की संयुक्त टीम ने हाईवे पर हाल में हुए हादसों के मद्दे नजर सुरक्षित और सुगम यातायात के लिए शनिवार को व्यापक अभियान चलाया। बीते 5 दिनों में शहर सीमा क्षेत्र में हाईवे पर हुए हादसों में 10 लोगों की जान जा चुकी है। अभियान के दौरान कई स्थानों पर सड़क किनारे ट्रक खड़े करके चालक ढाबों पर बैठे मिले। ओवरलोडिंग के साथ बिना नंबर प्लेट और मानकों के विपरीत दौड़ रहे भारी वाहन भी पकड़ में आए।

हाईवे पर अभियान के दौरान सड़क किनारे वाहन खड़ा करके हादसों को दावत देने वाले वाहन चालकों को यातायात टीम ने जमकर फटकार लगाई। ऐसे वाहनों के चालान किए गए। संभागीय परिवहन अधिकारी विदिशा सिंह के निर्देश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंबुज भास्कर ने टीएसआई पश्चिम जोन प्रभारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रुप से भौंती बाईपास से सचेंडी तक सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाकर चालान किए। इसी प्रकार टीआई पूर्व जोन प्रथम धर्मवीर सिंह सरोज ने महाराजपुर हाईवे पर पुरवामीर तक सड़क के किनारे खड़े भारी वाहनों को हटवाने के साथ उन पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कई ऐसे वाहन मिले जिनमें नंबर प्लेट ही नहीं लगी थी। कई ऐसे वाहन थे जिनके इंडीकेटर, हेड लाइट काम नहीं कर रही थी। ऐसे सभी वाहनों पर कार्रवाई की गई। टीएसआई सुनील सिंह द्वारा ओरियारा रमई पुर चौराहा पर सड़क के किनारे खड़े भारी वाहनों को हटवाया, चालकों को फटकार लगाई। टीएसआई नीरज सिंह व टीएसआई वदूद खान ने आईआईटी से मंधना तक खड़े वाहनों पर कार्रवाई की। टीएसआई नित्यानंद राय द्वारा तात्याटोपे नगर कट गुजैनी पर गलत दिशा में चलने वाले वाहनों का चालान किया गया।



हाईवे पर सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई करती ट्रैफिक टीम।

# सीएसए में रैगिंग का मामला फर्जी निकला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्वविद्यालय की जांच कमेटी से छात्रों ने किया रैगिंग से इनकार, वीडियो पर संशय

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रैगिंग का मामला जांच कमेटी ने फर्जी ठहरा दिया। वीडियो वायरल होने के बाद विवि प्रशासन की ओर से बनाई गई कमेटी ने पूछताछ की तो छात्रों ने रैगिंग से इनकार कर दिया। रैगिंग के वायरल वीडियो की प्रमाणिकता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वीडियो विवि का है या नहीं, कुलपति ने इस पर संशय जताया है। अब वीडियो की लोकेशन की जांच हो रही है।

सीएसए में रैगिंग का दावा करने वाला वीडियो शनिवार सुबह से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में दावा किया गया कि 3 अक्टूबर की रात कुछ सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों पर शराब व सिगरेट पिलाने का दबाव डाला। इससे विवि प्रशासन में हड़कंप मच गया। कुलपति की ने पांच सदस्यों की टीम जांच के लिए बना दी। लेकिन जांच टीम से छात्रों ने रैगिंग व मारपीट से पूरी तरह इनकार कर दिया। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि पूरे दिन चली जांच के बाद कमेटी ने बताया है कि विवि का बताया जा रहा वायरल वीडियो पूरी तरह से फर्जी है। विवि में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। जांच में पाया कि वायरल वीडियो फर्जी है।

**खुशखबरी** पनकी पॉवर प्लांट में सिर्फ कोल फायरिंग का ट्रायल पूरा होना बाकी

# नवंबर से मिलेगी 660 मेगावाट यूनिट बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दूर हो जाएगा शहर और आसपास के जिलों में बिजली का संकट

**अमृत विचार।** कानपुर के साथ ही आसपास के जिलों को अगले साल से बिजली समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। नवंबर माह में पनकी प्लांट में 660 मेगावाट यूनिट का संचालन शुरू हो जाएगा। यहां अब कोल फायरिंग का ट्रायल होना बाकी है। झारखंड से कोयला आ गया है। पनकी प्लांट में स्थित बंकर में कोयला भर दिया गया है। ट्रायल के बाद पूरी क्षमता से उत्पादन होगा।

पनकी स्थित 660 मेगावाट पॉवर प्लांट का निर्माण पूरा होने के बाद अब यहां पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन शुरू करने के लिए अभियंता प्रयास कर रहे हैं। नवंबर माह में 660 मेगावाट यूनिट का संचालन शुरू करने के लिए प्लांट में झारखंड की खदानों से 36 सौ टन कोयला मंगा लिया गया है। अब कोल फायरिंग प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। कोल फायरिंग के जरिए प्लांट में कोयला जलाकर बिजली बनाई जाएगी। कोल बंकर की क्षमता, फीट आदि को भी परखा जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक नवंबर माह के शुरुआती सप्ताह में कोयले से बिजली का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होगा। कोयला लाने के लिए प्लांट में 14 करोड़ रुपये से वाराणसी के डीएलडब्ल्यू से दो लोको इंजन खरीदे गए हैं, जिनमे से एक इंजन आ चुका है। पनकी पॉवर प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक गणेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पॉवर प्लांट में 55 रैक की मालगाड़ी से कोयला आया छा, जिसे बंकर में भरवा दिया गया है। अब प्लांट में कोल फायरिंग का ट्रायल होना है, जिसके बाद यहां पर बिजली उत्पादन का कार्य किया जाएगा। बिजली उत्पादन से कानपुर के साथ ही आसपास के जिलों को भी बिजली मिलेगी। जरूरत पड़ने पर अन्य प्रदेश में भी बिजली बेची जाएगी।



### सुपर क्रिटिकल तकनीक का इस्तेमाल

- मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि बिजली उत्पादन में प्लांट में सुपर क्रिटिकल तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। पहले पुरानी तकनीक के सबक्रिटिकल तकनीक के पॉवर प्लांट बनते थे, लेकिन पनकी में सुपर क्रिटिकल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसमें बिजली के उत्पादन में ईंधन कम लगता है। ग्रीन हाउस गैस और राख कम निकलती है, कम तापमान होता है। इसके साथ ही प्लांट में नाइट्रोजन आक्साइड और सल्फर डाई आक्साइड से हानिकारक तत्व को खत्म करने के लिए एसीआर और एफजीडी सिस्टम लगा है।

# 21 हजार गोबर के दीये बांटे जाएंगे

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय ने शनिवार को दीपावली, छठ, गुरुनानक जयंती और प्रमुख त्योहारों को लेकर नगर निगम मुख्यालय में बैठक कर सफाई, कूड़ा उठान, सड़कों पर पैचवर्क, मार्ग प्रकाश, जलापूर्ति के संबंध में निर्देश दिये।

नगर आयुक्त ने प्रभारी अधिकारी रबिश को निर्देशित किया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रत्येक वार्ड में 1-1 हजार दीये, तेल एवं बत्ती के साथ मलिन बस्तियों में बांटे जाएं। उन्होंने प्रभारी अधिकारी कैटिल कैचिंग को निर्देशित किया कि 21 हजार गोबर के दीये बनवाये जाएं।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार ने बताया कि डेंगू का प्रकोप कुछ ही क्षेत्र में है, पूरे शहर में नहीं है। गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ताओं ने बताया कि 28 अक्टूबर से पहले सड़कें पूरी तरह गड्ढामुक्त हो जायेंगी।

# सेंट्रल तक इसी साल दौड़ेगी मेट्रो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज अंडरग्राउंड और बारादेवी एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद रमेश अवस्थी ने मेट्रो के काम की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से पूछा कि मेट्रो के कार्य कब तक पूरे होंगे। इस पर मेट्रो के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद मीणा, प्रोजेक्ट मैनेजर अजहर सरताज, एडिशनल चीफ इंजीनियर सिविल बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि आईआईटी से अभी मोतीझील तक मेट्रो चलाई जा रही है। दिसंबर माह में हम इसे मोतीझील से चुन्नीगंज-परेड-बड़ा चौराहा होते हुए कानपुर सेंट्रल तक चलाने की तैयारी में लगे हैं। हम हर हाल में इसी साल मेट्रो को आईआईटी से सेंट्रल स्टेशन तक चालू कर देंगे।

सांसद ने निरीक्षण के दौरान कहा कि जून 2021 में आईआईटी से लेकर मोतीझील तक 9 स्टेशनों पर मेट्रो का आवागमन शुरू हो गया। मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 5 अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन तैयार हो गए हैं। जिनको दिसंबर 2024 तक प्रारंभ करने की योजना है। तीसरे चरण में कानपुर सेंट्रल से बारादेवी, नौबस्ता तक का काम बहुत ही तीव्र गति से चल रहा है। यह रूट भी सितंबर 2025 तक शुरू हो जाएगा। दूसरे कॉरिडोर के तहत सीएसए से विजयनगर बर्रा 8 तक का मेट्रो आवागमन जून 2026 तक प्रारंभ हो जाएगा। बर्रा 8 से नौबस्ता तक चलाने के लिए डीपीआर तैयार हो चुका है जिसका भी कार्य जल्द शुरू होगा।



बारादेवी एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण करते सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### चौबेपुर तक मेट्रो संचालन के लिए मुख्यमंत्री से मिलूंगा

- सांसद ने कहा कि शहर से हजारों की संख्या में छात्र एवं आमजन मंधना एवं चौबेपुर तक बने शिक्षण संस्थाओं एवं फैक्ट्री में प्रतिदिन आते-जाते हैं। इसलिये मुख्यमंत्री से मिलकर मंधना होते हुए चौबेपुर तक मेट्रो को बढ़ाने कर आग्रह करूंगा। भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी भी मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी नामांकन को नहीं पहुंचे प्रत्याशी

## बसपा समेत 7 प्रत्याशियों ने लिए 10 फार्म, आज रहेगा अवकाश

**सीसामऊ उप चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के दूसरे दिन भी कोई नामांकन पत्र नहीं दाखिल हुआ। शनिवार को बसपा सहित सात प्रत्याशियों ने 10 नामांकन फार्म लिए। अब तक सपा व बसपा को छोड़कर किसी अन्य बड़े दल ने नामांकन फार्म नहीं लिया है। 7 निर्दलीयों ने जरूर नामांकन फार्म लिए हैं।

एसीएम तृतीय रामशंकर की कोर्ट में दूसरे दिन शनिवार सुबह 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। बेरीकेडिंग के चलते दोपहर तीन बजे तक किसी बाहरी व्यक्ति को एसीएम बिल्डिंग में जाने नहीं दिया गया। एसीएम तृतीय रामशंकर ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन बसपा प्रत्याशी रवि कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय किसान श्रमिक पार्टी के अनंत कुमार, निर्दलीय सपना गुप्ता, अजय सिंह, अजय कुमार शुक्ला, गुरमीत सिंह गांधी और सतनाम सिंह ने नामांकन फार्म लिया। इसके अलावा राष्ट्रीय किसान श्रमिक पार्टी के अनंत कुमार ने नामांकन फार्म के चार सेट लिए। उन्होंने बताया कि रविवार को अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं होगा। अब नामांकन प्रक्रिया सोमवार को निर्धारित समय पर शुरू होगी। अब तक दो दिनों में पहले दिन पांच और दूसरे दिन 10 फार्म लिए गए हैं। सपा व बसपा के अलावा अब तक 7 निर्दलीयों ने फार्म लिया है। कुल 15 सेट फार्म लिए गए हैं।

### एकल खिड़की पर अनापत्ति प्रमाण पत्र की सुविधा

जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व सुचारू रूप से कराने के लिए प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विभिन्न अनुमतियां, स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए एक ही स्थान से अनापत्ति प्रमाण पत्र की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय न्यायालय कक्ष में एकल खिड़की, सुविधा एप के माध्यम से टीम की तैनाती की गई है। इनमें अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने वाले विभागों के अधिकारी अग्निशमन के दीपक शर्मा, संभागीय परिवहन के आलोक कुमार, पुलिस से अभिषेक पांडेय, विद्युत सुरक्षा से आलोक शुक्ला, लोक निर्माण से राकेश यादव, नगर निगम से रवि शंकर व अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत आरओ एसीएम तृतीय हैं।

### अधिवक्ताओं और वादकारियों को खासी परेशानी

एक विधानसभा के उपचुनाव नामांकन के लिए पुलिस ने पूरी रोड बंद कर रखी है। चेतना चौराहे से सरसैया घाट जाने वाली रोड दोनों तरफ से बैरियर लगाकर बंद की गई है। इस कारण कलेक्ट्रेट व कचहरी आने वाले लोगों को काफी चक्कर लगाना पड़ रहा है। अधिवक्ता और वादकारियों को आने व जाने में परेशानी हो रही है। लोगों को तहसील व शताब्दी गेट से घूमकर जिलाधिकारी कार्यालय जाना पड़ रहा है।

## सपा पहली नवंबर से सीसामऊ में लगाएगी झंडे

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शनिवार को पीड़ीए मिशन युवा टीम व सपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि मतदाताओं के द्वार के तहत पीडीए की युवा टीम 275 बूथों पर केवल पांच पीडीए कार्यकर्ता प्रत्येक मतदान केंद्रों पर संपर्क करेंगे। पीडीए टीम आवास मालिक से लिखित अनुमति लेकर ही मतदाताओं के द्वार पर एक नवंबर से झंडा लगाएंगे।

प्रशासन 126/130 की नोटिस सपा के अधिकांश कार्यकर्ताओं को भेज रही है, इससे पक्षपात झलक रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में 275 बूथों पर ईवीएम व वीवीपैड की जो मशीन लगाई जाएगी, उनकी सूची उपलब्ध कराने के लिए चुनाव आयोग को पत्र भेजकर मांग की गई है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, शबाब अबरार, अरमान खान, इशरत इराकी, राजेंद्र सोनकर, जस्वेन्द्र निषाद मौजूद रहे।

# अयोध्या में युवक की मौत, दोस्त लाया शव

- परिजनों ने होटल मालिक पर लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में अयोध्या में मौत हो गई। परिजनों का कहना था कि मौत के बाद उसका दोस्त शव लेकर घर आ गया। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि एक होटल मालिक युवक को जबरदस्ती काम करवाने के लिए अयोध्या ले गया था। किसी तरह वह भागकर आ गया था। दबाव डालकर ले गया और उसकी मौत हो गई।

सीटीआई पीपापुल के पास निवासी सोनू पासवान ने बताया कि उसके भाई 27 वर्षीय हनी पासवान को बर्रा में रहने वाला रामराज अयोध्या में अपने होटल में काम कराने के लिए पिछले चार महीने से ले जा रहा था। भाई दशहरे के बाद घर वापस आ गया था। होटल मालिक उसे 17 अक्टूबर को जबरदस्ती ले गया था। परिजनों का आरोप था कि वह धमकी देकर किसी तरह उसे जबरदस्ती ले गया था। जहां अयोध्या में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप लगाया कि होटल मालिक ने उसकी हत्या कर दी। भाई का कहना था कि साथ काम करने वाला दोस्त संदीप शव लेकर कानपुर आ गया। गोविंद नगर पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। वाहन चोरी होने के बाद पीड़ितों ने एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि शुभम कनौजिया उर्फ ऋतिक ग्राम ऐमा थाना महाराजपुर को मुखबिर की सूचना पर 80 फुटा रोड तिराहे चकेरी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने दो मोटरसाइकिल चोरी की थी, जिसका मुकदमा थाने में पंजीकृत था। शातिर के बारे में और जानकारियों अन्य थानों से ली जा रही हैं। चोरी की घटना को अंजाम देने में इसका साथ देने वाले सहयोगियों के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

# परमट घाट पर छठ पूजा को लेकर फर्श होगी समतल

- महापौर प्रमिला पांडेय ने अधिकारियों के साथ छठ घाटों का किया निरीक्षण
- छठ से पहले हर वार्ड को मिलेंगी 50-50 लाइटें, घाटों पर विशेष लाइटिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अरमापुर में छठ घाट का निरीक्षण करतीं महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया। पनकी एवं अरमापुर में छठ घाट का निरीक्षण कर नहर के किनारे गन्दगी खराब टाईलों की मरम्मत एवं महिलाओं के लिये कपड़े बदलने, चेंजिंग रूम बनवाये के निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि नहर में बैरीकेटिंग लगवाई जाये। शहर में अन्य घाटों की साफ-सफाई के भी निर्देश दिसे गये।

महापौर ने तैयारियों के बारे में पूछा तो जोन-1 जोनल अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि सरसैया घाट पर तैयारी कर ली गयी है। बैरीकेटिंग का कार्य करा लिया गया है। नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि 03 दिन मे कार्य पूर्ण करा लिया जाये। जोनल अभियन्ता, जोन-2 दिवाकर भास्कर ने बताया कि जोन-2 में सिद्धनाथ घाट, महादेवन मन्दिर, आवास विकास में नहर के पास, शेरशाह सूरी तालाब इत्यादि के पास छठ पर्व मनाया जाता है, सम्बन्धित स्थानों पर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जोनल अभियन्ता, जोन-3 ने बताया कि कि सचान गेस्ट हाउस के पास नहर किनारे, जेड-1 में नहर किनारे, बाबूपुरवा, नौबस्ता पश्चिमी इत्यादि स्थानों पर छठ पर्व मनाया जाता है। जोनल अभियन्ता, जोन-4 आरके तिवारी ने बताया कि परमट, रानीघाट, मैगजीन घाट पर छठ पर्व मनाया जाता है, जहां नदी के लेवल तक सफाई हो गयी है, रानीघाट में बैरीकेटिंग भी करा रहे हैं। महापौर ने निर्देशित किया कि परमट घाट पर लेवल बराबर करा दें। जोनल अभियन्ता, जोन-5 अतुल पाण्डेय ने बताया कि अरमापुर, रतनपुर, यादव मार्केट, बर्रा-2, गुलाब गार्डेन डी-ब्लाक, वार्ड-45 मंथ एवं वार्ड-9 में रेलवे लाईन पास छठ व्रत मनाया जाता है, जहां सफाई इत्यादि कार्य कराया जा रहा है।

जोनल अभियन्ता, जोन-6 आरके सिंह, ने बताया कि कि पनकी नहरिया में मरम्मत कार्य होना है, टाइल्स धंस गयी है, इसके अतिरिक्त लाजपत नगर, नमक फैक्टरी चौराहा के पास ग्रीन बेल्ट में छठ व्रत मनाया जाता है।

### वार्डों की दी जायेंगी 50-50 लाईट

महापौर और नगर आयुक्त ने बताया कि वार्डों में मार्ग प्रकाश के लिये 50-50 लाईटें दी जा रही है एवं छठ व्रत में 31 घाटों पर अस्थायी रूप पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था की जाती है। जलकल महाप्रबंधक आनन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जलकल के पास 56 टैंकर है, जिसमें 40 टैंकर छठ व्रत के स्थानों पर लगाये जायेंगे।

## पटाखा बाजार के लिए अग्निशमन का सर्वे

**कानपुर।** दीपावली के त्योहार पर पटाखा बाजार कहां लगना चाहिए, क्या मानक होंगे, इस पर अग्निशमन विभाग की टीमें सर्वे करके अपनी रिपोर्ट मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा को देंगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने दस टीमों का गठन किया है जिसमें मीरपुर, फायर, किदवई नगर फायर, फजलगंज फायर, जाजमऊ और कर्नलगंज फायर स्टेशन समेत शहर के विभिन्न फायर सब स्टेशनों की टीम को लगाया गया है।

शनिवार से इन टीमों में सर्वे का काम शुरू कर दिया है। कहां-कहां ग्राउंड, पार्क, मैदान हैं, जहां पटाखा की अस्थाई बाजार लग सकती है, इसकी रिपोर्ट तैयार करना शुरु कर दी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि पटाखा बाजार के लिए ऐसे स्थान का चयन किया जा रहा है, जहां ज्यादा आबादी न हो।

# 11 लाख रुपये की ठगी के सदमे में रेलवे कर्मचारी की हुई थी मौत

- पत्नी ने साइबर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में रहने वाले रेलवे कर्मी पंकज कृपलानी फरवरी 2024 में 11.76 लाख की साइबर ठगी के शिकार हो गए थे। पत्नी जया ने बताया कि इसका सदमा इतना लगा कि घर के पास सितंबर माह में तनाव के कारण ट्रक से एक्सीडेंट में जान चली गई। पत्नी ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी तीन बेटियां हैं, बैंक का कर्ज होने से परेशान हैं।

बर्रा 2 निवासी पंकज कृपलानी रेलवे लखनऊ में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। वह लखनऊ अप-डाउन करते थे। पत्नी ने बताया कि 26 फरवरी से लेकर 13 मई के बीच पति को शेयर ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने निवेश कराया। ठगों ने टेलीग्राम एप के माध्यम से एक ग्रुप में जोड़ लिया। रकम दोगुनी दिखा झांसे में लिया और निवेश कराते चले गए। आरोपियों ने पति से 11.76 लाख रुपये का निवेश करा लिया। ठगों ने छह लाख और जमा कराने का दबाव बनाया। इसके बाद ग्रुप से पति को बाहर करके अकाउंट ब्लॉक कर दिया। 11 सितंबर 2024 को वह काम से लौटे तो घर के पास ही सचान गेस्ट चौराहे से शास्त्री चौक के बीच में ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि जांच हो रही है।

## बालिकाओं को बताए कानूनी अधिकार

**कानपुर।** गुजैनी थाने में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटी रोमियो टीम ने गांव मेहरबान सिंह पुरवा के प्राइमरी विद्यालय में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। यहां नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन के विषय में हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 1098, 112, 181 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा यूपीकॉप एप से प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में महिला सशक्तिकरण अभियान व राज्य सरकार की संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# इरफान मामले की सुनवाई 27 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में हाजी इरफान सोलंकी व दो अन्य के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 482 के तहत राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीएमएम, कानपुर नगर और पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही के लिए कदम उठाने तथा विपक्षियों को पुनः नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। मामले को 27 नवंबर 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। याचिका में राज्य सरकार ने अपर मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (तृतीय) और एमपी/एमएलए कोर्ट, कानपुर नगर के आदेशों को चुनौती दी है। वर्ष 2017 में पुलिस स्टेशन कर्नलगंज, कानपुर नगर में आईपीसी व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की विभिन्न धाराओं के तहत उप निरीक्षक आनंद कुमार द्विवेदी ने दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया कि आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए चुनाव में लाभ प्राप्त करने की नीयत से तथा वोटरों को लुभाने के लिए समाजवादी पार्टी के बैनर पर विधायक हाजी इरफान सोलंकी व बंटी सेंगर, रोहित वर्मा उर्फ मोंटी, अध्यक्ष, युवजन सभा, सीसामऊ विधानसभा का फोटो लगाकर यह प्रदर्शित किया कि में दो हैंडपंप विधायक और उनके साथियों द्वारा लगवाए गए हैं।

**सत्संग- प्रवचन** श्रीराम ने मनुष्य का अवतार लेकर समाज में धर्म और आदर्श स्थापित किया

# वैश्विक सनातन का आधार वनवासी और वंचित

**रामकथा**

- जिसका कोई गुरु नहीं उसका जीवन समझो शुरु ही नहीं
- रामकथा में आचार्य ने माता शबरी, अहिल्या की प्रतीक्षा का किया वर्णन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कथा कहते शांतनु महाराज। अमृत विचार



प्रवचन सुनते सांसद देवेंद्र सिंह भोले, संयोजक संजीव जैन, आरएसएस प्रांत प्रचार श्रीराम व अन्य श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीराम ने मनुष्य अवतार लेकर धर्म व आदर्शों की स्थापना के लिए केवट, पक्षीराज जटायु, वानर, भालू की सहायता ली। इससे संकेत दिया कि सुदूर वनवासी, आदिवासी, वंचितों, शोषित, निर्धन व कमजोर वर्ग के समाज से जुड़कर वैश्विक सनातन का पुनर्निर्माण हो सकता है। केशवनगर स्थित कामर्शियल ग्राउंड पर रामकथा के समापन पर यह बात कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने कही।

सेवा भारती कानपुर प्रांत की ओर से आयोजित रामकथा में कथा शांतनु महाराज ने कहा कि प्रभु को पाने के लिए उन्हें दिल से पुकारो और भक्ति-भाव से प्रतीक्षा करो। जैसे माता शबरी, अहिल्या ने पूरे जीवन उनकी प्रतीक्षा की और आखिर में प्रभु ने उन्हें दर्शन दिए। हमारे मन में प्रभु के लिए ऐसी ही ललक व प्यास होनी चाहिए। यही कारण है कि जब प्रभु भारद्वाज मुनि के पास गए तो उन्होंने कहा कि मनोरथ पूर्ण हो गया। आचार्य ने गुरु महिमा पर कहा कि जिसका कोई गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं होता। आचार्य ने भरत चरित्र की कथा सुनाई तो भक्तों ने जय जयकार की। भरत साधना बताते हुए कहा कि उनकी कठिन साधना को देखकर साधु-संत भी उनके पास जाने में घबराते थे। पिता की मृत्यु व श्रीराम वन गमन का समाचार मिलने पर भरत विलाप करने लगे। माता कैकेई को बुरा भला कहा। सभा को फटकार लगाई। आखिर में कौशल्या माता के समझाने पर भरत शांत हुए। श्रीराम के आदेश पर उनकी पादुका सिर पर रखकर वापस अयोध्या आए। उसी पादुका को सिंहासन पर रखकर अयोध्या के राजकाज संभाला। सेवा भारती संस्कार प्रकल्प के बच्चों ने मंत्रोच्चार व देशभक्ति का गायन किया तो लोग झूम उठे। कथा के यजमान साकेत गुप्ता व रेखा गुप्ता रहीं। नीतू सिंह, डॉ. संतोष त्रिपाठी, राम भदावर ने आचार्य का माल्यार्पण किया। आरती रुचि मिश्रा ने की। सांसद देवेन्द्र सिंह भोले, रमेश अवस्थी, आरएसएस प्रांत प्रचारक रामजी, सेवा भारती प्रान्त संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह, कथा संयोजक संजीव जैन, भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, ब्रम्हानंद डिग्री कालेज के प्राचार्य विवेक द्विवेदी रहे।

## मथुरा लॉयंस और दुबई क्राउन में होगा खिताबी मुकाबला

**कानपुर।** श्रीमाथुर चतुर्वेदी सभा की ओर से आयोजित चतुर्वेदी टी-20 कप में शनिवार को खेले गए दो मुकाबलों में मथुरा लॉयंस ने कानपुर बुल्स और दुबई क्राउन ने मथुरा जीजीएन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। विजेताओं के बीच खिताबी मुकाबला रविवार को होगा। कानपुर साउथ मैदान पर खेले गए पहले मैच में कानपुर बुल्स ने 6 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में मथुरा लॉयंस ने छह विकेट खोकर मैच जीत लिया। मथुरा से सौरभ ने तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मुकाबले में मथुरा जीजीएन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाए। जवाब में दुबई क्राउन ने सागर के 74 रनों की मदद से 18.3 ओवर में 3 विकेट पर मैच जीत लिया। मैच का शुभारंभ संजीव पाठक और अजय मिश्रा ने किया। विशिष्ट अतिथि अनूप बाजपेई, नवीन, गिर्राज, सिद्धार्थ, मनोज, अनोखे, प्रशांत रहे। अब खिताबी मुकाबला मथुरा लॉयंस व दुबई क्राउन के बीच होगा।

## सार-संक्षेप



होम्योपैथी चिकित्सक मधुलिका शुक्ला को सम्मानित करतीं मंत्री अनुप्रिया पटेल।

### होम्योपैथी डॉक्टर मधुलिका शुक्ला सम्मानित

**कानपुर।** होम्योपैथी चिकित्सक डॉ.मधुलिका शुक्ला को चिकित्सा एवं शिक्षा से संबंधित सेमिनार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने सम्मानित किया। डॉ. मधुलिका होम्योपैथी पद्धति द्वारा बिना सर्जरी और इड इफेक्ट के रोगों को कम समय में ठीक कर देती हैं। वह विशेष रूप से महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देकर इलाज करती हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी प्रकार की समस्याओं को दूर करने के लिए समय-समय पर कैंपों का आयोजन करती हैं, जिसमें निम्न वर्ग की महिलाओं को निशुल्क जांच व चिकित्सा मिलती है।

### भारोत्तोलन में गुलामुद्दीन ने जीता स्वर्ण



गले में पदक डाले मो. गुलामुद्दीन।

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में पीपीएन कालेज के प्रथम वर्ष के छात्र मो. गुलामुद्दीन ने 67 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा में 9 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। गुलामुद्दीन ने स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा समेत कुल 200 किग्रा वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। पीपीएन कालेज के प्राचार्य प्रो. अनूप कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी। प्रो. सुशील कुमार शुक्ला और प्रो. सोहेल रजा मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता में शिवशक्ति आर्मी प्रमुख मधुराम शरण शिवा व अन्य पदाधिकारी।

### साहसी हिंदू युवाओं की हर मोहल्ले में टोली बनाएं

**कानपुर।** साहसी और संगठित हिंदू समाज की अब आवश्यकता है। हर मोहल्ले में हिंदू युवाओं की टोली बनाएं। हिंदू समाज जातिवाद व राजनेताओं की कठपुतली बना है। यह बात शनिवार को गैंजेस क्लब में प्रेसवार्ता में शिवशक्ति आर्मी प्रमुख मधुराम शरण शिवा ने कही। उन्होंने कहा कि जरूरी है कि हर हिंदू अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा, अपने समाज की सुरक्षा खुद करे। हर मोहल्ले में साहसी युवाओं की टोली बनाई जाए। जो हर चुनौती से निपटने में सक्षम हो। हिंदू समाज की बेटियां आत्मरक्षा करने में समर्थ हों और युवा सभी चुनौतियों का सामना करने को तैयार हों। शिवशक्ति आर्मी की ओर से श्री हनुमान मंदिर पनकी में 22 अक्टूबर को 21 जातियों के 30 साहसी युवा संन्यास वृत्ति धारण कर समरस हिंदू समाज को संगठित करने की शपथ लेंगे। महंत कालीचरण महाराज, महाकाल उज्जैन के रामेश्वर दास महाराज, महंत राजूदास महाराज हनुमान गढ़ी अयोध्याधाम, मदनगोपाल दास महाराज कामदगिरि प्रमुख चित्रकूटधाम, महंत कृष्णदास महाराज, शिवाकांत महाराज रहेंगे। राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, वीररस के कवि राम भदावर की उपस्थिति में हिंदू युवा हनुमत शक्ति का ध्यान कर शपथ लेंगे।




शपथ ग्रहण के दौरान माला पहने अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ.विकास मिश्रा व साथ में अन्य डॉक्टर।

### आईएमए की नवनिर्वाचित टीम ने ली शपथ

**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कानपुर शाखा में छह अक्टूबर को अध्यक्ष और सचिव पद के लिए चुनाव हुआ था, जिसमे आईएमए के सदस्यों ने डॉ.नंदिनी रस्तोगी को दोबारा अध्यक्ष बनाया। जबकि अपना सचिव जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में तैनात डॉ.विकास मिश्रा को सचिव चुना। शनिवार को अध्यक्ष व सचिव के साथ ही पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ली, जिसमे उपाध्यक्ष डॉ.चंद्रू निहलिनी, डॉ.आशीष कुमार शाह, डॉ.कुनाल सहाय, डॉ.अमित गौड़, संयुक्त सचिव के रूप में डॉ.क्षमा शुक्ला व डॉ.सौरभा लुथरा समेत 12 पदाधिकारियों और 18 सदस्य शामिल है।



सिग्नेचर ग्रीन सोसाइटी के पदाधिकारियों ने ली शपथ।

### प्रदेश की सबसे अच्छी सोसाइटी बनेगी सिग्रेनचर ग्रीन

**कानपुर।** केडीए सिग्नेचर ग्रीन फ्लैट आनर्स एसोसिएसन का शपथ कार्यक्रम शनिवार को सिग्नेचर परिसर के कम्युनिटी हाल में हुआ। पंकज पांडे ने अध्यक्ष, दिवाकर पटेल ने महामंत्री, शिव नारायण सिंह ने उपाध्यक्ष, विनय वर्धन ने उपाध्यक्ष, अर्चना साहू ने उपाध्यक्ष, राम मोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त मंत्री, सचिन मिश्र ने संयुक्त मंत्री, हेमा सिन्हा ने संयुक्त मंत्री, शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कोषाध्यक्ष और सभी ब्लाक प्रतिनिधियों ने शपथ ली। विधायक नीलिमा कटियार ने शपथ दिलवाने के साथ चुनाव अधिकारी मंडल आरसी गोयल , आरके सिंह , अरुण त्रिपाठी , बब्बू सिंह राजावत, अमर सिंह व डॉ. विपत्त कटियार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए। नीलिमा कटियार ने कहा कि वह सिग्नेचर परिवार के साथ है, उनकी जो भी समस्याएं होंगी, उनको दूर करवाने में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। इसको कानपुर ही नहीं प्रदेश की सबसे अच्छी सोसायटी बनाए जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निरंकार गोयल ने किया गया।

### स्टेट सीनियर महिला वॉलीबाल 23 अक्टूबर से

**कानपुर।** खेल निदेशालय की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष पर राज्य स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता 23 से 25 अक्टूबर के बीच चित्रकूट स्थित सोनेपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगी। इसके लिए जिला और मंडल स्तरीय ट्रायल और चयन ग्रीनपार्क स्टेडियम में किया गया।


आसमान से दर्शकों को सलामी देने के बाद एयरक्राफ्ट की आकृति बनाती एरोबैटिक टीम। अमृत विचार



सारंग एरोबैटिक टीम के सदस्य। अमृत विचार

# सारंग एरोबैटिक टीम ने हवाई करतबों से भरा रोमांच

## 5 हेलीकॉप्टरों से आसमान में हैरतअंगेज प्रदर्शन करके सशक्त भारत का दमखम दिखाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वायु सेना की सारंग एरोबैटिक डिस्प्ले टीम ने भारतीय वायु सेना की वर्षगांठ के जश्न को अपने हवाई करतबों से शानदार बना दिया। टीम ने अपने 5 हेलीकॉप्टरों के जरिए आसमान में डायमंड, डॉल्फिन और एयरोक्राफ्ट जैसी आकृतियां बनाने के साथ एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टीम ने आसमान में कई बार अपने हेलीकॉप्टर आपस में 10 मीटर दूरी पर उड़ाकर अचंभित कर दिया।

तमिलनाडु में कोयंबटूर के पास सुलूर वायु सेना स्टेशन से आई सारंग टीम का नेतृत्व ग्रुप कैप्टन संतोष कुमार मिश्रा कर रहे थे। टीम में शामिल महिला पायलट शिप्रादीप ने भी अपना फ्लाइंग कौशल दिखाया। टीम ने आसमान में हेलीकॉप्टर से इंडिया फार्मेशन, लूप, रोल, ओवर क्रॉस, ओवर क्रॉस ब्रिज, एरो हार्ट सिंक्रोनाइज्ड फॉर्मेशन दिखाकर खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान प्रदर्शन देखने जुटे स्कूली बच्चे 'भारत माता की जय' का उद्घोष कर उत्साह बढ़ाते रहे, तो देशभक्ति के गीत लोगों को राष्ट्र समर्पण के लिए प्रेरित करते रहे। सारंग टीम ने एयर शो में सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर भारत का दम दिखाया। टीम ने अपने प्रदर्शन से युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर चुनने के लिए प्रोत्साहित भी किया। सारंग एरोबेटिक डिस्पले टीम 5 हेलीकॉप्टरों के जरिए अब तक देश-विदेश में 386 स्थानों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। आयोजन में एयर कमोडोर शमशेर सिंह दलाल, ग्रुप कैप्टन एके जुनेजा, वायु सेना स्टेशन कानपुर के अलावा सैन्य बलों के वरिष्ठ अधिकारी और उनके परिवारीजन उपस्थित रहे।


हेलीकाप्टर के साथ माता- पिता की फोटो खींचते एयरफोर्स अधिकारी एस कुमार।


समारोह में हेलीकाप्टर के करतब देखने पहुंचे छात्रों के साथ एयरफोर्स के जवान।

### शहर में 'क्रास' का किया पहली बार प्रदर्शन

सारंग टीम की सदस्य पल्लवी तांग्वा ने बताया कि शहर में क्रास का प्रदर्शन पहली बार किया गया। इस दौरान 4 हेलीकॉप्टरों के आपस में क्रॉस करने के दौरान एक हेलीकॉप्टर को उनके बीच से निकाल कर दिखाया गया।

### वायुसेना की ब्रांड एंबेसडर है सारंग टीम

वर्ष 2003 में स्थापित सारंग टीम भारतीय वायु सेना के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करती है। ये दुनिया की अकेली 5 हेलीकाप्टर सैन्य प्रदर्शन टीम है। टीम ने अपने प्रदर्शन में एचएएल के स्वदेशी ध्रुव हेलीकाप्टरों को शामिल करके रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता का झंडा ऊंचा किया है।

### इस टीम ने किया प्रदर्शन

सारंग एरोबेटिक डिस्पले टीम में ग्रुप कैप्टन संतोष कुमार मिश्रा, स्कवाड्रन लीडर अक्षर, विंग कमांडर जनप्रिय, स्कवाड्रन लीडर सचिन, विंग कमांडर अविनाश, विंग कमांडर वीर, स्क्वान लीडर शिप्रादीप, गोकुल कृष्णन, बुद्धि सागर डूबरे व आकाश शामिल रहे।

### महिला पायलट ने भरा जज्बा

आसमान में अचंभित कर देने वाले हैरतअंगेज व शौर्य से भरपूर टीम में महिला पायलट भी शामिल रहीं। एयर शो में टीम में शामिल महिला पायलट शिप्रा दीप ने बताया कि उन्हें सेना की इस टीम का हिस्सा होने पर गर्व है। वे लगभग डेढ़ साल पहले इस टीम से जुड़ी है। अब तक वे 80 उड़ान भर चुकी है।

### अग्निवीर योजना से छात्रों को जोड़ा

एयरशो में वायुसेना की तरफ से अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए स्टाल लगाए गए। इन पर छात्रों को वायु सैनिकों ने योजना के फायदे और शामिल होने की प्रक्रिया के बारे में बताया।


एयर शो पहली बार देखा है। आसमान में हेलीकॉप्टर की कलाबाजियां देखकर रोंगटे खड़े हो गए। सेना की बहादुरी को सलाम। -अनीता भारद्वाज


मुझे ऐसे शो देखने का बहुत शौक है। सोशल मीडिया पर अक्सर देखती रहती हूं। पहली बार असल में हेलीकॉप्टरों को एक दूसरे के इतने नजदीक उड़ते हुए देखा। -आराध्या प्रसाद


इससे पहले मैंने एयरशो फाइटर प्लेन का देखा था। सारंग टीम का नाम बहुत सुना था। आज हेलीकॉप्टर का पहली बार एयरशो देखा। जबरदस्त रोमांच रहा। -नूतन सिंह


मै मुबई में जॉब करती हूं। एयरशो देखना मेरा पहला अनुभव है। डेट साइंटिस्ट के रूप में मेरे लिए यह सब सपने जैसा है। यह एयरशो हमेशा याद रहेगा। -मोनालीसा माइटी

# पत्थरों में हर पत्थर देवता नहीं होता साफ कितना पानी हो, आइना नहीं होता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टाक एक्सचेंज हॉल सिविल लाइंस में कवि एवं शोरा ने श्रोताओं की तालियां बटोरी
- श्रद्धेय हजूर साहेब की याद में सूफी संगीत, पूजन माल्यार्पण के बाद कवि सम्मेलन

**अमृत विचार।** पत्थरों में हर पत्थर देवता नहीं होता-साफ कितना पानी हो, आइना नहीं होता, मंजिलों को पाने में एक उम्र लगती है-एड़ियां उठाने से कद बड़ा नहीं होता। दिल्ली से आई अंतराष्ट्रीय शायरा डॉ. अना देहलवी के हर कलाम पर श्रोताओं की तालियां बजती रहीं।

शनिवार को श्रद्धेय हजूर साहेब की याद में साहेब स्मृति फाउंडेशन द्वारा स्टाक एक्सचेंज हॉल सिविल लाइंस में जश्ने मौजशाही के नाम से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया गया। शायर फारुक जायसी ने शेर पढ़ा कि तेरा चेहरा, तेरी जुल्फे, तेरी आंखें, तेरी याद-ये सभी मिलकर मेरी नींद उड़ाए हुए हैं। इसी तरह बंगलुरु से आए शायर शफीक आब्दी ने शेर पढ़ा कि मेरी दीवानगी पे मत जाओ-मेरी दीवानगी शऊरी है, उन्होंने ये शेर पेश करके श्रोताओं ने तालियां बटोरी। इससे पूर्व भजन के साथ ही सूफी संगीत से श्रोता मुग्ध हुए। पूजन एवं माल्यार्पण के बाद कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का शुभारंभ हुआ। मुंबई से आए शायर नदीम सिद्दीकी, लखनऊ के संजय मिश्रा, रायबेरली के नाज प्रतापगढ़ी, लखनऊ के मनीष शुक्ला, बाराबंकी के सगीर नूरी, पटियाला की मधु मधुमन, मुकेश आलम, भोपाल के डॉ. प्रार्थना पंडित, अलका मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, विनीता मिश्रा आदि ने अपने रचनाओं एवं कलाम से श्रोताओं की तालियां बटोरी। समिति अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, कार्यक्रम संरक्षक फारुक जायसी एवं डॉ. आदित्य पांडेयन ज्योतिषाचार्य ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। जेडी दीक्षित, रोहित माहेश्वरी, सुनील खत्री, संजीव शुक्ला, ऋषिकेश दीक्षित, सोरभ मदान, अंकुर दीक्षित, अभिषेक झा एवं हृदयेश मिश्रा ने सहयोग किया।


कवि सम्मेलन-मुशायरा में कलाम पेश करते शायर नदीम। अमृत विचार

## छात्रा से दुष्कर्म में 10 साल सजा

**कानपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी 41 श्रद्धा त्रिपाठी ने युवती को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के अभियुक्त को 10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 31 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की 75 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया है।

एडीजीसी जितेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि वादी ने नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री मार्च 2014 में बीए सेकेंड ईयर का पेपर देने उनके बहनोई के घर हंसपुरम नौबस्ता आई थी। 30 मार्च को उन्होंने बगैर किसी को बताए पुत्री के कहीं चले जाने की नौबस्ता थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद उन्हें पता चला कि नन्हके उर्फ प्रदीप निवासी दुर्गागंज बिलग्राम हरदोई व उसके चाचा रामदास ने आपराधिक कुचक्र रचते हुए बेटी को बहला-फुसलाकर नौबस्ता से ले गए हैं। नौबस्ता थाने में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।

# उद्यमी उदितपत सिंघानिया समेत 5 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पौत्र प्रनवपत सिंघानिया ने अदालत से ली मदद

**अमृत विचार।** प्रसिद्ध उद्यमी हेमंत पत सिंघानिया के पौत्र प्रनवपत सिंघानिया ने फजलगंज थाने में कोर्ट के जरिए चाचा शरदपत सिंघानिया, उनके बेटे उदितपत सिंघानिया, विदुषपत सिंघानिया और चाची मीनाक्षी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

राधाकुंज कालपी रोड निवासी प्रनवपत सिंघानिया ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उसके बाबा हेमंतपत अपने पिता राधाकिशन सिंघानिया के बाद बलदेव जी महाराज ट्रस्ट के चेयरमेन हुए थे। उसके चचेरे भाई उदितपत सिंघानिया और विदुषपत ने बाबा को धोखा देकर उनके जीते जी 7 अक्टूबर 13 को स्टैंडर्ड चार्टड बैंक शाखा न्यू फ्रेंडस कालोनी नई दिल्ली में बाबा के कूटरचित हस्ताक्षर बनाकर व केनरा बैंक शाखा न्यू फ्रेंडस कालोनी दिल्ली में बचत खाता खुलवाया था। दोनो लोगों ने बैंक अथॉरिटी को पत्र व्यवहार के लिए उदितपत सिंघानिया के ऑफिस के पते डी-501 ओमेक्स रायल रेजीडेंसी का प्रयोग करने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया था। बाबा को इन खातों की जानकारी न हो पाई। इनकी मां मीनाक्षी व पिता शरदपत सिंघानिया मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार करके बैंक में खाते खोले और बाबा हेमंतपत के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये इन खातों में लेकर स्थानान्तरित कर लिए हैं। एफआईआर में बताया कि उदितपत सिंघानिया व विदुषपत सिंघानिया ने बाबा के नाम से लिए गए करोड़ों रुपयों का वह भी हकदार था, जिसे आरोपियों ने कूटरचित खातों के माध्यम से हड़प लिया है। बाबा की मृत्यु 16 सितंबर 20 को हो गई। इसके बाद कई लोग जब दिए गए धन की वसूली के लिए आवास पर आने लगे, तब उसे धोखाधड़ी का पता चला।

तैयारी

मेहंदी लगवाने के लिए देर रात तक बाजारों में लगा रहा मेला, ज्वेलरी और साड़ी बाजार के साथ गिफ्ट की दुकानों में भी भीड़

# करवा चौथ आज, बाजार गुलजार, करोड़ों रुपये का हुआ कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखंड सौभाग्य की कामना के लिए रविवार को सुहागिनें करवा चौथ का व्रत रखेंगी। सौंदर्य प्रसाधन और ब्यूटी पार्लर की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ के बीच मेहंदी लगवाने के लिए देर रात तक बाजारों में मेला लगा रहा। करवा चौथ को लेकर बाजार में सभी सेक्टरों में भारी उछाल नजर आया। सर्राफा और साड़ी बाजार से लेकर, ऑटोमोबाइल सेक्टर, बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक बाजार, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, कपड़ा, मिठाई, होम डेकोरेशन, मोबाइल बाजार में भीड़भाड़ रही। बड़ी संख्या में लोग पटाखे खरीदते भी दिखे। करवा चौथ पर महिलाएं शिव-पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, चंद्रमा की पूजा करती हैं। छलनी में चांद का दीदार कर अर्घ्य चढ़ाकर व्रत खोलती हैं। पति का दीदार कर व्रत का पारण करती हैं। सोलह श्रृंगार के सामान के साथ सुहागिनों ने पूजा के लिए चांदी और मिट्टी का करवा भी खरीदा। नवीन मार्केट, पीरोड, गोविंद नगर, स्वरूप नगर, किदवई नगर, गुमटी में फुटपाथ पर लगे मेहंदी के स्टालों पर मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। 250 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक में मेहंदी महिलाओं ने लगवाई। नवविवाहिता व जिनका पहला करवाचौथ है, उन महिलाओं ने हाथ पर पति की तस्वीर भी बनवाई। सोने के डिजाइनिंग जेवरों के साथ महिलाओं ने टर्की व साउथ इंडियन डिजाइन में आकर्षक जेवर पसंद किए गए।


नवीन मार्केट में मेहंदी लगवातीं महिलाएं। अमृत विचार


ज्वैलरी शॉप में पूजा की थाली और करवा पसंद करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### मंदिरों में सामूहिक पूजा

करवाचौथ पर सनातन धर्म मंदिर कौशलपुरी, दुर्गा मंदिर गोविंदनगर, दबौली पार्क में महिलाएं सामूहिक पूजा करेंगी। गुमटी, स्वरूपनगर, आर्यनगर, सिविल लाइन, मालरोड क्षेत्र में महिलाएं अपार्टमेंट में सामूहिक पूजन करेंगी।

### भद्रा नहीं, न ही कोई प्रभाव

पंडित मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि भद्रा की शुरुआत करवाचौथ से एक दिन पहले 19 अक्टूबर की रात 8.18 बजे शुरू होगी। 20 अक्टूबर की सुबह 6.46 बजे भद्रा समाप्त हो जाएगी। 20 अक्टूबर को चतुर्थी तिथि का आरंभ सुबह 6.46 बजे होगा और चतुर्थी तिथि शुरू होते ही भद्रा समाप्त होगी। इसलिए करवाचौथ के व्रत और त्योहार पर भद्रा नहीं होगी।

## सार-संक्षेप

### प्रगति तिवारी को 51 लाख का पैकेज


प्रगति तिवारी।

**कानपुर।** एक्सिस कॉलेजेस कानपुर की बीटेक छात्रा प्रगति तिवारी का चयन माइक्रोसॉफ्ट में 51 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर हुआ है। प्रगति ने अपने चयन का श्रेय अपने कठिन परिश्रम, फैकल्टी के मार्गदर्शन और कॉलेज के शैक्षिक माहौल को दिया है। उन्होंने बताया यह सफलता एक्सिस कॉलेज के उन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का परिणाम है, जो ऑरेकल, सिस्को, ब्लू प्रिज्म, जुनिपर, पालो ऑल्टो, माइक्रोचिप और अमेज़न जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी में संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट जैसी अग्रणी कंपनी में नौकरी पाना उनका सपना था, जिसके लिए उन्होंने तकनीकी कौशल के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स पर भी ध्यान केंद्रित किया। एक्सिस कॉलेज के अध्यक्ष राज कुशवाहा ने प्रगति की इस उपलब्धि पर कहा कि यह सफलता उनके मेहनती छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।


प्रतीक चिह्न के साथ प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

### मैराथन प्रतियोगिता में अरुण और सौम्या बनी विजेता

**कानपुर।** किदवई नगर के ब्लॉक स्थित संत थॉमस स्कूल द्वारा शनिवार को क्लीन कानपुर फिट कानपुर की संकल्प के साथ बारहवी फादर रोल्फी मेमोरियल मिनी मैराथन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें शहर के 20 विद्यालयों के 200 धावकों ने चढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में अरुन यादव, कुनाल पाठक, हर्षित सिंह, शब्द त्रिपाठी, अमिताभ यादय बालक वर्ग में विजेता बने। इसी तरह बालिका वर्ग में दिव्या गुप्ता, सौम्या सिंह बौहान, पलक अवस्थी, दिशा यादव, दिव्यांशी यादव विजेता बनी।


डांडिया रास में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

### सोलो गरबा में रेखा और बेस्ट ड्रेस में निधि बनीं विजेता

**कानपुर।** मंदाकिनी रॉयल होटल में शनिवार को डांडिया रास का आयोजन हुआ। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें वहां उपस्थित महिलाओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सोलो गरबा में रेखा जैन व बेस्ट ड्रेस अप में निधि को विजेता घोषित किया गया।


चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### स्कूली बच्चों को बताया गया पर्यावरण बचाने का लाभ

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में शनिवार को सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव में छात्रों को आर्थिक, पर्यावरण और सामाजिक सामंजस्य स्थापित करने के तरीकों से रूबरू कराया गया। बच्चों को पर्यावरण बचाने के लाभ बताए गए। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। स्कूल में संयुक्त राष्ट्र की ओर से प्रस्तावित 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर केंद्रित कॉन्क्लेव में वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की कल्पना की गई। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संजीवनी शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व और सतत विकास लक्ष्य 2030 में शामिल वैश्विक उद्देश्यों को रेखांकित किया। विनोद मल्होत्रा ने मनुष्यों को प्रकृति और ब्रह्मांड के साथ सद्भाव में रहने की आवश्यकता के बारे में बताया। हरीश संदुजा ने कहा कि एसडीजी 17 वैश्विक लक्ष्यों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जो सतत विकास के तीन स्तंभों आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण से जटिल रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने छात्रों से सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए जिम्मेदार संरक्षक बनने का आग्रह किया। जयपुरिया सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव-2024' की अवधारणा स्कूल की प्रिंसिपल शिखा बनर्जी द्वारा प्रेरित की गई थी। कार्यक्रम में ब्लाइंड स्कूल के दिव्यांग छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। अंतर-स्कूल प्रतियोगिता में राज्य के 15 स्कूलों ने शिरकत की। कार्यक्रम में हेड मास्टर एमके मिश्रा, महाप्रबंधक शैलेन्द्र अग्निहोत्री मौजूद रहे।

### करोड़ों की कर अपवंचना का हो सकता है खुलासा

**कानपुर।** एसएनके पान मसाला समूह के खिलाफ सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग की कार्रवाई दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। दिल्ली, लखनऊ से आए अफसरों ने जांच के दौरान अभिलेखों को परखा। ग्रुप की ओर से दूसरे दिन भी भुगतान रुका रहा। शुक्रवार रात से पनकी के साइट नंबर वन स्थित फैक्टरी में अधिकारी डटे हैं। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार सुबह से चल रही कार्रवाई में करोड़ों की करअपवंचना का खुलासा हो सकता है। वहीं मुखौटा कंपनियां बनाकर खरीद-फरोख्त के साक्ष्य भी मिल सकते हैं। हालांकि अभी तक अधिकारिक तौर पर छापे को लेकर कोई बयान नहीं जारी किया गया है। सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग की दिल्ली, लखनऊ से आए 70 से अधिक अफसरों की आठ टीमों ने शुक्रवार सुबह सात बजे एसएनके पान मसाला के शहर में 11 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। पनकी स्थित कारोबारी की दो फैक्टियां, स्वरूप नगर में आवास के अलावा कारोबारी के भाई की पनकी में ही पान मसाला का रेपर तैयार करने वाली दो फैक्टियों पर भी कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा नजदीकी रिश्तेदार व कारोबार में सहयोगी के पांडु नगर स्थित आवास पर भी छापा मारा गया है। माल भेजने और लाने में सहयोग करने वाले ट्रांसपोर्टर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गोदाम सुपारी की सप्लाई करने वाले व्यापारी के किदवई नगर स्थित आवास समेत दो ठिकानों पर भी जांच हुई है। पनकी साइट नंबर वन बिजली घर के पास स्थित फैक्ट्री पर सभी टीमें पहुंची। यहां से माल तैयार करके बाजार में उतारा जाता है। शनिवार देर रात तक टीमें यहां छानबीन करती रहीं।

### करंट से चिपककर युवक की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र के डयोढ़ी घाट करनखेड़ा निवासी 25 वर्षीय गुरुप्रसाद करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। काशीराम अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# बीडीओ पर मनमानी का आरोप

## समाधान दिवस में आयी 99 शिकायतों में मात्र 1 शिकायत का हुआ निस्तारण

संवाददाता बिल्हौर



एसडीएम रश्मि लांबा को शिकायती पत्र देते ग्रामीण। अमृत विचार

- उपजिलाधिकारी की अगुवाई में सुनी गईं शिकायतें, ग्राम प्रधानों ने बीडीओ की शिकायत की

**अमृत विचार।** शनिवार को बिल्हौर विकासखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा की अगुवाई में फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 99 शिकायतों का पंजीकरण हुआ लेकिन निस्तारण के नाम पर सिर्फ 1 ही शिकायत का निस्तारण हो सका। ग्राम अर्जुनपुर के सुरजन सिंह, सिद्धन सिंह, सुरेश सिंह ,राहुल सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि किसानों ने तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर उप जिलाधिकारी से अन्ना मवेशियों पर लगाम लगवाने की अपील की है। 60 से 70 अन्ना पशु उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी उनकी शिकायतकर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार बिल्हौर ब्लाक के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने मनरेगा खंड विकास अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी की शिकायत करते हुए उन पर मनमानी का आरोप लगाया और जानबूझकर भुगतान न किए जाने की शिकायत की ।

इस मामले में विकासखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधान धीरेंद्र सिंह ,सुमन सिंह ,विमलेश कुमार, अनीता ,विकास समेत तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इसी प्रकार खजुरी खुर्द निवासी शशि पत्नी कमलेश ने बताया कि उनके पति कमलेश राजस्थान से घर आ रहा था लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई पता नहीं लग सका है ऐसे में उनके साथ कोई घटना न घट गई हो इसलिए पुलिस उनके पति की खोज करने में मदद करे। इसी प्रकार दुबियाना ग्राम पंचायत के विनोद कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वर्ष 2003 में उनका पट्टा किया गया था लेकिन गांव के सुरेश दुबे श्रीकांत दुबे, हिमांशु ,सुधांशु आदि दबंग प्रवृति के लोग उनके पट्टा की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे हैं कई बार स्थानीय लेखपाल को मामले की जानकारी दी लेकिन अभी तक उसमें कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। उप जिलाधिकारी से पीड़ित पक्ष ने उचित कार्रवाई की मांग की है समाधान दिवस के दौरान एसडीएम के साथ तहसीलदार तिमराज सिंह, खंड विकास अधिकारी शिव नरेश ,दिनेश कुमार वर्मा ,तहसीलदार सी पी राजपूत मौजूद रहे।

## इरफान सोलंकी के साथी पूर्व सभासद समेत पांच पर रिपोर्ट

**कानपुर।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र के पायनियर कंपाउंड निवासी महिला ने दर्ज एफआईआर में बताया कि । पति की मौत के बाद वह नगर निगम में मकान को नहीं चढ़वा पाई। सभासद भोलू उर्फ मुर्सलीम ने काम करवा देने पर अपनी एक मंजिल इस्तेमाल करने के लिए कहा। पूर्व विधायक इरफान सोलंकी का गुर्गा होने के कारण वह धीरे-धीरे अपने साथियों के साथ मकान पर कब्जा करता चला गया। फिर उनके मकान से ही उन्हें रहने के लिए 20 लाख की रंगदारी मांगने लगा। आरोप है, कि सभासद और अन्य आरोपियों ने बेटियों से छेड़छाड़ के साथ धमकाना शुरू कर दिया। कर्नलगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर सभासद भोलू उर्फ मुर्सलीम, आजम, इकराम, रॉकी, शबनम बानो के खिलाफ छेड़छाड़, रंगदारी, धमकाने और अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बर्थ-डे पार्टी से लौट रहे युवक को पीटा परिजनों पर दबंगों ने किया पथराव

संवाददाता बिधनू

- बिधनू में देर शाम वारदात पुलिस टीम से गाली-गलौज

**अमृत विचार।** एक जन्मदिन की पार्टी से कुछ सामान लेकर घर जा रहे युवक को कुछ दबंगों ने रोककर मारपीट कर दी, जब उसके परिजन दबंगों के घर उलाहना देने गये तो दबंगों ने घर की छत से चढ़कर उनपर पथराव कर दिया। पथराव के चलते 4 लोग घायल हो गये। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।



घायल युवक

मनोहर विहार निवासी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार रात उनकी नातिन आराध्या का एक गेस्ट हाउस में जन्मदिन समारोह था। देर रात उनका भतीजा उत्कर्ष कुछ सामान लेकर घर जा रहा था। कुछ दूरी पर कुलदीप पांडेय के घर पर किराए पर रहने वाले कृष्णा व राज ने उसे रोककर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसकी पिटाई कर दी। जिसपर उत्कर्ष ने गेस्ट हाउस पर आकर जानकारी दी। जानकारी होने पर वह भाई अनिल, विभोर, बेटे प्रखर, पीयूष व भांजे मनीष द्विवेदी के साथ कुलदीप के दरवाजे पर शिकायत करने पहुंचे। जहां छत पर खड़े कुलदीप संग कृष्णा व राज ने गाली गलौज करते हुए घर की महिलाओं संग पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से सतीश, अनिल, पीयूष व मनीष घायल हो गए। जिसपर सभी मौके से भागने लगे। इस बीच आरोपितों ने मनीष को पकड़कर ईंट पत्थर मारकर लहूलुहान कर दिया। सभी आरोपित बीच सड़क पर मनीष को मरणासन्न करके घर में घुस गए। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपित दरवाजा बंदकर छत पर चढ़ गए और महिलाओं समेत पुलिस से भी गाली गलौज करने लगे। कुछ देर बाद पुलिस उल्टे पांव लौट गई। पुलिस ने परिजनों की मदद से घायलों को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बादसभी घायलों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने मनीष की हालत नाजुक देख नौबस्ता स्थित नर्सिंगहोम में भर्ती करा दिया। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

संवाददाता बिधनू



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पैदल जा रहे एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए उसे बिधनू सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बिधनू थानाक्षेत्र अंतर्गत कठेरूवा गांव निवासी वृद्ध शिवराम पासवान (65)पैदल जा रहे थे। वह जैसे ही क्षत्रिय पैलेस के पास पहुंचा तभी कानपुर की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने शिवराम को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल करते हुए परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने वृद्ध को बिधनू सीएचसी पहुंचाया।

वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही बिधनू पुलिस ने वृद्ध के शव का पंचनाम करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### सड़क दुर्घटना में फैक्ट्री कर्मी की गई जान

**महाराजपुर।** महाराजपुर के रूमा में शनिवार देर शाम हाईवे पार करते समय रहनस निवासी फैक्ट्रीकर्मी रामबहादुर सिंह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर उन्हें कांशीराम अस्पताल रामादेवी ले पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामबहादुर रूमा स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे। शाम को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वो घर वापस लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। रामबहादु की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## धर्म के काम में लगा धन, धन्य हो जाता : चन्द्रदास

**बिधनू।** धर्म के काम में लगा धन धन्य हो जाता। जबकि व्यसनों में धन खर्च करने से लक्ष्मी-नारायण रुष्ट हो जाते हैं। यह बात मलूकपीठाधीश्वर राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज के शिष्य कथावाचक चन्द्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने कही। कथा सुनने के लिये लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही। कथा के बाद महाआरती का आयोजन हुआ इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया।

बिधनू कठारा गजापुर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चन्द्रेश महाराज ने कथा के प्रसंग में प्रभु की रासलीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जीव और परमात्मा के मिलन को महारास कहते हैं। प्रभु की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रासलीला है। रास के माध्यम से प्रभु की सच्ची प्रीत की जा सकती है।

# चोरों ने दो विद्यालयों को बनाया निशाना

संवाददाता घाटमपुर

- जहांगीराबाद के राजकीय व परिषदीय विद्यालय मों चोरों ने बोला धावा
- विद्यालय में रखे बर्तन और खाद्यान्न सामग्री सहित 25000 रुपये किए पार

**अमृत विचार।** घाटमपुर के जहांगीराबाद स्थित राजकीय व परिषदीय विद्यालयों का विगत रात चोरों ने ताला तोड़कर विद्यालय में रखी खाद्यान्न सामग्री व खाना बनाने वाले बर्तन , सीलिंग फैन समेत वहां पर रखे 25000 हजार रुपये भी ले गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जब विद्यालय खोलने पहुंचे तो ताला टूटा हुआ देखकर व सामान गायब देख उनके होश उड़ गए। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया।

घाटमपुर के जहांगीराबाद स्थित राजकीय व परिषदीय विद्यालयों में चोरों ने रात में घुसकर जमकर उत्पात मचाया रात में ताला तोड़कर विद्यालय में घुसे चोरों ने विद्यालय में रखी खाद्यान्न सामग्री व खाना बनाने वाले बर्तन , सीलिंग फैन और अन्य सामान के साथ साथ वहां पर रखे 25000 हजार रुपये नकद भी ले गए। सुबह जब प्रधानाध्यापक मुमताज अली विद्यालय पहुंचे तो ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गये। जब वे अंदर गये तो उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है और विद्यालय का तमाम सामान चोरी हो गया। प्रधानाध्यापक ने तत्काल घाटमपुर थाना पहुंचकर चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की । प्रधानाध्यापक ने बताया कि चोरों ने 16 व 17 अक्टूबर की मध्य रात में घटना को अंजाम दिया है। जब वह विद्यालय पहुंचे तो उन्हें किचन व स्टोर रूम के ताले टूटे मिले।

## सार-संक्षेप

### पैर फिसलने से मिक्सर में गिरा युवक पिसा

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री में नाइट डयूटी के दौरान पैर फिसलने से एक युवक मिक्सर मशीन में गिर गया। वह कुछ देर शोर मचाता रहा फिर सांसें थम गई। पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के सामने कड़ी मशक्कत कर करीब 4 .30 घंटे बाद शव बाहर निकलवाया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा काटा। फैक्ट्री मालिक के मुआवजे के आश्वासन के बाद शांत हुए। परिजनों का कहना था कि मशीन के अंदर लगे ब्लेडों में शरीर पिस गया। कानपुर देहात के थाना डेरापुर के ग्राम बिजाहरा निवासी मुन्नालाल का 24 वर्षीय पुत्र नागेंद्र गुप्ता गोविंद नगर थानाक्षेत्र में स्थित दादानगर में फैक्ट्री नंबर एच 23 साइड़ में मोल्डिंग मिक्सर मशीन में प्लास्टिक का दाना बनाने का काम करता था। परिजनों का कहना था कि नागेंद्र नाइट डयूटी पर था। रात ढाई बजे वह मोल्डिंग मशीन में दाना बनाना के लिए मेटेरियल डाल रहा था इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से मशीन के अंदर चला गया। काफी देर तक वह मदद के लिए चीखता चिल्लाता रहा लेकिन साथी कर्मचारी मदद नहीं कर सके। पिता का कहना था कि करीब 4 बजे सूचना प्राप्त हुई कि फैक्ट्री में हादसा हुआ है, जिसमें उनके बेटे की मौत हो गई है।



नागेंद्र कुमार।

### सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी से 83.44 लाख रुपये की ठगी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के कृष्णा विहार आवास विकास निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी दिनेश सिंह भदौरिया से साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 83 .44 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर साइबर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित दिनेश भदौरिया ने साइबर सेल को बताया कि उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। इसमें ट्रेडिंग कर निवेश के संबंध में जानकारी सलाह देने की बात कही। एक लिंक दिया गया जिस पर क्लिक कर वह ग्रुप में जुड़ गए। एक हफ्ते तक ग्रुप में जुड़े लोगों का स्कोर देखा। झांसे में आने के कारण 25 सितंबर से 10 अक्तूबर के बीच 83 .44 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। निवेश की गई रकम मुनाफे के साथ साइट पर दिखनी लगी। अपना रुपये मांगा तो साइबर ठग रिजर्व फंड के नाम पर 20 लाख रुपये की मांग की। इसी प्रकार ठगों ने दादानगर के लेबर कालोनी निवासी प्राइवेट कर्मी शुभम शुक्ला से 4 .83 लाख की ठगी कर ली। शुभम ने बताया कि कंपनी में निवेश कर महज 25 मिनट में मुनाफा कमाने की बात कहीं गई थी। शुभम ने पहले दो हजार रुपये लगाए, जिसके एवज में उन्हें 2800 रुपये मिल गए। इसके बाद उन्होंने कई बार में 4 .83 लाख रुयये ट्रांसफर कर दिए। आरोप है कि जालसाजों ने दोगुने रुपये वापस करने के एवज में उनसे 5 .85 लाख रुपये की मांग की गई। रुपये न जमा करने पर जालसाजों ने ग्रुप से हटाते हुए उनका फोन उठाना भी बंद कर दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी प्रकार बर्रा विश्वबैंक निवासी जान सिंह कुशवाहा से जालसाजों ने पर्सलन लोन का ऑफर देकर उनके खाते से 8 .71 लाख रुपये पार कर दिए। 4 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने पर्सनल लोन का ऑफर दिया। मना करने पर भी जालसाजों ने 7 .33 का पर्सनल लोन कर महज 10 मिनट में तीन बार में 8 .71 लाख रुपये पार कर दिए।

### बैंक मैनेजर के घर से 20 लाख का माल पार

**कानपुर।** अमृत विचार। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के तुलसी विहार में चोरों ने बैंक मैनेजर के घर दिनदहाड़े ताला तोड़कर जेवर नकदी समेत 20 लाख का माल पार कर दिया। शाम को घर पहुंचने पर उन्होंने कमरे के ताले टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए। उन्होने मामले की सूचना पुलिस को दी। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने फोर्स व फारेंसिक टीम के साथ पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। वहीं सीसीटीवी में एक चोर घर का मेन गेट फांदता हुआ दिख रहा है। तुलसी विहार निवासी प्रतीक वर्मा ने बताया कि वह पनकी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत है। वह मां पुष्पा व पत्नी नेहा के साथ रहते है। जबकि पिता शशिभूषण वाराणसी में रहते है। रोजाना की तरह मां किदवई नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने पालीटेक्निक और वह बैंक चले गए। दोपहर में मां स्कूल से लौटी और मेनगेट का ताला खोला तो उनके होश उड़ गए। अंदर के कमरों के ताले टूटे हुए थे। अलमारी में देखा तो उसमें रखा करीब 20 लाख का जेवर व 50 हजार की नकदी गायब थी। जिस पर उन्होंने फोन कर पूरी बात बेटे व वह क बतायी। जिस पर मामले की सूचना पुलिस को दी। वहीं घर के बाहर लगे सीसीटीवी में एक युवक मेनगेट फांदते हुए नजर आ रहा है।

### जमीअत उलमा ने असम में 50 लाख की नागरिकता बचाई

**कानपुर।** सुप्रीमकोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर जमीअत उलमा हिंद के कार्यवाहक प्रदेश महामंत्री एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कूद्दूस हादी ने कहा है कि जमीअत की कोशिशें रंग लाई जिसका नतीजा है कि असम के 50 लाख मुसलमानों की नागरिकता बच गई।

# ओवरब्रिज को लेकर एनएचएआई सख्त

संवाददाता घाटमपुर

- संयुक्त टीम की जांच में दरार की हुई थी पुष्टि, शुरू कराया गया दरारों की मरम्मत का कार्य

**अमृत विचार।** घाटमपुर के ओवरब्रिज के स्लैब में बीते दिनों दरार पड़ गई थी, जब उसकी जानकारी लोगों को हुई तो हड़कंप मच गया। खबर को संज्ञान लेकर एनएचएआई व पीएनसी की संयुक्त टीम ने बीते दिनों ओवरब्रिज का निरीक्षण कर दरार(हेयर क्रेक) होने की पुष्टि हुईं थी।और रिपोर्ट एनएचएआई के डायरेक्टर को सौंपी गईं थी। एनएचएआई की सख्ती के बाद पीएनसी ने अपनी गलती स्वीकार की थी और दरारों की मरम्मत का कार्य कराने को कहा था।

वहीं अब पीएनसी ने ओवरब्रिज में आई दरारों का मरम्मत का काम शुरू कराया है। एनएचएआई के रिडेनट इंजीनियर उमेश कुमार ने बताया की ओवरब्रिज में आई दरारों का मरम्मत कार्य पीएनसी के द्वारा कराया जा रहा है। कार्य पूरा होने के बाद एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंचकर ओवरब्रिज की जांच करेगी। इसके बाद से ओवरब्रिज की लगातार निगरानी रखी जायेगी। मौरंग की खदान खुलने के बाद से कानपुर सागर हाईवे पर मौरंग व गिट्टी के ओवर लोड भारी वाहनों का दबाव बढ़ेगा। इन वाहनों पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं जिसका खामियाजा हाईवे को उठाना पड़ता है। पीएनसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक कानपुर -सागर हाईवे पर क्षमता से लगभग 10 गुना ज्यादा वाहनों का दबाव है।

## विवाहिता की हत्या में पति और ससुर गिरफ्तार

**कानपुर।** डब्ल्यू ब्लॉक साकेतनगर में मंगलवार को जहरीला पदार्थ निगलने वाली विवाहिता लिटिल के पति उदय मिश्रा और ससुर दुर्गेश को शनिवार को किदवईनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में पहले सास की गिरफ्तारी हो चुकी है। विवाहिता के भाई विवेक की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## छात्र का मोबाइल हुआ चोरी

**कल्याणपुर।** कन्नौज के विष्णूगढ़ निवासी रौनक बाबू इंदिरा नगर स्थित राजकीय बालक छात्रावास में अध्यनरत है। रौनक के मुताबिक शनिवार सुबह खिड़की पर रखा मोबाइल चोरी हो गया। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया छात्रावास में लगे कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# नंगा कर पीटा, पैर पर थूक कर चटवाया

संवाददाता, कल्याणपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र की घटना आरोपियों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में लेनदेन को लेकर दबंगों ने एक युवक को बेरहमी से पीट उसे नंगा कर पैर पर थूक कर चटवाया। घटना का वीडियो भी बनाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित युवक ने दबंगों के खिलाफ पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पनकी के गगागंज निवासी युवक के अनुसार इलाके में रहने वाले शोभित पाल को उसने पंकज दुबे से 20 हजार रुपए उधार दिलवाए थे। जो तयशुदा समय के बाद भी शोभित ने पंकज को नहीं लौटाए। जिसपर पीड़ित युवक ने रकम की गारंटी लेने का हवाला देते हुए जब शोभित से रुपए मांगे, तो वह टालमटोल करने लगा। आरोप है कि गत 16 अक्टूबर को उधार की रकम मांगने पर शोभित ने अपने साथी सूरज मिश्रा, सोमू शर्मा व मंगल सिंह के साथ मिलकर युवक को पीट दिया। इतना ही नहीं युवक से थूक कर चटवाने का भी आरोप है। हालांकि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस की प्राथमिक जांच में लेनदेन को लेकर मारपीट होने की बात सामने आई है। इस मामले में पुलिस आरोपित सूरज मिश्रा के भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी सूरज मिश्रा अवैध तमंचे के साथ पहले भी पकड़ा जा चुका है।वह एक शातिर अपराधी है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मारपीट होने की बात सामने आई है। मामले की पूरी तरह जांच कर आगे की कर्रवाई की जाएगी।

## बैक करते समय ट्रक से कुचला था पेट्रोल पंप पर युवक

**कानपुर।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र के बंद पड़े पेट्रोल पंप पर मंगलवार जिस फास्ट फूड विक्रेता का रक्तरंजित शव बरामद हुआ था, उसकी हत्या नहीं हुई थी बल्कि वह हादसे का शिकार हुआ। जो ट्रक बैक होते समय उसकी चपेट में आ गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बगाही भट्टा निवासी संतोष साहू फास्टफूड की दुकान लगाते थे। सोमवार रात करीब दस बजे वह घर से निकले थे और अगले दिन सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उनका रक्तरंजित शव बंद पड़े पेट्रोल पंप पर मिला था। मृतक की पत्नी ने संजू देवी ने पति की हत्या किए जाने की आंशका जाहिर की थी। वहीं जांच में जुटी बाबूपुरवा पुलिस ने कैमरों की पड़ताल की तो पता चला कि एक ट्रक चालक ने वाहन बैक करते समय संतोष को टक्कर मार दी। सिर पर चोट लगने और अधिक खून बह जाने से उनकी मौत हो गई।

**संस्कारों पर जोर** घाटमपुर के शक्ति डिग्री कॉलेज में जगद्गुरु शंकराचार्य जी व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

# जगद्गुरु शंकराचार्य ने जगाई थी धर्म के प्रति अलख

संवाददाता घाटमपुर




कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता। अमृत विचार



मौजूद छात्र-छात्राएं व अतिथि। अमृत विचार

- आयोजन में पहुंचे शिक्षाविदों ने शंकराचार्य की जीवनी पर डाला प्रकाश

**अमृत विचार।** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज शाखाहारी में भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और विद्या भारती उच्च शिक्षा के सहयोग से जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी पर संबंधित व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

व्याख्यान माला में आए शिक्षाविदों ने कहा कि जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जी ने अपनी अल्प आयु में ही राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। आज सनातन धर्म की जो मजबूत स्थित है उसका पूरा श्रेय श्री शंकराचार्य जी को ही जाता है। उन्होंने ही सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करते हुए इसको एक नई ऊर्जा प्रदान की है। तथा सामाजिक भेदभाव को दूर करते हुए सभी राष्ट्रवासियों को सांस्कृतिक आध्यात्मिक और आर्थिक रूप से भी एक नई मजबूती प्रदान की है तथा सामाजिक भेदभाव को दूर करते हुए सभी राष्ट्रवासियों को संस्कृति आध्यात्मिक और आर्थिक रूप से भी एक नई मजबूती प्रदान की है और देशवाशियों में धर्म के प्रति अलख जगाई थी। कॉलेज के प्रबंधक व उत्तर प्रदेश स्वापोषित महाविद्यालय संगठन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने महिलाओं के सम्मान और उनके समाज में योगदान को अतुलनीय बताते हुए कहा की शक्ति के बिना शिव भी शव है। बिना शक्ति के सृष्टि में कुछ भी नहीं हो सकता है। मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे पीपीएन कॉलेज कानपुर के प्रोफेसर लक्ष्मीकांत पांडे ने कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य भारती मेघा के प्रतिनिधि थे। उन्होंने भारत की विलुप्त हो रही वैदिक ज्ञान की परंपरा को ही पुनर्स्थापित नहीं किया बल्कि वह आध्यात्मिक चेतना और संस्कृति की एकीकरण के भी अग्रदूत थे। प्रचार्य एवं प्रोफेसर के अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।




सीओ सदर को धकिया कर पोस्टमार्टम हाउस से शव खींच लाई थी भीड़। फाइल फोटो।


गुस्साए लोग पोस्टमार्टम हाउस से शव बाहर निकालकर ले गए थे। फाइल फोटो।


पोस्टमार्टम हाउस के गेट का ताला ईंट से तोड़ने का प्रयास किया गया था। फाइल फोटो।


बलवंत के हाथ में लगा था वीगो। फाइल फोटो

# शरीर पर 32 जख्मों से सामने आई बर्बरता

## वीडियोग्राफी के साथ तीन डॉक्टरों के पैनल से कराया गया था पोस्टमार्टम, बेरहमी से पिटाई में पूरा शरीर नीला पड़ा था

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लूट के शक में उठाए गए व्यापारी बलवंत सिंह की पुलिस कस्टडी में पिटाई से मौत के बाद परिवार वालों को स्थानीय प्रशासन पर भरोसा नहीं था। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कानपुर नगर में कराने की मांग की थी, जिस पर वीडियोग्राफी के साथ तीन डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमॉर्टम किया था। पोस्टमार्टम में शरीर पर 32 से अधिक चोटों के निशान मिले थे, जो बर्बरता की दास्तां बयां कर रहे थे।


बलवंत सिंह।

पिटाई से बलवंत सिंह का पूरा शरीर नीला पड़ गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस बलवंत की दोनों कलाइयों में रस्सी बांधकर पूछताछ कर रही थी। उसकी दोनों कलाइयों में रस्सी से बांधने के गंभीर घाव के निशान मिले थे। पुलिस ने बलवंत के तलवों से लेकर घुटनों तक बेरहमी से पिटाई की थी। घुटनों पर इतनी लाठियां बरसाई थीं कि खाल तक उधड़ गई थी। कमर के निचले हिस्से और पीठ में बेरहमी से पीटा गया था, जिससे बलवंत की मौत होने की बात सामने आई थी। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद बिसरा भी सुरक्षित किया गया था।


सन्नाटे के बीच जिला अस्पताल से शव ले गई थी पुलिस। फाइल फोटो।

### हाईकोर्ट में अपील करेगा वादी पक्ष

- वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य हैं। कोर्ट ने किस आधार पर बाकी आरोपियों को दोष मुक्त किया है और दो आरोपियों को दोषी माना है, इस संबंध में कोर्ट का आदेश देखने के बाद ही कोई टिप्पणी करेंगे। वादी अंगद सिंह ने निर्णय पर निराशा जताते हुए कहा कि वह उच्च न्यायालय में अपील करेंगे।


जितेंद्र प्रताप सिंह।

### अभियोजन की ओर से पेश किए गए थे कुल 8 गवाह

- सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार कटियार ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से वादी अंगद सिंह सहित बलवीर सिंह, गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह, रामजी, जिला अस्पताल के डॉक्टर निशांत पाठक, पोस्टमार्टम पैनल के डॉक्टर दीपेंद्र उत्तम, प्रथम विवेचक शैलेंद्र कुमार मिश्रा, मुख्य विवेचक शिवप्रताप सिंह की कोर्ट में गवाही कराई गई थी।

### तर्कों के आधार पर दोष मुक्त किए गए आरोपी

- दोष मुक्त हुए आरोपी प्रशांत पांडेय और सोनू यादव की ओर से नि:शुल्क पैरवी कर रहे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ डिफेंस काउंसिल संजय कुमार शुक्ला ने अदालत के फैसले पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि अदालत ने बचाव पक्ष के तर्कों और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्दोष व्यक्तियों को दोष मुक्त होने का फैसला सुनाया है, जो बहुत ही सराहनीय है।

## सुनवाई में 5 आरोपियों की मंजूर हो गई थी जमानत

**कानपुर देहात।** बलवंत हत्याकांड के मामले में दौरान सुनवाई जेल में निरुद्ध आठ आरोपियों में से एसओजी प्रभारी सहित चार आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत मंजूर हो गई थी। वहीं एक आरोपी सिपाही विनोद कुमार की द्वितीय जमानत अर्जी को यहीं से अदालत ने शर्तों के साथ मंजूर कर ली थी।

घटना के बाद मामले में एसआईटी जांच होने पर एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके साथ ही उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में आरोपपत्र अदालत में पेश किए गए थे। दौरान मामले में सबसे पहले आरोपी सिपाही विनोद कुमार की ओर से बचाव पक्ष द्वारा पेश की गई। द्वितीय जमानत अर्जी को जुलाई में अदालत ने मंजूर कर ली थी।

वहीं सितंबर माह में हाईकोर्ट के आदेश पर तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह व मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश पांडेय को जेल से रिहाई मिली थी। इसके साथ ही विगत दिनों दो आरोपियों तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व सिपाही प्रशांत कुमार पांडेय की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें शर्तों सहित जमानत याचिका मंजूर कर राहत दे दी थी।


ज्ञानप्रकाश पांडेय।


राजेश सिंह।

- महि एसओजी प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मियों को हाईकोर्ट से मिली थी जमानत

## गुस्साई भीड़ ने सीओ को धकिया निकाला था शव

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** पुलिस हिरासत में पिटाई से व्यापारी बलवंत सिंह की मौत को लेकर खासा गुस्सा भड़का था। परिवार वालों ने इस कदर गुस्सा था कि उन्होंने अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस के अंदर रखे शव को निकालने के लिए ताला तोड़ने का प्रयास किया। ताला खुलने पर भीड़ शव निकालकर ले जाने लगी थी। तत्कालीन सीओ सदर प्रभात कुमार को धकिया कर भीड़ शव बाहर निकाल लाई थी।

लूट के मामले में पूछताछ के दौरान पिटाई से बलवंत सिंह की मौत पर पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए थे। उन्होंने परिजनों को बिना सूचना दिए ही पूरे घटनाक्रम का पटाक्षेप करने का प्रयास किया, जिससे हालात और बिगड़ गए थे। पुलिस कर्मी जिला अस्पताल से व्यापारी के शव को सरकारी कार में रखकर पोस्टमार्टम ले गए और कमरे में रखवाकर बाहर से ताला बंद कर दिया था। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन शव दिखाने की मांग करने लगे, जिसे मौके पर मौजूद सीओ समेत अन्य अफसरों ने नजरअंदाज कर दिया था।

इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया था और गुस्साई भीड़ ने ईंट-पत्थर लेकर पोस्टमार्टम हाउस के गेट पर लगा ताला तोड़ने का प्रयास किया था। पुलिस कर्मियों ने आक्रोशित परिजनों को रोककर पोस्टमार्टम हाउस का ताला खुलवाया तो भीड़ पोस्टमार्टम हाउस में घुस गई और शव को बाहर निकालने लगी। इस पर तत्कालीन सीओ सदर प्रभात कुमार ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो भीड़ ने उन्हें धकिया दिया था और शव को सड़क पर रखकर हंगामा करने लगे थे।

### एडीजी ने घटना पर जताया था खेद

रनियां थाने में पुलिस पिटाई से मृत व्यापारी बलवंत की मौत के बाद तत्कालीन एडीजी भानु भाष्कर व आईजी प्रशांत कुमार ने मृत व्यापारी घर पहुंच घटना पर पुलिस विभाग की ओर से खेद व्यक्त किया था। एडीजी ने कहा था कि मासूम की दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से मौत हुई है। जिसके संबंध में एसपी कन्नौज जांच कर रहे हैं।

## पुलिस की कहानी में झोल ही झोल दिखा

**कानपुर देहात।** व्यापारी बलवंत सिंह की मौत के मामले में पुलिस की कहानी में झोल ही झोल थे। उस दौरान तत्कालीन एसपी सुनीति ने बयान में बताया था कि बलवंत को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिस पर बलवंत खुद थाने गया था। रात में उसने सीने में दर्द होने की बात कही तो अस्पताल ले जाया गया, वहां मौत हो गई थी।

जबकि परिजनों का कहना था कि बलवंत पारिवारिक भाई गुड्डू के साथ रनियां स्थित मिल से चोकर लेकर आ रहा था। इसी दौरान एसओजी व पुलिस कर्मियों उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर रनियां थाने ले गए। गुड्डू ने गांव पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी थी। जब परिवार वाले मौके पर गए तो बलवंत को पुलिस कर्मी पीट रहे थे। मना करने पर परिजनों को पुलिस ने वहां से भगा दिया था। बाद में उन्हें पिटाई से बलवंत सिंह की मौत होने की जानकारी मिली थी।


नीला पड़ गया था बलवंत का शरीर।

### ये पुलिस कर्मी हुए थे निलंबित

शिवली कोतवाली के इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह, एसआई संपत सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, हेड कांस्टेबल सोनू यादव, हेड कांस्टेबल अनूप कुमार, हेड कांस्टेबल दुर्गेश कुमार व आरक्षी जय कुमार निलंबित किए गए थे।

### लूट के वादी चाचा ने बलवंत सिंह को बताया था निर्दोष

- लूट के शिकार चंद्रभान का बलवंत सिंह पारिवारिक भतीजा था। बलवंत के पुलिस हिरासत में लिए जाने की जानकारी पर चंद्रभान ने उस दौरान मैथा चौकी जाकर उसके घटना में शामिल नहीं होने की बात कही थी। इसके बाद भी पुलिस ने उसे नहीं छोड़ा और अमानवीय तरीके से पिटाई करती रही, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में मौत हो गई थी।

### महिलाओं ने डीएम-एसपी का किया था घेराव

- बलवंत की हिरासत में पिटाई से मौत को लेकर लोगों में खासा आक्रोश था। तत्कालीन डीएम नेहा जैन, एसपी सुनीति के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी थी। वहीं चार लाख रुपये की चेक देने पर लोगों ने कम मुआवजा देने की बात कहते हुए नारेबाजी कर दी थी। इसी बीच बलवंत के परिवार की कई महिलाएं डीएम व एसपी से जाकर उलझ गई थीं। अधिकारियों को भीड़ में घिरा देख पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला था।


लालपुर सरैया में परिजनों को सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने समझाया था। फाइल फोटो।

## सांसद के समझाने पर अंतिम संस्कार को राजी हुए थे परिजन

**कानपुर देहात।** बलवंत सिंह का शव कानपुर से सरैयां लालपुर आया था। इसके बाद पत्नी शालिनी, चाचा अंगद सिंह, पिता मुन्ना सिंह समेत परिजनों ने दोषी पुलिस कर्मियों की 24 घंटे में गिरफ्तारी, सीएम योगी आदित्यनाथ को मौके पर बुलाने, एक करोड़ रुपये मुआवजा, पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग पूरी होने न तक अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, तत्कालीन डीएम नेहा जैन, एसपी सुनीति ने परिजनों से बंद कमरे में बात की थी। इसके बाद डीएम ने चाचा अंगद सिंह को चार लाख रुपये का चेक, तीन बीघा जमीन का पट्टा, आवास, नौकरी दिलाने के लिए सरकार को पत्र भेजने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार हो सका था।


पत्नी शालिनी।

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने घटना का स्वयं लिया था संज्ञान

- **कानपुर देहात।** व्यापारी बलवंत की मौत के बाद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने पीड़ित परिवार से घटना के बावत जानकारी ली थी। उन्होंने सांत्वना देते हुए कहा था कि घटना पूरी तरह से निंदनीय है। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में है और वह स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने मृतक की पत्नी शालिनी व पिता मुन्ना सिंह को दस लाख रुपये की सहायता चेक, दोनों बच्चों को 23 वर्ष तक प्रतिमाह ढाई-ढाई हजार रुपये, पत्नी को जमीन आवंटन और विधवा पेंशन दिलाने का आश्वासन दिया था।


मंत्री राकेश सचान ने पिता को सौंपा था 10 लाख का चेक। फाइल फोटो।


सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने परिजनों से मुलाकात की थी।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार को ठहराया था बलवंत की मौत का जिम्मेदार

- **कानपुर देहात।** पुलिस की पिटाई से व्यापरी बलवंत सिंह की मौत के बाद सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीड़ित परिजनों के घर पहुंचकर मुलाकात की थी। उन्होंने थाने में मौत के लिए पुलिस व सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। कहा था कि सरकार ने ही पुलिस को छूट दी है और उत्तर प्रदेश में पुलिस राज चाहती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा था कि सरकार को एक करोड़ रुपये देकर परिवार की मदद करनी चाहिए। साथ ही मामले की जांच सीबीआई या सीटिंग जज के अंडर जांच होनी चाहिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस पिटाई से मृत बलवंत सिंह के मामले में प्रदेश सरकार को जमकर घेरते हुए कस्टोडियन डेथ में उत्तर प्रदेश के देश में नंबर एक पर होने की बात कही थी।

## हमसफर के लिए निर्जला व्रत रखेंगी सुहागिनें

**करवा चौथ आज**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- महिलाओं में दिखा त्योहार का उत्साह, करवा, फैंसी चूड़ियों के साथ ज्वैलरी की हुई खरीदारी

**अमृत विचार।** सुहागिनों के त्योहार करवा चौथ पर्व को लेकर शनिवार को करवा के साथ साड़ी, ज्वैलरी व श्रृंगार की दुकानों में बिक्री तेज रही। महिलाओं ने साड़ियां, ज्वैलरी व श्रृंगार का सामान खरीदा। करवा चौथ पर्व को लेकर नवविवाहिताओं में उल्लास अधिक नजर आ रहा है।

करवा चौथ पर्व पर आज महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को चांद को अर्घ्य देकर पति की दीर्घ आयु की कामना करेंगी।

करवा चौथ पर्व को लेकर अकबरपुर, रनियां, पुखरायां, रूरा, सिकंदरा, शिवली, राजपुर, मूसानगर, संदलपुर आदि कस्बों में दुकानों में सजी रही। महिलाओं ने शनिवार को व्रत के लिए जरूरत का सामान खरीदा। नवविवाहिताओं में करवा चौथ को लेकर खासा उल्लास नजर आया। पीतल व तांबे के करवा खरीदारी के लिए बर्तन की दुकानों में भी जमकर भीड़ रही। महिलाओं ने ऑनलाइन शॉपिंग भी की। अकबरपुर की निशू व मेघा ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए फैंसी चूड़ियां मंगाई हैं।

ज्वैलरी व गारमेंट्स आदि सामान उन्होंने कस्बे की बाजार से खरीदा है। वहीं ब्यूटी पॉर्लर में महिलाएं सजने-संवरने के लिए देर शाम तक मौजूद रही।

### करवा पूजन का शुभ मुहूर्त

- पतारी निवासी आचार्य प्रियंक दीक्षित ने बताया कि इस साल करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर को है। इस दिन चतुर्थी तिथि सुबह 6 बजकर 46 मिनट से शुरू होकर 21 अक्टूबर की सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में पूजा का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर की शाम 5 बजकर 46 मिनट से शुरू हो जाएगा।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** क्षेत्र के करबक गांव में एक युवक ने कमरे के अंदर छत के कुंडे में चादर से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

करबक निवासी अशोक दिवाकर का अविवाहित पुत्र राम कुमार (27) मजदूरी करता था। शुक्रवार रात में वह खाना पीना करके कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह तक न उठने पर परिजनों ने खिड़की से देखा तो वह छत के कुंडे में चादर के सहारे फंदे पर लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद पहुंची फील्ड यूनिट साक्ष्य एकत्र किए। अशोक दिवाकर ने बताया कि बेटे रामकुमार की पत्नी रेशमा रक्षाबंधन में मायके गई थी। तब से वह अकेला था। उसके एक बेटी लाडो है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि मौत कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**समाधान दिवस** अकबरपुर तहसील में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की फरियाद

## शिकायत निस्तारित नहीं होने पर होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शनिवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अकबरपुर तहसील में डीएम-एसपी ने शिकायतें सुनी। कुल 113 शिकायतों में चार निस्तारण हुआ। अन्य तहसीलों में भी शिकायतें सुन कर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

अकबरपुर में जिलाधिकारी आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा कि निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। यहां राजस्व 76, बीडीओ 7, पुलिस 14, विद्युत 4, नगर पंचायत 4, पीडब्लूडी 1, लघु सिंचाई 1, पंजायतीराज व समाज कल्याण की एक-एक समेत कुल 113 शिकायतें प्राप्त हुई। यहां सीएमओ डॉ. एके सिंह, एसडीएम सदर अवनीश कुमार भी रहे।


अकबरपुर में शिकायत सुनते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

भोगनीपुर तहसील में एसडीएम सर्वेश कुमार को गौर गांव के शिवम ने बताया कि खेती का सरकारी बंटवारा होने के बावजूद मेड़बंदी व कब्जा नहीं दिलया गया है। गांव के रामलाल, अरविंद, अनूप और अजय आदि जबरन जुताई कर रहे हैं। नगीना बांगर की राजाबेटी ने सह खातेदार रामकरन और बाबू पर आराजी पर अवैध निर्माण करने की शिकायत की। यहां 141 शिकायतें सुनी गई और 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। यहां तहसीलदार सुनील कुमार, सीओ संजय कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी अजय कुमार आदि रहे।

मैथा तहसील में एडीएम न्यायिक अमित राठौर ने शिकायतें सुनी। 46 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। एक शिकायत का मौके पर निस्तारण हो पाया। सबसे ज्यादा राजस्व की शिकायतें रही। एडीएम ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम सुरभि शर्मा, तहसीलदार प्रिया देवी, चिकित्सा प्रभारी सिद्धार्थ पाठक आदि रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**रूरा।** अंबियापुर स्टेशन की डीएफसीसी लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने छानबीन की।

डेरापुर थाना क्षेत्र के नोनारी के रहने वाले दिनेश गौतम (56) शनिवार सुबह कानपुर जाने के लिए घर से निकले थे। अंबियापुर स्टेशन पर जाते समय डीएफसीसी लाइन पर करते समय वह डाउन लाइन के खंभा नंबर 541/01 पर मालगाड़ी की चपेट में आ गए। जिससे दिनेश गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मृतक के पुत्र रविशंकर, प्रदुम, पत्नी किताबश्री आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## सार-संक्षेप

### आरपीएस इंटर कॉलेज के छात्र आपस में भिड़े

**रूरा।** कस्बे में सब्जी बाजार के पास स्थित आरपीएस इंटर कॉलेज में छात्रों की आपस में मारपीट हो गई। शनिवार की दोपहर रूरा कस्बा के आरपीस इंटर कालेज की जैसे ही छुट्टी हुई। वैसे ही कालेज से निकलते ही मेन रोड पर छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए और उनमें मारपीट होने लगी। जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। छात्रों की मारपीट की सूचना पर मौके पर कस्बा इंचार्ज राकेश सिंह ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक वहां से छात्र भाग चुके थे। मारपीट करने वाले छात्रों को वायरल वीडियो के आधार पर चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी।

### करंट से मिस्त्री और हेल्पर झुलसे, अस्पताल में भर्ती

**रूरा।** बनीपारा बाजार में हबीब खान के यहां बंशीनिवादा गांव का मिस्त्री रंगीलाल हैंडपंप से पाइप निकाल रहा था। तभी नल के पास से निकली हाईटेंशन लाइन में पाइप टकरा गया। जिससे मिस्त्री करंट की चपेट में आकर झुलस गया। साथ में काम कर रहा हेल्पर सौरभ भी मामूली रूप से झुलस गया है। परिजन उन्हें तत्काल निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां पर दोनों का उपचार किया गया है।

### खेत से लापता किसान का 4 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**शिवली।** चार दिन पूर्व खेत में सरसों की बुआई की बात कहकर निकले किसान का किसान अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। परिजन शनिवार को कोतवाली शिवली व तहसील मैथा भी फरियाद के लिए पहुंचे। बाघपुर चौकी के जुगराजपुर बिठूर की रहने वाली मालती दिवाकर ने बताया कि पति ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ गुड्डू (40) बीती 16 अक्टूबर की सुबह पांडव नदी के पास खेत में सरसों की बुआई कराने की बात कहकर निकले थे। तब से उनका कोई पता नहीं चल पाया। पत्नी मालती व भाई विनोद ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए। पुलिस ने भाऊपुर चौकी प्रभारी गुरेंद्र के साथ शुक्रवार को नदी किनारे व खेतों के आसपास तलाशी अभियान चलाया। इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय ने बताया कि किसान की तलाश की जा रही है।

### खोजारामपुर में फैला बुखार, स्वास्थ्य टीम पहुंची

**राजपुर।** खोजारामपुर गांव में बुखार का प्रकोप फैल गया है। सूचना पर राजपुर पीएचसी से तीन सदस्यीय स्वास्थ्य टीम ने 20 बीमार लोगों का परीक्षण कर दवाएं बांटी और साफ-सफाई रखने की सलाह दी। अधिकांश मरीज बुखार-जुकाम, जोड़ों में दर्द व खुजली के रहे। शुक्रवार को ग्राम प्रधान कमलेशा देवी ने गांव में बीमारी फैलने की सूचना राजपुर पीएचसी में दी। सूचना पर शनिवार को पीएचसी से डॉ. शिव विनायक त्रिपाठी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय स्वास्थ्य टीम ने गांव के प्राइमरी स्कूल में शिविर लगाकर मरीजों को दवाइयां बांटी। बीमार लोगों में सोमवती (60), गंगावती (55), सूरज मुखी (55), मीना (55), वीरेंद्र (50), महादेई (60), फूलमती (70), वीर सिंह (35), मीना (50) समेत बुखार, खांसी, जुकाम आदि रोग से पीड़ित 20 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही रक्त की स्लाइड बनाकर जांच को भेजी गई है। डॉ. शिव विनायक त्रिपाठी ने लोगों को डेंगू से बचने के उपाय भी बताए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

## 13 साल पहले 27 फरवरी 2011 को अचलगंज थाना क्षेत्र में हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र में युवक की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में एडीजे-1 की कोर्ट ने हत्याकांड के दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया। इसमें एक दोषी पर 60 तो दूसरे पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के लोहचा गांव निवासी मिथलेश कुमारी पत्नी रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 27 फरवरी-2011 को उसका बेटा कुलदीप कुमार गांव में अपने चाचा राजेंद्र की दुकान पर अखबार पढ़ रहा था। तभी गांव का राजकिशोर पुत्र लक्ष्मी नारायण दुकान पर आया और दो साल पहले दुकान से लिए गए पुराने मोबाइल को लेकर विवाद करने लगा था। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। उस दिन भी राजकिशोर गालीगलौज करने लगा। अगले दिन सुबह 9 बजे राजकिशोर अपने भाई कृष्ण चंद्र, प्रीतू उर्फ ध्यानेंद्र, नागेंद्र व बब्लू पुत्र रामस्वरूप निवासी बनवारी पुरवा थाना रूरा कानपुर देहात के साथ उसके घर पहुंचा और आवाज देकर बेटे को बाहर बुलाया। जैसे ही कुलदीप बाहर गया तीनों ने उस पर अवैध असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से कुलदीप घायल होकर गिर पड़ा। इसी दौरान हमलावर फायरिंग करते हुए भाग निकले थे। मौके पर मौजूद चाचा राजेंद्र व कुलदीप की पत्नी लक्ष्मी मौजूद थी।

परिजन युवक को कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 4 मार्च-2011 को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एसओ श्रीधर पाठक ने आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 23 मार्च-2011 को चार्जशीट पेश की थी। मामले की सुनवाई के दौरान राजकिशोर व कृष्णचंद्र की मौत हो गई थी। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई एडीजे-1 कोर्ट में पूरी हुई। जिसमें शासकीय अधिवक्ता अजय की दलीलों व गवाहों के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दीकी ने प्रीतू उर्फ ध्यानेंद्र व बब्लू को आजीवन कारावास के आदेश दिये। वहीं घटना के समय नाबालिग रहे आरोपी नागेंद्र की सुनवाई बाल किशोर न्यायालय में विचाराधीन है।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**उन्नाव।** किशोरी से हुए दुष्कर्म के विचाराधीन मामले में पॉक्सो कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने युवक के इस कृत्य पर सजा के साथ उस पर 55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 29 मार्च-2022 को गांव का प्रदुम सिंह उसके घर आया और नाबालिग बेटी को अपनी मां के बुलाने की बात कहकर साथ ले गया था। बेटी के काफी देर तक न लौटने पर वह पति के साथ तलाश करते युवक के घर पहुंची तो युवक व बेटी वहां नहीं थी। अनहोनी की आशंका पर दंपति बेटी की तलाश कर रहे थे। तभी गांव के बाहर एक कमरे से उन्हे बेटी चीख सुनाई दी थी। उन्हें आता देख प्रदुम वहां से भाग निकला। किशोरी ने युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने की जानकारी परिजनों दी। केस पॉक्सो कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलील व साक्ष्य के आधार पर प्रदुम को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है।

### तीन गैंगस्टर को तीन-तीन साल की कैद

**उन्नाव।** क्षेत्र में भय और आतंक फैलाकर धन अर्जित करने वाले तीन अपराधियों को कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट का दोषी करार देते हुए उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। वहीं, दोषियों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बांगरमऊ नगर के कस्बा टोला मोहल्ला निवासी ओम प्रकाश, राजन पुत्र व श्याम कुमार पर गैंग बनाकर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां संचालित करने के साथ समाज में भय व आतंक फैलाकर धन अर्जित करने पर एसएचओ शिव बालक की तहरीर पर बांगरमऊ कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। आईओ देवराम ने जांच कर आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 21 दिसंबर-2005 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस गैंगस्टर कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को एडीजे शिप्रा आर्या ने शासकीय हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर दोषियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।

### एनडीपीएस एक्ट में दो को मिली सजा

**उन्नाव।** मादक पदार्थों की बिक्री करते अलग-अलग जगह से पकड़े गए दो विक्रेताओं को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। सदर कोतवाली पुलिस ने 1 नवबंर-2020 को हुसैन नगर निवासी रघुनंदन को 3 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ के साथ पकड़कर उसे जेल भेजने के साथ आईओ दिनेश मिश्रा ने 20 दिसंबर 2020 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। वहीं गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने 22 दिसंबर 2020 को मिश्रा कालोनी निवासी समीर उर्फ टइया को 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा था। एसआई सुशील ने उसके विरुद्ध 29 दिसंबर 2020 को चार्जशीट पेश की थी। दोनों केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन थे। शनिवार को एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने शासकीय अधिवक्ता मनीष शुक्ला की दलील के आधार पर आरोपी रघुनंदन को 9 माह व समीर को 8 माह की सजा सुनाई है।

## कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बहाल करने की मांग

**नवाबगंज उन्नाव।** कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिये कोई सुविधा न होने और यहां यात्रियों को टिकट न मिलने पर भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा द्वारा एक ज्ञापन उन्नाव स्टेशन मास्टर को दिया गया। इसमें मांग की गई कि यात्रियों को यह सुविधाएं दी जायें।

बता दें कि कुसुम्भी रेलेवे स्टेशन पर काफी समय से रेलवे की टिकट नहीं मिल रही है। साथ ही मासिक टिकट भी नही बन रही है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। करीब 500 यात्री यहां से रोजाना यात्रा करते हैं। जिससे लोगों को परेशानी हो रही हैं। कई बार इसे लेकर आंदोलन भी हुआ लेकिन, हर बार आश्वासन भी मिला। एक बार टिकट वितरण शुरू हुआ लेकिन, दूसरे दिन बंद हो गया। इसे लेकर भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भानू सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों रेल यात्री कुसुम्भी स्टेशन पहुंचे और सभी सुविधाएं दिलाने की मांग करते हुये धरना दिया। जीआरपी स्टाफ वहां पहुंचा और पांच लोगों को उन्नाव स्टेशन ले गई। जहां स्टेशन मास्टर सुधांशु से वार्ता कराई। लोगों ने रेलमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी उन्हें दिया।



जानकारी देते उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## 22 को प्रदर्शन, 2 दिसंबर को जेल भरो आंदोलन होगा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 22 अक्टूबर को शिक्षा निदेशक माध्यमिक कार्यालय लखनऊ के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। यदि संघ की मांगों पर सरकार द्वारा सार्थक क़दम नहीं उठाया गया तो 2 दिसंबर से शिक्षण कार्य अवरुद्ध कर जेल भरो आंदोलन शुरू होगा।

क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को जागरूक करने के लिये पदाधिकारियों की टीम के साथ निकले संघ के प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्र मुन्ना ने बताया कि शिक्षक संघ की मांगों पर सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय न लिए जाने से शिक्षकों में असंतोष है। प्रदेश सरकार तानाशाही की हदों को पार करते हुए शिक्षकों को प्राप्त सेवा सुरक्षा पर अमल करने, पदोन्नति पर लगी रोक हटाने, प्रधानाचार्य को कार्यकारी पद का वेतन देने, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, वित्त विहीन शिक्षकों को सम्मान जनक मानदेय देने व केंद्रीय कर्मचारियों की भांति आवासीय भत्ता दिए जाने आदि मांगे अरसे से लंबित रखे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की मांगों को लेकर सरकार हीलाहवाली कर रही है। रामशंकर जिला मंत्री, जंग बहादुर सिंह सदस्य जिला कार्यकारणी, प्रशांत पाल सदस्य जिला संरक्षण समिति व बीबी सिंह सदस्य संरक्षक मंडल मौजूद रहे।

# श्रीराम को हुआ वनवास, दर्शक रोये

संवाददाता, उन्नाव



राम-लक्ष्मण की आरती उतारते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुरवा क्षेत्र के असेहरू गांव में तेरस से पूर्णमासी तक तीन दिवसीय रामलीला आयोजन में वन गमन की लीला हुई। प्रथम दिन राजा दशरथ अपने दरबार के दर्पण में चेहरा देखते हैं। बाल सफेद दिखने पर राम को युवराज बनाने की घोषणा की जाती है। मगर राम को वन गमन और भरत को राजगद्दी का वरदान मांगने वाली रानी कैकेई ने सारी कहानी पलट दी। श्रीराम पत्नी सीता व लक्ष्मण के साथ वन चले जाते हैं। वन में रावण द्वारा सीता का हरण कर लेता है। इसके बाद राम ने वानरी सेना के साथ लंका पर चढ़ाई की और रावण का वध किया। 20 साल से इस रामलीला में जिम्मेदारी निभा रहे नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने कहा कि लगातार इस रामलीला का स्तर बढ़ा है। दर्शकों व प्रबुद्ध वर्ग की राय में 41वें वर्ष में तीन दिवसीय आयोजन पूरी तरह सफल व ऐतिहासिक रहा।

### रामलीला में कलाकारों ने नारद मोह का किया मंचन

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** नगर स्थित श्रीराम लीला मैदान में शुक्रवार रात से गणेश पूजन के साथ श्रीराम लीला महोत्सव का शुभारंभ हो गया। पहले दिन कलाकारों ने नारद मोह का मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्रीराम लीला समिति द्वारा आयोजित महोत्सव में कलाकारों ने मंचन किया। नारद मुनि के विचरण करते समय उन्हें हिमालय पर्वत पर गंगा जी प्रवाहित होती दिखाई दीं। वह वहीं पर तपस्या करने लगे। इंद्र ने नारद की तपस्या भंग करने के लिए कामदेव को भेजा। कामाग्नि को भड़काने वाली शीतल, मंद सुगंध सुहानी हवा चलने लगी और रंभा आदि अप्सराएं नृत्य करने लगीं। किंतु उनकी तपस्या भंग नही हो सकी।

## जिलाधिकारी को बताई जर्जर सड़क की समस्या

**औरास।** ब्लॉक क्षेत्र के गांगन गांव से रहीमाबाद जाने वाले मार्ग को जोड़ने वाली डामरीकृत रोड पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे रोजाना लोग चुटहिल हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं को विद्यालय जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कई बार बच्चे चुटहिल भी हो जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान हसनगंज में जिलाधिकारी को शिकायतीपत्र देकर मार्ग निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा यह मार्ग बनाने में घोर अनियमितताएं बरती गई हैं। ग्रामीणों में बीडीसी मंजू शर्मा, अमित शर्मा, महेश कुमार, आदित्य कुमार, गोविंदा, राजू, मनीष, भगवानदीन आदि रहे।

# लीला में पूतना वध व रावण तपस्या का मंचन

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सुबह की पाली में रामलीला तो वहीं शाम को रासलीला देख दर्शक हुए भाव-विभोर



सफीपुर के पार्क में रावण तपस्या का मंचन करता कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रही रासलीला व रामलीला के दूसरे दिन वृन्दावन से आए श्रीहित राधा भल्लभ रासलीला मंडल ने श्रीकृष्ण द्वारा पूतना वध का मंचन किया। वहीं सुबह की पाली में रावण द्वारा तपस्या कर ब्रह्मा से वरदान मांगने का मंचन हुआ।

मंचन में दिखाया कि कंस को नहीं पता चल रहा था। कि उसके काल के रूप में पैदा हुए। श्रीकृष्ण कहां है, जिस पर उसने पूतना को नव जन्मे बच्चों को मारने के लिए भेजा। इस दौरान जब ढूंढते-ढूंढते पूतना नंद बाबा के घर पहुंची तो उसने चुपके से श्रीकृष्ण को उठाया और अपना विषैला दूध पिलाकर उनको मारने का प्रयास करने लगी। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने दूध के साथ-साथ पूतना के प्राण भी हर लिए। पूतना का वध होते ही पांडाल श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। लीला व्यवस्थापक संजीव गुप्ता, समाजसेवी कमलेश गुप्ता, संयोजक सुरेश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, सभासद बेचेलाल गुप्ता, शिवबिहारी गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता ने स्वरूपों की आरती उतारी। वही सुबह की पाली में रामलीला के मंचन में दिखाया गया। कि रावण अपने भाइयों कुंभकरण व विभीषण के साथ घनघोर तपस्या करता है। और अंत में उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी वरदान मांगने को कहते हैं। रावण सुर, असुर, नाग, गंधर्व, किन्नर सभी पर विजय प्राप्त करने तथा अपार शक्ति का वरदान मांगता है। कुंभकर्ण की विशाल काया देखकर ब्रह्मा ने उसको भ्रमित कर दिया। इससे उसने छह माह सोने व एक दिन जागने का वरदान प्राप्त किया। विभीषण ने प्रभु के चरणों की भक्ति और जनकल्याण का वरदान मांगा। अपार शक्ति का वरदान पाकर रावण ने सूर्य, चंद्रमा, कुबेर, शनि समेत तमाम देवी-देवताओं को बंधक बना लिया और आतंक मचाना शुरू कर दिया। रावण की आसुरी शक्तियों के आतंक से पृथ्वी कांपने लगी। अंत में पृथ्वी ने प्रभु शंकर व ब्रह्मा के साथ प्रभु विष्णु की संस्तुति की। प्रभु ने निज अंशों सहित प्रकट होकर आसुरी शक्तियों का विनाश करने का भरोसा दिलाया।

# शिव विवाह कथा सुनने को भक्तों की लगी भीड़

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के प्रियदर्शिनी नगर गेस्ट हाउस में श्रीशिव महापुराण कथा में विज्ञाननानंद सरस्वती जी महाराज ने भोलेनाथ और पार्वती जी के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा महाशिवरात्रि का महापर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाहोत्सवव के रूप में मनाया जाता है।

इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करने पर आपको इच्छित फल की प्राप्ति होती है। मान्य ता है कि महाशिवरात्रि की पूजा पति और पत्नीर को साथ में बैठकर करनी चाहिए। ऐसा करने से न सिर्फ उनके रिश्तो में मिठास बढ़ती है। बल्कि शिव पार्वती के आशीर्वाद से उनके दांपत्यस सुख में वृद्धि होती है। महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले दंपतियों को पूजा में शिव-पार्वती के विवाह से जुड़ी इस संपूर्ण व्रत कथा का पाठ अवश्यव करना चाहिए। इससे आपको महापुण्य के साथ व्रत का संपूर्ण फल प्राप्तण होता है। कड़ी तपस्या के बाद पार्वती जी का शिव जी से विवाह का सौभाग्य बना। भोले की अद्भुत बारात में भूत, पिशाच, नंदी, भृंगी सब हिमालय राज के द्वारे पहुंचते हैं। भोले के आभूषण सांप बिच्छू भी उनके शरीर पर बड़े उत्साहित हो रहे है। पर्वतराज हिमाचल ने पत्नी मेना रानी सहित कन्यादान का कार्य आरंभ किया।

## जहरीले कीड़े के काटने से युवती की हो गई मौत

**परियर उन्नाव।** खेत में काम करते समय महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसकी हालत बिगड़ी देख परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर चौकी क्षेत्र के मरौंदा मझवारा गांव निवासी राम देवी (25) पुत्री होरीलाल शनिवार को खेत में काम करने गई थी। तभी उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। चीख सुन परिजन दौड़े। लेकिन, तब तक वह अचेत हो गई। परिजन युवती को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया। मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। वहीं घटना के बाद से परिजनों में मातम छा गया।





जागरण के दौरान झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। जागरण के दौरान सुरक्षा का जायजा लेते एएसपी व कोतवाली प्रभारी।

# जागरण में भजन सुन झूमे श्रोता

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कस्बा में नवयुवक जागरण कमेटी द्वारा शुक्रवार रात तृतीय विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें निकाली गयी झांकिया आकर्षण का केंद्र रहीं।

अजगैन कस्बे में इस बार कानपुर की श्याम प्रिया जागरण पार्टी द्वारा शुक्रवार रात माता का जागरण किया गया। जागरण के शुभारंभ के पूर्व माता जी की प्रतिमा का अजगैन कोतवाल अवनीश सिंह व रेशू तिवारी द्वारा विधिविधान से पूजन किया गया। जिसके बाद कानपुर से आई जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा पेश किये गए देवी भजनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। जागरण में राधा-कृष्ण, हनुमान, शिव पार्वती आदि की सजीव झाकियां भी पेश की गईं। राधा-कृष्ण की झांकी के दौरान खेली गई फूलों की होली में भक्तों ने भी साथ में होली खेलकर आनंद लिया। जागरण में डेकोरेशन का कार्य पप्पू भंडारी द्वारा किया गया। भोरपहर तक चले जागरण के दौरान सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। एएसपी प्रेमचंद ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## सार-संक्षेप

### महिला व युवती को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी रुचि पुत्री अमर सिंह शुक्रवार शाम गांव स्थित दूध डेयरी पर गई थी। तभी रास्ते में जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। वहीं, रबड़ी गांव निवासी मीना पत्नी बिहारी घर में दैनिक कार्य कर रही थी। तभी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



भवन का शिलान्यास करतीं जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव। अमृत विचार

### जिला जज ने किया अधिवक्ता भवन का शिलान्यास

**उन्नाव।** आचार्य विष्णु गुप्त चाण्क्य एवं राजा राव राम बक्स सिंह के नाम पर बनने वाले अधिवक्ता भवन का शिलान्यास जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला की अध्यक्षता व महामंत्री अरविंद दीक्षित के संचालन में बार सभागार में हुए कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि महिला अधिवक्ताओं के लिए चैंबर की उचित व्यवस्था अलग से होनी चाहिए। बार अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से पहले उन्होंने वादा किया था कि 400 अधिवक्ता चैंबर का निर्माण होगा। उसी पर अमल करते हुये अब तक 80 चैंबर्स बन गए हैं। शिलान्यास के बाद शीघ्र निर्माण पूरा होने के बाद इनकी संख्या 200 हो जायेगी। कहा कि उनके द्वारा अधिवक्ताओं की समस्याओं के निराकरण का प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान एडीजे मो. असलम सिद्दीकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष निगम, सीजेएम भव्या तिवारी, बार उपाध्यक्ष रेनू तिवारी, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी राकेश शुक्ला, कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी बाबूराम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### लाइन शिफ्टिंग से हजारों घरों की 8 घंटे बिजली गुल



मरहला चौराहे पर होता लाइन शिफ्टिंग का कार्य।

**शुक्लागंज उन्नाव।** सरैयां आरओबी का निर्माण कार्य मरहला चौराहा की तरफ शुरू किया गया है, जिसके कारण सड़क किनारे लगे एचटी पोल और ऊपर से गुजरे बिजली तारों को हटाने का काम बिजली विभाग ने शनिवार को किया। इस प्रक्रिया के चलते फीडर 3, 4, और 5 की बिजली सप्लाई सुबह से शाम तक बंद रखी गई, जिससे लगभग पचास हजार की आबादी प्रभावित हुई। शनिवार सुबह, बिजली विभाग ने मरहला चौराहा पर 11 हजार लाइन के भूमिगत किए जाने का कार्य शुरू किया। इस कार्य के चलते दिन के 11 बजे से फीडर तीन, चार, और पांच की बिजली आपूर्ति रोक दी गई। कार्यदायी संस्था ने एचटी पोल पर पड़े बिजली तारों को हटाकर उन्हें जमीन के नीचे डालने का कार्य किया। शाम करीब 6 बजे तीनों फीडरों के दर्जनों मोहल्लों की बिजली सप्लाई पुन: शुरू की गई। लगभग आठ घंटे तक बिजली न आने से स्थानीय निवासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। विभाग ने कार्य की शीघ्रता का आश्वासन दिया है, ताकि भविष्य में ऐसे हालात से बचा जा सके।

**सुनी फरियाद** खानापूर्ति कर निपटाया जा रहा समाधान दिवस बना चर्चा का विषय, लोगों ने कहा कई बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हुआ

# संपूर्ण समाधान दिवस में 275 मामले आए, मौके पर 17 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



तहसील में जन समस्याएं सुनते जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर।

**अमृत विचार।** सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार को जिले की छह तहसीलों में हर बार की तरह खानापूर्ति में निपट गया। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस हसनगंज तहसील में आयोजित हुआ।
जिसमें जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जन समस्याएं व शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अफसरों को मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। हसनगंज संवाददाता के अनुसार, संपूर्ण तहसील दिवस में कुल 275 मामले आए। जिसमें राजस्व के 111, पुलिस के 39, विकास के 37, पूर्ति विभाग के 21, विद्युत के 25 व अन्य 42 मामले रहे। जिसमें से मौके पर 17 का निस्तारण किया गया। 2 बजे के बाद भी सैकड़ों फरियादी लाइन में लगे रहे। जिनके प्रार्थनापत्र बिना सुने ही रख लिए गए। कई प्रार्थनापत्र रिपीट होने पर निस्तारण की गई रिपोर्ट को तलब किया गया। जिस पर घंटों रिपोर्ट न आने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम से नाराजगी व्यक्ति की। कादिलपुर निवासी इशरत जहां ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि गांव के अब्दुल शरीफ, अब्दुल वसीम, नदीम ने दो बिसुवा प्लाट पर जबरन कब्जा कर लिया है। छोड़ने पर लाखों की मांग कर रहे हैं। दो बार प्रार्थनापत्र दिया लेकिन, फर्जी निस्तारण कर दिया गया है। वहीं बाराती खेड़ा निवासी मुन्नीलाल ने बताया कि पिता की मौत के बाद जमीन की वरासत के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन लेखपाल ने रिपोर्ट नहीं लगाई। जिससे वरासत नहीं हो पाई है। मुरावतपुर निवासी महिपाल ने बताया कि उसका अंत्योदय कार्ड है। लेकिन कोटेदार उमा देवी अंगूठा लगाकर राशन नहीं देती हैं। रफ़ीगढ़ी निवाशी प्रिया सिंह ने बताया कि गांव के संजय, आशाराम, बवुआ ने चार बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। जिस पर जिलाधिकारी ने टीम गठित कर जांच के आदेश दिए। वहीं रसूलपुर बकिया निवासी प्रधान इंद्रेश रावत सहित 10 ग्रामीणों ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि लोक निर्माण विभाग की सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। लोगों को निकलना मुश्किल हो गया है। सलेमपुर निवासी रामश्री व टिकाना ने बताया कि तीन साल से उनकी वृद्धावस्था पेंशन नहीं आई। कई बार कागज दे चुके हैं। जिस पर तत्काल खंड विकास अधिकारी से रिपोर्ट तलब की। राजस्व के अधिक मामले देख जिलाधिकारी ने संबंधित अफसरों पर कड़ी नाराजगी जताई।

### देर से पहुंचे अधिकारी, कई न्याय से रहे वंचित

दोपहर 12 बजे के बाद डीएम और एसपी समाधान दिवस में पहुंचे। जिससे सैकड़ों फरियादियों के प्रार्थनापत्र बिना सुनवाई के ही रख लिए गए। वहीं तीन बच्चों का पिता कोटेदार की शिकायत लेकर समाधान दिवस में पहुंचा। लेकिन वह जिलाधिकारी से नहीं मिल पाया। जो चर्चा का विषय बना रहा।सफीपुर संवाददाता के अनुसार, एसडीएम नवीन चन्द्र की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 82 फरियादियों ने समस्याएं रखीं। जिसमे सिर्फ दो का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष को समयसीमा में निस्तारण के निर्देश दिए गए। सबसे अधिक 31 शिकायतें राजस्व संबंधी रहीं। जबकि 9 विकास विभाग, पुलिस, समाज कल्याण, विद्युत के 7-7 मामले रहे। अन्य विभागों की शिकायतों में 21 मामले आये। जिसमें राजस्व की 2 की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सीओ माया राय, तहसीलदार रामशंकर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा सदर, पुरवा, बीघापुर व बांगरमऊ तहसीलों में भी अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जहां फरियादियों द्वारा की गई शिकायतों का जल्द जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# आरओबी निर्माण के लिए पोल व भूमिगत लाइनें हटना शुरू

## तार हटाने को राज्य सेतु और बिजली अधिकारियों ने की मंत्रणा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सरैयां क्रॉसिंग से मरहला चौराहा तक आरओबी के निर्माण के लिए पिलर बनाने का काम शुरू किया जा रहा है। इस दौरान बिजली विभाग द्वारा बिजली पोल और भूमिगत एचटी लाइनों को हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। शनिवार को राज्यसेतु निगम के सहायक अभियंता और बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपखंड अधिकारी के साथ मिलकर स्थलीय निरीक्षण किया, जहां पिलर निर्माण और लाइन शिफ्टिंग के स्थानों पर चर्चा हुई।

शुक्लागंज पॉवर हाउस से मरहला चौराहा के चारों ओर 33 केवीए और 11 केवीए की तारें विद्युत आपूर्ति के लिए बिछी हैं। इनसे नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई की जाती है। चौराहे के पास राज्यसेतु निगम को पिलर बनाने हैं, जिसके लिए बिजली लाइन को हटाना आवश्यक है। इस निरीक्षण में राज्यसेतु निगम के एई धर्मेंद्र कुमार, बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद और अवर अभियंता आशुतोष तिवारी शामिल हुए। एई ने चौराहा के पास भूमिगत पड़ी 33 केवीए और 11 केवीए लाइन की जानकारी प्राप्त की और पिलर बनाने के स्थान को चिन्हित किया, ताकि पोल और भूमिगत लाइन को दूर हटाया जा सके।


कार्य को लेकर निरीक्षण करते राज्य सेतु निगम और बिजली विभाग के अधिकारी।

**40 लाख का बजट हुआ आवंटित**

बिजली विभाग ने राज्यसेतु निगम को 40 लाख रुपये की लागत से सरैयां क्रॉसिंग से मरहला चौराहा तक लाइन शिफ्टिंग का स्टीमेट पहले ही भेजा था, जो अब शासन से पास हो चुका है। एसडीओ ने इस बात की पुष्टि की कि बिजली विभाग को यह धनराशि मिल चुकी है।

**22 लाख की और है जरूरत**

मरहला चौराहा से आजाद मार्ग (नया खेड़ा) तक लाइन शिफ्ट कराने के लिए अभी 22 लाख रुपये की और आवश्यकता है। एसडीओ ने राज्यसेतु निगम के एई को भेजे गए स्टीमेट के आधार पर फंड रिलीज करने की बात कही है। एई ने बताया कि आगे का बजट पीडब्ल्यूडी विभाग को दिया जाना है, जिसके लिए वह इसका रिमांडर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को भेजेंगे।

## वार्ड 19 में संचारी रोग नियंत्रण का चला अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर शनिवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड 19 में पहुंचे। जहां साफ सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 19 गोताखोर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम को कई मोहल्लों में फागिंग कराई गई।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बहन के घर से लौट रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें घायल युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। डॉक्टर के देर से पहुंचने पर परिजन आक्रोशित हो गए। जिन्हें पुलिस ने समझाकर शांत कराया।


उमेश।

कानपुर नगर के मीरपुर गोरा बाजार निवासी उमेश (40) पुत्र महेश कुमार सदर कोतवाली क्षेत्र के शाहगंज मोहल्ले में अपनी ससुराल में रहकर अकरमपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शुक्रवार को वह बाइक से अपनी बेटी स्तुति के साथ लखनऊ के राजाजी पुरम निवासी अपनी बहन माया के यहां गया था। स्तुति वहां रुक गई। इस पर उमेश देर शाम अकेले लौट रहा था। तभी दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर इंडाग्रो स्लाटर हाउस के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले मोबाइल से नंबर निकालकर पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। वहीं चर्चा रही कि पहले युवक की बाइक में पीछे से कार ने टक्कर मारी। इसमें वह नीचे गिरा। तभी ट्रक की चपेट में आ गया। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि वाहन का पता लगाया जा रहा है।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**डॉक्टर के देर से पहुंचने पर परिजन हुए नाराज**

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सड़क हादसे में हुई युवक की मौत मामले में परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। ड्यूटी डाक्टर के न पहुंचने से हुई देरी से लोग आक्रोशित होकर हंगामा काटने लगे। पीएम हाउस स्टाफ व पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाकर शांत कराया।

# बच्चों के बनाए मॉडल की हुई तारीफ

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** संडीला रोड स्थित आरएस इंटर कॉलेज में शनिवार को ब्रेनवेव एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि बांगरमऊ कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर नईम खान ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस मौके पर बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अलावा कृषि, पर्यावरण, कला आदि से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए गए। मैग्नेट ट्रेन प्रोजेक्ट, सोलर स्मार्ट सिटी अम्ल वर्षा, आदित्य-1 लेजर सिक्योरिटी अलार्म सिस्टम, जलियां वाला बाग इंसिडेंट, पवन चक्की मॉडल, प्राकृतिक जल स्वच्छीकरण सहित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने अन्वी गुप्ता, आयुष वर्मा, वैभवी, अंशिका, मुस्कान, प्रज्ञा पटेल, श्रेया, श्वेता, तैयबा, शगुन, बशर, अयान खान, अमीर हमजा, श्रीति, आराध्या, उज्मा, विराट सिंह, प्रियंका, परी गुप्ता, कामरान, अवि पटेल, शिखर पटेल, कामिल खान, आर्यन सिंह, अंशिका शुक्ल, जकी आदि को सम्मानित किया। प्रबंधक रिज़वान अहमद ने सभी का आभार जताया।


बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल देखते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

# निःशुल्क मेहंदी लगा कर दिए गए उपहार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मिश्रा कालोनी में करवाचौथ त्योहार को लेकर मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र एक सैकड़ा महिलाओं को निशुल्क मेहंदी लगा कर उनको उपहार भेंट किया गया।

मिश्रा कॉलोनी में रोटरी क्लब के अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश अवस्थी की ओर से हर वर्ष की तरह सुहागिनों के लिए मेहंदी का कार्यक्रम कराया गया। जिसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता की पत्नी रश्मि गुप्ता, संगीता जायसवाल, कंचन अवस्थी मौजूद रहीं। वहीं करवा चौथ पर महिलाएं हाथों में मेहंदी ब्यूटी पार्लर में यह फिर अपने घरों में रचवाती हैं। इस पहल से तमाम महिलाओं के हाथों में मेंहदी रचवाई। उन्होंने कहा कि सुहागिन महिलाओं के लिए मेंहदी कार्यक्रम एक रश्म होती है जो शुभ मानी जाती है। करवाचौथ पर मेहंदी का बड़ा महत्व होता है। कार्यक्रम में पूर्व सभासद ध्रुव अवस्थी ने मुख्य अतिथियों को फूलों का गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अतुल दीक्षित, अंकुर शुक्ला, मनीष जायसवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दिवाली नजदीक देख कुम्हारों ने बढ़ाई चाक की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व नजदीक आते ही कुम्हारों के चाक तेजी से घूमने लगे हैं। बड़ी संख्या में मिट्टी के दीये बनाने का कार्य शुरू हो गया है। कुम्हारों को इस बार अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। स्थानीय उत्पादों की खरीदारी किए जाने के आह्वान से इस बार कुम्हारों में ज्यादा बिक्री होने की उम्मीद जगी है। हर बार की तरह चाइनीज सामान का बहिष्कार भी इनकी खुशहाली में चार चांद लगाने के लिए तैयार है।

इस बार दीपावली 31 अक्तूबर को मनाई जाएगी। इस दिन मिट्टी के दीयों से अपने घर को सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी हैं। बदलते ट्रेंड के साथ लोग डिजाइनर दीये भी खूब पसंद करने लगे हैं। वहीं चाइनीज दीयों से मोहभंग के चलते मिट्टी के दीयों की पिछली बार की तरह मांग बढ़ी है। अबकी दीपावली कुम्हारों के लिए इसलिए खास लग रही है क्योंकि चाइनीज सामान के विरोध के चलते बाजार में मिट्टी के दीये व खेल-खिलौनों की डिमांड बढ़ गई है। त्योहार को नजदीक आते देख कुम्हारों की चाक तेजी से घूमने लगे हैं। बड़ी संख्या में मिट्टी के दीये बनाने का कार्य कुम्हारों ने शुरू कर दिया है।


मिट्टी के दिये बनाता कुम्हार।

**बोले कुम्हार**

कुम्हार गुरुदीन प्रजापति ने बताया कि मिट्टी के दीयों का प्रचलन अब सिर्फ शगुन के लिए रह गया है। इसके चलते जरूरत मुताबिक ही बनाए जा रहे हैं। चाक पर तैयार होने वाले दीपों को बनाने में कड़ी मेहनत लगती है। मिट्टी को छानने उसे तपाने और बनाने मे चार-पांच दिन लग जाते हैं। कुम्हार राकेश कुमार प्रजापति ने कहा कि बदलते परिवेश में दीपावली पर लोग डिजाइनर दीये अधिक मांगते है। चाइनीज लाइटों से लोगो का मोहभंग से मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ सकती है। इस बार कुम्हारों को अच्छी आय होने की उम्मीद है।

## सार-संक्षेप

### खाटू नरेश बाबा श्याम का हुआ श्रृंगार, भंडारे में उमड़ी भीड़

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के साकेतपुरी कमलेश शुक्ला ने शिवालय में खाटू नरेश बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, भजन-कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाबा श्याम के श्रद्धालु भक्तों ने नृत्य और भक्ति में झूमकर सुप्रसिद्ध कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आध्यात्मिक गुरु संदीप मिश्र द्वारा किया गया, जिन्होंने भक्तों को भक्ति और समर्पण का महत्व समझाया। इसके बाद प्रवीण सिंह और नीरज गौड़ ने संगीतमय आरती की, जिससे वातावरण भक्ति में डूब गया। भजन-कीर्तन में भक्तों की भीड़ ने भाग लिया और बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता श्रीकृष्ण दीक्षित, विधायक अमिताभ बाजपेई, नीरज शुक्ला, अजय त्रिपाठी, अमित, प्रमोद पाण्डेय, पूजा तिवारी, कीर्ति अवस्थी, शैली बाजपेई आदि श्याम भक्तों ने बाबा की नजर उतारी। इसके साथ ही बाबा का भव्य भंडारा कराया गया।


श्याम बाबा का किया गया श्रृंगार।


शंकरपुर रामलीला के दौरान मंचन करते पात्र। अमृत विचार

### लंका दहन होते ही लगे जय श्री राम के जयकारे

**शुक्लागंज उन्नाव।** अशोक वाटिका श्री रामलीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में कराई जा रही रामलीला के दौरान शनिवार को फुलवाड़ी लीला और लंका दहन की लीला का पात्रों ने सजीव वर्णन किया। सोने की लंका में आग लगते ही जय श्री राम के जयकारे लगे। शंकरपुर रामलीला के दौरान हनुमान अपने कंधों पर बैठाकर राम-लक्ष्मण को ले जाते है। राम-सुग्रीव की मित्रता हो जाती है। जिसके बाद बाली वध होता है। वहीं सीता की खोज में वानर सेना निकलती है। जहां समुद्र पार जाने के लिये जामवंत ने हनुमान को उनकी शक्ति याद दिलाई। जिसके बाद हनुमान समुद्र को लांघते हुये लंका पहुंचे। जहां सीता माता से भेंट की। इस दौरान पंचवटी में लगे पेड़ों को उखाड़ दिया। जिसके बाद सैनिकों ने हनुमान को बंदी बना लिया और रावण के सामने ले गये। जहां हनुमान की पूंछ लगा दिया। जिस पर हनुमान ने पूरी लंका में आग लगा दी। लंका में आग लगते ही जय श्री राम के उद्घोष लगे। इस मौके पर नरेंद्र नारायण त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण त्रिवेदी, ओम नरायन त्रिवेदी, सुमन त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी, छेदी सविता, हरी सविता, अभिषेक सविता मौजूद रहे।

# ट्रांस गंगा सिटी में यूपीसीडा ने लगाया सत्यापन शिविर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को दूसरे दिन ट्रांस गंगा सिटी के साइड ऑफिस के बगल में यूपीसीडा ने किसानों के लिए निशुल्क भूखंडों के सत्यापन का कार्य किया। कैम्प का उद्देश्य ट्रांस गंगा सिटी में किसानों को मिलने वाले 6 प्रतिशत निःशुल्क भूखंडों की जानकारी देना था।

कैम्प में मृतक किसानों के परिजनों की सूची का सत्यापन भी किया गया। इस दौरान यूपीसीडा के कई अधिकारियों के साथ किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया। सैकड़ों किसान इस कैम्प में शामिल हुए और अपने भूखंडों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। किसानों ने कैम्प को सकारात्मक और सहयोगात्मक बताया, जिससे उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है। यूपीसीडा की इस पहल से किसानों में उम्मीद जगी है कि उन्हें उनके अधिकार और सहायता समय पर मिल सकेगी।


कैंप में मौजूद यूपीसीडा के अधिकारी और किसान नेता। अमृत विचार

- ट्रांस गंगा सिटी में किसानों को मिलने वाले निःशुल्क भूखंडों की जानकारी दी गई

## सुबह से देर रात तक रही बाजार में जबरदस्त भीड़

**शुक्लागंज।** पति की लंबी उम्र के लिए मनाए जाने वाले करवा चौथ त्योहार के मद्देनजर शुक्लागंज के बाजारों में भीड़-भाड़ देखी गई। फोरलेन के अलावा गलियों में चूरा, गट्टा, करवा और अन्य पूजा सामग्री की दुकानों ने पूरे दिन ग्राहकों का स्वागत किया। महिलाएं सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारी में जुटी रहीं, जिससे बाजार गुलजार हो उठा।, इस दौरान, फोरलेन, पोनी रोड, कंचन नगर, श्रीनगर, चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी, अंबिकापुरम, गोपीनाथपुरम, भातू फार्म, गांधी नगर, झंडा चौराह, और ऋषि नगर समेत कई स्थानों पर पूजा की सामग्री, चूरा, लइया, गट्टा और खिलौनों की दुकानें सजी रहीं। हालांकि, महंगाई की वजह से पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लोग थोड़ी कम खरीदारी कर रहे।

# हाईवे पर नहीं लगेंगे झटके डामर की नई परत पड़ेगी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवीनीकरण का कार्य संस्था द्वारा शुरू करा दिया गया है। पुरानी डामर की सड़क को उखाड़कर डामर की नई परत डाली जा रही है। इससे राहगीर आने वाले दिनों में हिचकोलों से बचते हुए आराम से सफर कर सकेंगे।

सोहरामऊ बनी सीमा क्षेत्र से लेकर जाजमऊ तक लखनऊ-कानपुर हाईवे की लंबाई लगभग 62 किमी है। यह हाइवे वर्षो से ऐसे ही गड्ढा युक्त था। जिससे अक्सर हादसे होते रहते थे। पिछले कई महीनों एनएचएआई ने हाइवे के फिर से नवीनीकरण करवाने के लिए जीएस एक्सप्रेस निर्माण संस्था को 92 करोड़ का निर्माण करने का टेंडर दिया था। लगातार में हाईवे में होते बड़े गड्ढो और हादसों को देखकर दिवाली से पहले ही काम शुरू करा दिया गया है। संस्था ने हाईवे की पुरानी सड़क को उखाड़कर डामर की नई परत बिछानी शुरू कर दी है। संस्था सड़क को नए सिरे से बनाने के साथ ही डिवाइडरों की मरम्मत भी करवाएगा। हाईवे पर पड़ने वाले पुल, चौराहों और तिराहों पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था भी करवाएगी।

**बोले जिम्मेदार**

इंजीनियर अभय यादव ने बताया हाईवे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क, डिवाइडर बनाने के साथ पार्किंग व अन्य यात्री सुविधाओं को भी करवाया जाएगा।

**मेरा पहला करवा चौथ** — नई नवेली दुल्हनों में दिख रहा जबरदस्त उत्साह, करवाचौथ पर सोशल मीडिया पर दिखेगा जलवा

# मैं जग की कोई रीत न जानूं, मांग का तोहे सिंदूर मानूं...

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

- नई दुल्हनें अपने पहले करवा चौथ के लम्हों को संजोने के लिए कर रहीं खास तैयारी

**अमृत विचार।** करवा चौथ का पर्व हर साल विशेष रूप से नई नवेली दुल्हनों के लिए बेहद खास होता है। यह दिन उनके लिए न केवल पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने का अवसर है, बल्कि यह उनकी जिंदगी में एक नई शुरुआत का प्रतीक भी है। इस साल, डिजिटल युग में, जहां सोशल मीडिया का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, नई दुल्हनें अपने पहले करवा चौथ के पलों को संजोने के लिए खास तैयारी कर रही हैं।

करवा चौथ का व्रत हर विवाहित महिला के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए पूरे दिन उपवासी रहती हैं और रात को चांद को देखने के बाद व्रत तोड़ती हैं। नई नवेली दुल्हनें इस पर्व को लेकर खासा उत्साहित हैं। वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए तत्पर हैं, ताकि वे अपने पहले करवा चौथ की यादों को हमेशा संजोकर रख सकें। इसके लिये अभी से तैयारियां कर रहीं हैं, तैयारियां पूरी होने पर परंपरागत तरीके से व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु की कामना करेंगे। इस बार बाजार में करवा चौथ के लिए विशेषकर डिज़ाइनदार पीतल, मिट्टी के करवा, डिज़ाइनदार थालियां, लोटा, छलनी की बिक्री भी बढ़ी है। आधुनिक युग में, जहां सोशल मीडिया के माध्यम से हर कोई अपनी जिंदगी के पलों को साझा कर रहा है, वहां करवा चौथ भी एक नया रूप ले चुका है। करवा चौथ नई नवेली दुल्हनों के लिए खुशियों और प्यार का संदेश लेकर आया है। महिलाएं अपनी यादों को साझा कर रही हैं, जो आने वाले वर्षों में उनके लिए अमूल्य रहेंगे।

**नई नवेली दुल्हनों ने कही अपनी-अपनी बात**


सहजनी निवासी अधिवक्ता साक्षी सिंह चौहान ने कहा, 'यह मेरा पहला करवाचौथ है। मैं अपने पति विक्की सिंह ठाकुर की दीर्घायु के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना करूंगी। पहले करवाचौथ को यादों में संजोने के लिए मैं सोशल मीडिया पर पोस्ट करूंगी।


शुक्लागंज के चंपापुरवा निवासी प्रीती शर्मा ने बताया कि मैंने अपने बचपन के दोस्त रानू शर्मा से प्रेम विवाह किया है, और यह हमारा पहला करवाचौथ है। परंपरागत तरीके से व्रत तोड़ने के बाद मैं इस दिन की यादों को संजोने के लिए रील बनाकर सोशल साइट पर पोस्ट करूंगी।


शुक्लागंज के अवधपुरी निवासी स्मृति कुशवाहा जो एक साफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत हैं ने बताया कि मैंने अपने पति दीपक मौर्या के साथ इस पर्व को मनाने के लिए बाजार से खास खरीददारी की है। मैं इस दिन के हसीन लम्हों को जीवन भर संजोकर रखने के लिए सोशल साइट पर पोस्ट करूंगी।




रश्मि लोक निवासी प्राची यादव ने कहा कि पहले करवाचौथ पर विधिविधान से पूजा करने की तैयारी कर रही हूं। मेरे पति अंकित इस दिन मुझे सरप्राइज गिफ्ट देंगे। जो हमारी सोशल मीडिया की शान बनेगा। प्राची की इस बात से पता चलता है कि आज की दुल्हनें इस दिन को खास बनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं। -प्राची यादव



# सजना हैं मुझे सजना के लिए...

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** आज करवाचौथ पर्व है। इस दिन सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखतीं हैं। दिन भर वह व्रत रखकर रात को चंद्रमा के दर्शन के बाद पति की पूजा कर उनके हाथों से अन्न-जल ग्रहण कर व्रत का परायण करती हैं। इस त्योहार का सुहागिनों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार नवविवाहित जोड़ों में भी इस व्रत को मनाने के लिए खासा उत्साह है। जिसे लेकर सजने-संवरने का दौर शुरू हो गया है। ब्यूटी पार्लरों में एडवांस बुकिंग चल रही है। महिलाएं मनपसंद, साड़ियां, चूड़ी, कंगन, आभूषण, श्रृंगार के सामान सहित रंग-बिरंगे करवे की खरीदारी पूरी कर चुकी हैं।

**ब्यूटी पार्लरों में उमड़ रही भीड़**

मेहंदी रचाने के लिए शहर के बड़ा चौराहा, धवन रोड, छोटा चौराहा, पीड़ी नगर, गांधी नगर, आवास विकास कालोनी में बने बड़े शोरूम के बाहर महिलाओं की संख्या बढ़ने लगी है। शहर के सिविल लाइंस में मेहंदी लगा रही सोनाली ने बताया कि करवाचौथ पर सहयोग के लिए उन्होंने 5 साथियों को भी बुलाया है। एक महिला को मेहंदी लगाने में 15 मिनट लगते हैं। अन्य को इंतजार न करना पड़े इसके लिये साथियो को बुलाया है।


ब्यूटी पार्लर में मेहंदी लगवातीं महिलाएं। अमृत विचार

### सुहागिनों को पसंद आ रहा डायमंड फेशियल

ब्यूटी पार्लरों में फेशियल, मेकअप, ड्रेस पहनाने तक के पैकेज हैं। फेशियल के साथ आईब्रो, ब्लीच, थ्रेडिंग, वैक्सिंग, हेडवॉश एंड ब्लोड्राई, हेड मसाज, पेडिक्योर, मेनिक्योर आदि शामिल हैं। ब्यूटी पार्लर संचालिका रश्मी राजपूत ने बताया कि ज्यादातर महिलाएं डायमंड फेशियल पसंद कर रही हैं। जो 700 से शुरू है। वहीं तीन से 10 हजार तक के पैकेज भी हैं।

# दार्शनिक क्षेत्र में विश्वप्रतिष्ठ है भारत

हम असीम अस्तित्व के अंग हैं। इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे संबंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में हैं। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे। 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अनुभूति भारतीय चिंतन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमंडल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतिंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अन्ततः ब्रह्माण्ड का हिस्सा हूं।

संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। सम्पूर्णता आनंदित करती है। संसार का ज्ञान जरूरी है, लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। हम ही प्रश्नकर्ता है और हम उत्तरदाता। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोकव्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी है। हम विराट प्रकृति का अंग है। आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है, लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लंबे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ.आंबेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में "जातियों की उत्पत्ति और संरचना" पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था "प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. आंबेडकर ने कहा कि, "किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा।" वे कहते हैं "जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन सा था, जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। इसका उत्तर प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूं। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?" प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है।

ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. आंबेडकर ने इसी शोध में कहा था, "जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गलतियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।" सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी, लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किए। गांधी, डॉ. आंबेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जातिभेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में "नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता" पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था, लेकिन डॉ. आंबेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म हो होंगी। लिखा था "जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।" सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेदविहीन समाज बनाना होगा। "सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय" भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व हैं। राजनैतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गों के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय पूरा नहीं है। दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्वप्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बातें कही जाती हैं, लेकिन जन जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है। इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ विज्ञान और जाति मुक्त चिन्ता के साथ जाति समूहों का व्यथा चिन्तन भी होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्मगुरूओं को भी करना चाहिए।

# क्या प्रतीक बदले तो न्याय सुधरेगा

अचरज होता है कि भारत के न्यायतंत्र के आधुनिकीकरण पर! वरना जब अमेरिका जन्मा नहीं था, ब्रिटिश जनता वल्कल वस्त्र पहनती थी, मिस्र, यूनान और चीन अभी पिछड़े ही थे तब भारत में मनु, याज्ञवल्क्य, कात्यायन, बृहस्पति आदि प्रचुरता में न्यायिक ग्रंथ लिख गए थे। मगर अब अमृतकाल में प्रधान न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ को इल्हाम हुआ कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रतीकों का आधुनिकीकरण होना चाहिए।

न्यायशास्त्र का अध्ययन करते समय मुझे भी अचरज ही होता था कि पुरातन अध्ययन के आधुनिकीकरण का मुहूर्त कब आएगा? कानून के सामने सभी समान हैं, यह तो ध्रुव सत्य है। इसीलिए हैरानी होती है कि समतामूलक भारत को इसे लागू करने में इतना अरसा क्यों हुआ? ब्रिटिश साम्राज्यवादी धुरंधर विधिवेत्ता भी रहे। वे भी जागने में काफी पिछड़ गए। मसलन एक सर्वमान्य नियम है कि कानून कभी विषमता नहीं करता। फिर भी गोस्वामी तुलसीदास सदियों पूर्व लिख गए कि "समरथ को नहीं दोष गोसाई।" क्लेशदायी बात यह भी रही कि भारतीय महाद्वीप में भी ऐसी ही नाइंसाफी पनपती रही। लोग डॉ. भीमराव आंबेडकर की बड़ी श्लाघा करते हैं? तो क्या इस दलित पुरोधा ने संविधान में सवर्णों के साथ धोखा नहीं किया? विभाजित भारतीय उपमहाद्वीप के राजनेता और स्वाधीनता सेनानी लोग अधिकांश विधिवेत्ता ही रहे। राजेंद्र प्रसाद, नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना आदि मगर इन सभी ने बिखरे समाज को ही पनपाया। नेहरू तो अत्यधिक पक्षपाती रहे मुसलमानों के। मुसलमानों की अनगिनत स्त्री-सुख निर्बाध मिले। हिंदू के साथ तो अर्धांगिनी एकल ही। अंततः नरेंद्र मोदी ने एक नर का नारी वाला युगल कराया। विधिवादी दार्शनिक गुआन झोंग (720-645 ईसा पूर्व) ने घोषणा की कि "राजा और उसकी प्रजा चाहे कितनी भी बड़ी या छोटी क्यों न हो, कानून का पालन करना महान व्यवस्था होगी"। बाइबल कहती है कि "तुम और परदेशी प्रभु के सामने एक समान होंगेः तुम पर और तुम्हारे बीच रहने वाले परदेशी पर एक ही नियम लागू होंगे।" अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने 1867 में "कानून के समक्ष समानता" के आदर्श वाक्य को अपनाया। यह राज्य के झंडे और राज्य की मुहर दोनों पर दिखाई देता है।

इस आदर्श वाक्य को नेब्रास्का में अश्वेत लोगों और महिलाओं के लिए राजनीतिक और नागरिक अधिकारों का प्रतीक बनाने के लिए चुना गया था, विशेष रूप से नेब्रास्का की गुलामी की अस्वीकृति। दक्षिण अफ्रीकी स्वतंत्रता चार्टर 1955 में अपनाए गए की पांचवीं मांग रही, "कानून के समक्ष सभी समान होंगे!" याद रहे मिस्र ने विश्व न्यायतंत्र को तराजू दिया। यह न्याय की प्रतीक है। संतुलन का भी। यूनानी सभ्यता से न्याय की देवी यूरोप और अमेरिका पहुंची। इसे भारत ब्रिटेन के एक अफसर लेकर आए थे, 17 वीं सदी में ब्रिटिश काल में 18 वीं शताब्दी के दौरान न्याय की देवी की मूर्ति का सार्वजनिक इस्तेमाल किया जाने लगा। भारत की आजादी के बाद न्याय की देवी को उसके प्रतीकों के साथ भारतीय लोकतंत्र में स्वीकार किया गया। अलग-अलग देशों में न्याय की देवी कुछ अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती हैं। लेडी जस्टिस की मूर्ति आमतौर पर एक खड़ी या बैठी हुई महिला के रूप में होती है। वह आम तौर पर नंगे पैर होती है और उसके बाल या तो उसके कंधों तक लटकते हुए होते हैं या फिर बंधे होते हैं। कहीं-कहीं उसके बाल सिर के चारों ओर फैले हुए होते हैं। वह एक हाथ में तराजू और दूसरे में तलवार रखती है। आमतौर पर तराजू बाएं हाथ में और तलवार दाएं हाथ में होती है। करीब सभी जगह उसकी आंखों पर पट्टी बंधी होती है। फिलहाल हर परिवर्तन केवल प्रतीकात्मक होता है। जब तक मानव न्यायप्रिय नहीं बनता समाज अत्याचारी रहेगा, क्योंकि समाज का आधार ही शक्तिपूजा और निरंकुशता रहेगी।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

# देशज पसमांदा और सामाजिक न्याय की अभिकल्पना

हरियाणा चुनाव के ठीक बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम समाज की जातियों का उल्लेख कर पसमांदा और अशराफ के विभेद को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। अब यहां एक प्रश्न उठता है कि क्या मुस्लिम समाज एक समरूप इकाई है जैसा कि अशराफ वर्ग, सेकुलर और लिबरल बुद्धिजीवियों के नॉरेटिव में गढ़ा गया है। सत्य इसके ठीक विपरीत है। मुस्लिम समाज स्पष्ट रूप से विदेशी अशराफ (शासक वर्गीय उच्च वर्ग) और देशज पसमांदा (मुस्लिम धर्मावलम्बी आदिवासी, दलित और पिछड़े) समाज में न सिर्फ बंटा हुआ है, बल्कि ऊंच-नीच, भेदभाव नस्ली अस्मिता से भरा पड़ा है। न सिर्फ भारत बल्कि अरब देशों में भी मुस्लिम समाज में नस्लवाद और जातिवाद लगभग सभी रूपों में पाया जाता है।

इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की गिरफ्तारी के बाद निकाबत विभाग के प्रमुख द्वारा यह बयान जारी किया गया कि लजनतुल अंसाब (नस्ल जांच समिति) के अनुसार सद्दाम हुसैन के सैयद होने का दावा बिल्कुल गलत है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि सदर सद्दाम हुसैन को अपनी जाति सैयद बनाने की जरूरत पड़ गई। इसको बड़ी आसानी से समझा जा सकता है। जिसे उनके अवसान के बाद निरस्त कर दिया गया। अरब देशों में सर्वोच्च खलीफा का पद उच्च वर्गीय अशराफों के लिए इस्लाम धर्म की उत्पत्ति से ही आरक्षित है। इस्लामिक विद्वानों द्वारा समय-समय पर इस शासन कि मजहबी वैधता पर अक्सर सवाल उठाते देखा सुना जाता रहा है। ईरान राज्य का सर्वोच्च (सरकारी एवं मजहबी) रहनुमा का पद सदैव सैय्यद वंश के लिए आरक्षित रहता है। सिर्फ सैय्यद जाति के लोगों को ही काला इमामा (पगड़ी) पहने का विशेषाधिकार है। भारत के मुस्लिम अशराफ शासन काल में भी नस्लीय और जातीय भेदभाव आम था। अकबर ने तो यह शासनादेश जारी किया था कि नीची जाति के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने से रोक दिया जाए, क्योंकि इन जातियों से फसाद बरपा होता है। पूरे मुस्लिम अशराफ शासन काल में सैय्यद जाति को विशेषाधिकार प्राप्त था और उन्हें मृत्यु दण्ड नही दिया जाता था। ग्यासुद्दीन तुगलक और मुहम्मद बिन तुगलक का शासनकाल इसका अपवाद था। यही कारण था कि उस समय के अशराफ मौलवियों और अमीरों द्वारा उसे समय-समय पर मानसिक रोगी साबित करने की चेष्टा किया करते थे। भारत में आज भी प्रचलित इस्लामी शरिया कानून में शादी-विवाह के कानून में कुफु नामक सिद्धांत के अंतर्गत नस्लीय और जातिगत भेदभाव को वैधता प्राप्त है। अरब ईरान समेत दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में ऐसी सामाजिक न्याय का मिसाल ढूंढे नहीं मिलता। इन सबके बाबजूद मुस्लिम समाज में व्याप्त जातिगत और नस्लीय भेदभाव को अशराफ, सेक्युलर लिबरल बुद्धिजीवियों की तरफ से नकारा ही जाता रहा है। उस पर पर्दा डालने की व्यापक कोशिश की जाती रही है। हद तो तब हो गई जब सच्चर कमेटी की इस बात को कि दलित मुस्लिमों की हालत हिन्दू दलितों से भी बदतर है।



डॉ. फैयाज अहमद फैजी
वरिष्ठ लेखक

> भारत के मुस्लिम अशराफ शासन काल में भी नस्लीय और जातीय भेदभाव आम था। अकबर ने तो यह शासनादेश जारी किया था कि नीची जाति के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने से रोक दिया जाए, क्योंकि इन जातियों से फसाद बरपा होता है।

अशराफ, सेक्युलर लिबरल बुद्धिजीवी वर्गों ने भ्रम फैलाते हुए कहना शुरू किया कि सारे मुस्लिमों की स्थिति दलितों से भी बदतर है। जब मुस्लिम समाज समरूप इकाई नहीं है और यहां भी न सिर्फ सामाजिक, बल्कि धार्मिक आधार पर भी मुस्लिम समाज जातियों एवं जनजातियों में बटा हुआ है,जहां बन गुजर, भील, सेपिया, बकरबाल, सिद्धी जैसे आदिवासी, मिरासी, मेहतर, नट, धोबी, जैसी दलित और धूनिया, कुजड़ा, कसाई, डफाली, तेली, कोरी जैसी पिछड़ी जातियां हैं तो फिर कांग्रेस, सेकुलर पार्टियों या सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाली, दलित और मूलनिवासी की राजनीति करने वाली, राजनीतिक पार्टियों ने इससे अपने आपको क्यों अलग ही रखा? बाकी पार्टियों ने तो यदा-कदा ही सही इस पर बात की है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने सदैव ही इससे अनभिज्ञता का ही व्यवहार किया है। देशज पसमंदा आंदोलन के साथ-साथ शायद प्रधानमंत्री की भी यही पीड़ा है, जिसे उन्होंने अपने उद्बोधन स्पष्ट रूप से कहा है। पसमांदा उत्थान की बात तो बहुत दूर की है कांग्रेस ने कभी पसमांदा शब्द का प्रयोग करना भी गवारा नहीं किया। कांग्रेस सदैव मुस्लिम अशराफ तुष्टिकरण की नीति पर ही चलती रही है। अशराफ सदैव मुस्लिम एकता का राग अलापता है। वह यह जानता है कि जब भी मुस्लिम एकता बनेगी तो अशराफ ही उसका लीडर बनेगा। यह एकता उन्हें अल्पसंख्यक से बहुसंख्यक बनाती है, जिसकी वजह से अशराफ को इज्जत, शोहरत, पद और संसद विधान सभाओं में सम्मानजनक स्थान मिलता है।

दूसरी ओर ये लोग मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत पसमांदा कार्यकर्ताओं पर कौम के बंटवारे का आरोप लगाकर उन्हें यहूदी, आरएसएस/भाजपा का एजेंट कहकर कलंकित करने का प्रयास कर मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय की स्थापना में बाधा उत्पन्न करते रहें हैं। इसलिए पसमांदा आंदोलन की यह प्रथम मांग रही है कि मुसलमानों द्वारा मुसलमान एवं अल्पसंख्यक नाम पर चलने वाली सभी संस्थाओं में पसमांदा को संविधान प्रदत्त उनका एसी, एसटी और ओबीसी केटेगरी का कोटा निर्धारित कर आरक्षण की व्यवस्था कर सामाजिक न्याय स्थापित किया जाए। भारतीय बुद्धिजीवियों को, मीडिया को, सरकार में बैठे लोगों को, विपक्ष को और सामाजिक कार्यकर्ताओं को मुस्लिम समाज के नस्लीय और जातिगत स्तरीकरण को ध्यान में रखते हुए सिर्फ मुस्लिम प्रतिनिधित्व की बात नहीं, बल्कि उसके अंदर मौजूद आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के भागेदारी की बात करनी चाहिए और केंद्र व राज्य सरकारों को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए और अल्पसंख्यक व मुस्लिम समाज के लिए बनने वाली नीतियों पर पुनः विचार कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना चाहिए।

# पूजा और परस्त्री गमन

सुहागिनों का व्रत करवाचौथ उपस्थित है। वे दिन भर व्रत रखकर चंद्रोदय पर व्रत खोलती हैं। यह व्रत वे अपने पति की दीर्घायु के उद्देश्य से करती हैं। अपने ग्रंथों में सूर्य और चंद्र देवता मान्य हैं। व्रत उपवास तो दैहिक शुद्धिकारक होते ही हैं, इसमें दो राय नहीं है, किंतु लगता है समाज में नारी अस्मिता से छेड़छाड़ करने पर दोहरे मानदंड अपनाए गए हैं। एक तरफ तो रावण का उदाहरण है, जिसने सीताजी का हरण तो किया था, किंतु उनकी अस्मिता और शालीनता को आंच नहीं आने दी, तथापि उसके कुल का समूल नाश किया गया और तब से अब तक प्रतिवर्ष उसका पुतला फूंका जाता है। दूसरी तरफ चंद्रदेव हैं, जो बाकायदा परस्त्री गमन के दोषी हैं, फिर भी पूज्य हैं और वह भी नारी वर्ग द्वारा ही। पौराणिक कथानुसार देवगुरु वृहस्पति की पत्नी तारा बहुत सुंदर थीं। चंद्रमा उन पर मुग्ध हो गए और हरण कर ले गए। उन्हें अपनी पत्नी के रूप में रखा और एक पुत्र 'बुध' भी उत्पन्न किया। तारा को लेकर देवगुरु और चंद्रमा में युद्ध भी हुआ। दोनों ओर से कुछ समर्थक भी शामिल हुए। अंततः वृहस्पति पक्ष विजयी हुआ और चंद्रमा को तारा वापस करनी पड़ी। हालांकि व्यभिचार तो पूर्णता को प्राप्त हो चुका था। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, "ससि गुरुतियगामी नहुष, चढ़े भूमिसुर जान। लोक वेद ते विमुख मा अधम को वेणु समान"।। एक अन्य कथाक्रम में देवराज इंद्र ने गौतम ऋषि की पत्नी अहल्या से व्यभिचार किया था। ऋषि ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान हेतु बाहर जाते थे। देवराज ने चंद्रमा का सहयोग लेकर आधी रात को ऋषि को भ्रम उत्पन्न करा दिया कि सुबह होने वाली है। ऋषि बाहर चले गए, तो इंद्र अभिसार हेतु अहल्या के पास आ गए और चंद्रमा को कुटिया के द्वार पर पहरे पर बिठा दिया। ऋषि को गंगा जी ने षड्यंत्र बता दिया, तो वे उल्टे पांव वापस आ गए और दुष्कृत्य कर्ताओं को मौके पर पा लिया। सबको अलग-अलग शाप दे दिया। चंद्रमा को मुख पर दाग हो जाने और राहु/केतु द्वारा ग्रहण लगने का शाप दिया। यह सब होते हुए भी चंद्रदेव का पुतला फूंकना तो दूर, उनकी पूजा बाकायदा बरकरार है और वह भी नारियों द्वारा, जिन पर उनका कुदृष्टि डालना सिद्ध है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

> ऋषि को गंगा जी ने षड्यंत्र बता दिया, तो वे उल्टे पांव वापस आ गए और दुष्कृत्य कर्ताओं को मौके पर पा लिया। सबको अलग-अलग शाप दे दिया। चंद्रमा को मुख पर दाग हो जाने और राहु/केतु द्वारा ग्रहण लगने का शाप दिया।

# नाटकीय कथानक का जन्म

लॉ (रेंस) बि(श्नो)ई की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का सुराग सामूहिक-अवचेतन के अनेक रहस्यों में निहित है। शक्ति में अदम्य आकर्षण होता है। ताकत चुंबक की तरह खींचती है। जब उसके समीकरण बहुसंख्यजन को अपने अनुरूप लगते हैं तो वे उससे बेहतर प्रभावित हो जाते हैं। लोग भगवान को पूजते हैं, लेकिन मन ही मन जानते हैं कि दुनिया को शैतान चलाता है। बुराई की ताकतों का बोलबाला है। घी टेढ़ी उंगली से निकलता है। लोहा लोहे को काटता है। बाल-बच्चेदार, सद्-गृहस्थ लोग इस स्याह दुनिया से रोज मुठभेड़ करते हैं, लेकिन अपनी असमर्थता से मन ही मन घुटकर रह जाते हैं। जब वे किसी दिलेर को नियम तोड़ते देखते हैं तो इससे प्रभावित होते हैं। उसमें नायक की छवि की तनिक भी कल्पना से उस पर मुग्ध हो जाते हैं। 'एंग्री यंग मैन' का रूपक ऐसे ही रचा गया था, जिसने सत्तर के दशक में नियति-वंचित, मध्य-वित्त के नौकरीपेशाओं को अपनी दमित भावनाओं के विरेचन का सुख दिया था। लॉ (रेंस) की दबंगई भी जनमानस को निर्भर होने का रोमांच देती है।

लॉ (रेंस) की लोकप्रियता का दूसरा कारण उसकी 'हिन्दू गैंग्स्टर' की छवि का होना है। दाऊद इब्राहीम, छोटा शकील, टाइगर मेमन, अबू सलेम के किस्से सुनकर बड़ी हुई पीढ़ी को उसमें अपनी सामुदायिक पहचान का एक योद्धा दिखता है। नव हिन्दुत्व को इधर निरंतर अपने लिए उग्र प्रतीकों की जरूरत महसूस हुई है। राम और हनुमान की सौम्य छवियां भी इधर अधिक आक्रामक रूप में प्रस्तुत की गई हैं। राजनीति के क्षेत्र में पौरुषपूर्ण चेहरे उभरे हैं। इस नव-हिन्दुत्व को लॉ (रेंस) के रूप में नया नायक मिला है। लॉ (रेंस) भाल पर तिलक लगाता है, उसने अपनी बांह पर जय श्रीराम गुदवा रखा है, वह धार्मिक भावना आहत होने की बिनाह पर सलमान खान को ललकारता है। हत्याकांडों को वह 'प्रभु की लीला' करार देता है। "शत्रु के शरीर से मेरी लड़ाई थी, उनकी आत्मा तो अब परमात्मा में लीन हो चुकी"- ऐसे बयान बिना किसी लाग-लपेट के देता है। आम धारणा में यह पैठा है कि बॉलीवुड का झुकाव इस्लामिक नैरेटिव की तरफ रहता है। हाल के सालों में खान-त्रयी के वर्चस्व को तोड़ने वाले सुपर सितारों के रूप में अक्षय कुमार, अजय देवगन, सनी देओल, संजय दत्त को सेलिब्रेट किया जाता रहा है। दर्शकों ने विवेक ओबेरॉय को सलमान के सामने याचना करते देखा है। सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या देखी है। वे इस बात से खुश होते हैं कि बॉलीवुड को धमकाने वाला एक हिन्दू डॉन उभरकर सामने आया है। इस नए रोमांच ने सोशल मीडिया की उत्तेजित धमनियों में करंट दौड़ा दिया है!

लॉ (रेंस) का नामकरण अंग्रेज अफसर हेनरी लॉरेंस के नाम पर किया गया था, जो ब्रिटिश राज के दौरान पंजाब सूबे में लोकप्रिय थे। जन्म के समय उसका रंग गोरा-चिट्टा था और उसे फिरंगी कहने की गरज से उसका यह नाम रखा गया। लॉ (रेंस) ने कैमरे पर ऑन-रिकॉर्ड और एक से ज्यादा मर्तबा यह कहा है कि उसकी जिंदगी का एक ही मकसद है, सलमान खान को मारना। शर्त उसने यह रखी है कि अगर सलमान मुक्तिधाम, मुकाम में बिश्नोइयों के धर्मस्थल पर जाकर क्षमायाचना कर ले तो उसकी जान बख्स दी जाएगी। उसका यह तेवर लोगों की नसें फड़काता है।

सलमान पर इलजाम है कि उन्होंने साल 1998 में जोधपुर के जंगलों में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान काले हिरणों (कृष्णमृग) का शिकार किया था। इन कृष्णमृग को बिश्नोई समुदाय में पवित्र माना जाता है। जब वह घटना घटी, तब लॉ (रेंस) महज 4 साल का था, लेकिन गुस्से और अपमान को उसने जहर की गांठ की तरह मन में पाला। सलमान बॉलीवुड के भाईजान हैं। दबंग हैं, टाइगर हैं। उनका नाम चलता है। सलमान माफी कैसे मांगें और लॉ (रेंस) पीछे कैसे हटे? इसने एक बॉलीवुडशैली के नाटकीय कथानक को जन्म दिया है, जिसने सनसनी के भूखे लोगों को सुबह-शाम का मसाला दे दिया है।



सुशोभित

# वैश्विक शांति एवं खुशहाली के लिए भारतीय जीवन दर्शन अपरिहार्य

विकास का मुख्य उद्देश्य प्रसन्नचित, शांत एवं समृद्ध समाज का निर्माण करना है, परंतु आज वैश्विक समाज का एक बड़ा भाग और वर्ग अशांति और घोर अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। साथ ही आर्थिक समृद्धि के लिए शुरू हुई अंधी दौड़ की आपाधापी में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक विदोहन हो रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इस प्रकार आर्थिक समृद्धि के लिए अशांत एवं संघर्षरत समाज में प्रसन्नता या खुशहाली का हर एक संवेदनशील व्यक्ति से दूर होना लाजमी है। क्योंकि विकास का यह वैश्विक मॉडल औपनिवेशिक मानसिकता और पूंजीवाद पर आधारित है, जिस कारण गरीब और अमीर के बीच का अंतर बढ़ने के साथ ही अशांति भी बढ़ती जा रही है। इसलिए दीर्घकालीन व चिरकालीन सुख, शांति और संपन्नता के लिए वैश्विक समाज को भारतीय दर्शन को अपनाना होगा, जिसका रास्ता भारतीय ज्ञान स्रोतों से ही निकलेगा।

भारतीय ज्ञान के प्रमुख आधार वेद, पुराण, उपनिषद, महाभारत, रामायण और भगवत गीता इत्यादि विशाल स्रोत हैं। इन ग्रंथों की विशालता को सीखने एवं समझने के लिए स्कूली स्तर से शिक्षण एवं शोध करने की आवश्यकता आज वैश्विक स्तर पर महसूस की जा रही है, क्योंकि ज्ञान के इन स्रोतों और तथ्यों का विस्तार से अध्ययन किया जाना मानव समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए आवश्यक है। परंतु प्रश्न है कि इतनी पुरानी विरासत और समृद्ध ज्ञान को मानव कल्याण हेतु वर्षों तक उपयोग में क्यों नहीं लिया गया? कई वर्षों तक भारतीय ज्ञान के स्रोतों को नकारे जाने के पीछे मुख्य रूप से ब्रिटिश उपनिवेशवाद के द्वारा इस परंपरा को सीरे से नकारा जाना है, क्योंकि 17 वीं शताब्दी में आयरलैंड के आर्क विसप जेम्स उशर ने अपनी गणना के आधार पर पृथ्वी की रचना को ईश्वर द्वारा छह दिन की मेहनत के बाद 23 अक्टूबर 4,004 बीसी की तिथि बताई। इसलिए जब पृथ्वी की उम्र ही कम होगी तो हजारों, लाखों वर्ष पुराने ग्रंथों की प्रामाणिकता पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है, परंतु आधुनिक वैज्ञानिकों की गणना के अनुसार पृथ्वी की उम्र लगभग 4.50 अरब वर्ष और सृष्टि की उम्र लगभग 13.8 अरब वर्ष पुरानी मानी जा रही है। सृष्टि के निर्माण को 'बिग बैंग' से माना जाता है, जिसे बेल्जियम के भौतिक शास्त्री और कैथोलिक संप्रदाय के पादरी जॉर्ज लेमित्र ने 1927 में प्रतिपादित किया। खगोल विज्ञानी एडमिन हब्बल के सिद्धांत के अनुसार सृष्टि का लगातार विस्तार हो रहा है, यह तथ्य उनके द्वारा लगभग एक दशक के शोध व अध्ययन के उपरांत 1929 को दुनिया को समझ आया। इन वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि सृष्टि का आकार अनिश्चित है, जो लगतार फैल रहा है और इसमें कई ग्रह, तारे, आकाशगंगा आदि हो सकती हैं, जिनकी खोज जारी है और ये अरबों वर्ष पुरानी हैं। इससे भारतीय ज्ञान की हजारों, लाखों वर्षों से होने की प्रमाणिकता पुष्ट होती है। क्योंकि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे पुरानी परंपराओं में से एक है। ज्ञान के इन तथ्यों को समझने एवं अध्ययन करने के लिए उपनिवेशवाद की मानसिकता से बहार निकलना होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा के मुख्य रूप से तीन आयाम, ज्ञान, विज्ञान और दर्शन हैं। हर युग के भारतीय शास्त्रों में ज्ञान अर्जन पर जोर दिया गया है। ज्ञानार्जन की प्रक्रिया परीक्षा केंद्रित न होकर अनुभवों, प्रयोगों तथा अवलोकनों के आधार पर विकसित करने की रही है। वैज्ञानिक समझ विकसित होने से ही ज्ञान के तथ्यों को व्यवहारिक रूप में अमल में लाया जा सकता है। ज्ञान के सिद्धांतों एवं तत्वों को व्यावहारिक उपयोग करने से वैज्ञानिक समझ विकसित होती है। आज जो देश विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं वे पूंजीवाद आधारित आर्थिक विकास के मॉडल पर चल रहे हैं, जिससे आज विश्व समाज में आर्थिक विषमता और गरीब-अमीर के बीच खाई बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर पूंजीवादी आर्थिक नीति के कारण प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन तेज गति से हो रहा है, जो पर्यावरण संकट खड़ा कर रहा है और इससे वैश्विक स्तर पर आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संघर्ष भी बढ़ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की अस्थिरता इसी पूंजीवादी आर्थिक मॉडल की परिणीति है। इसलिए विश्व शांति, मानव कल्याण, समग्र व सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय जीवनशैली को विश्व समुदाय को अपनाना होगा।

भारतीय जीवनशैली मुख्य रूप से, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पर आधारित है, जिसके तहत हर व्यक्ति को जीवन पर्यंत सार्वभौमिक सत्य का अनुसरण कर सत्य के पथ पर चलते हुए प्रकृति और आर्थिक गतिविधियों के बीच में संतुलन बनाना होगा। साथ ही आर्थिक रूप से समृद्ध समाज को उस समाज के प्रति भी संवेदनशीलता अपनाने और आत्मीयता के साथ उनके उत्थान के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास करने होंगे, जो आर्थिक रूप से अधिक संपन्न नहीं हैं। इस प्रकार की नीति से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होगी यानी मनुष्य की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा और वैश्विक स्तर पर प्रसन्नचित समरस समाज स्थापित होगा।



प्रो. एच. सी. पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

> भारतीय ज्ञान परंपरा के मुख्य रूप से तीन आयाम, ज्ञान, विज्ञान और दर्शन हैं। हर युग के भारतीय शास्त्रों में ज्ञान अर्जन पर जोर दिया गया है।

# शादी नहीं हुई तो प्रेमी युगल ने चुनी मौत

## एक साथ कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या, कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ागांव का मामला

संवाददाता, कदौरा (उरई)


घटना के बाद मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचर।** कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ागांव में शादी न हो पाने से परेशान प्रेमी युगल ने शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात एक ही कमरे में एक साथ गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

पुलिस के अनुसार बड़ागांव निवासी 24 वर्षीय कुंवर लाल पुत्र गोपीलाल का पड़ोस में रहने वाली 18 वर्षीय पूनम पुत्री रामप्रकाश के साथ करीब तीन वर्ष से प्रेम संबंध था। बताया गया है कि दोनों के प्रेम संबंध की जानकारी उनके घरवालों को थी लेकिन पड़ोस का मामला होने के कारण दोनों परिवार बात को दबाए रहे। इसपर प्रेमी युगल छुप-छुपकर मिलते रहे लेकिन शादी न हो पाने के कारण वह परेशान रहते थे। शुक्रवार की रात को कुंवर लाल अपने घर के बाहर वाले कमरे में लेटा था। इसी दौरान रात में उसकी प्रेमिका पूनम भी घरवालों से छुपकर उसके कमरे में आ गई। बताया कि रात में ही दोनों ने रस्सी के फंदे से एक साथ लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पूनम की मां कमला ने घर में जाकर देखा तो उसकी पुत्री नहीं थी। लेकिन उसने आसपास खोजा पर युवक के घर नहीं गई। सुबह जब युवक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसके परिजनों ने खिड़की से देखा तो युवक व युवती दोनों एक ही फंदे पर लटके हुए थे। एक साथ दोनों को फांसी पर लटकता हुआ देखकर घर में चीख पुकार मच गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की खबर मिलते ही सीओ एके सिंह, थानाध्यक्ष प्रभात सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने घटना की हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल कर शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बांदा रोड पर जाम से परेशान रहे लोग

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** करवा चौथ के मद्देनजर कस्बे के साप्ताहिक बाजार में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ के चलते दोपहर में कस्बे के बांदा मार्ग में बस स्टॉप से लेकर पेट्रोल पंप तक भीषण जाम लगने से देवगांव मार्ग, विंध्यवासिनी देवी मार्ग आदि बुरी तरह से बाधित रहे लोगों को घंटो परेशान होना पड़ा। जाम स्कूली वाहनों के साथ परिवहन निगम की बसें तथा एंबुलेंस भी फंसी रही।

शनिवार को कस्बे का साप्ताहिक बाजार था। कस्बे का बांदा मार्ग बस स्टॉप से लेकर पेट्रोल पंप तक अतिक्रमण का जबरदस्त शिकार है। ग्रामीण इलाकों से आने वाले वाहन सड़क की पटरी में दोनों तरफ खड़े होने से इस मार्ग में हमेशा जाम लगता है। शनिवार को दोपहर में वाहन के आड़ा तिरछा खड़ा होते ही भीषण जाम लग गया। जाम लगने से देवगांव मार्ग एवं विंध्यवासिनी मार्ग से आने वाले वाहन भी फसकर रह गए। जाम में स्कूली बसें, रोडवेज बसों के साथ एंबुलेंस भी फंसी रही।

# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास, अदालत से गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- शुक्रवार को अदालत ने दोषी करार दिया था, 70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया
- वर्ष 2019 में मैनपुरी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में हुई थी शादी

**अमृत विचार।** छिबरामऊ थाना क्षेत्र में साल 2019 में दहेज के लिए हुई विवाहिता की गला दबाकर हत्या के मामले में जिला जज ने पति पर दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास और 70 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित किया गया था।

जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा ने बताया कि 9 जून 2019 को पूजा (20) की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पूजा के पिता रघुवीर निवासी हुसैन जिला मैनपुरी ने 10 जून 2019 को पति अंकित उर्फ मंगली पुत्र नन्हेंलाल, देवर अनमोल उर्फ टर्री, बाबा भानुप्रताप सिंह पुत्र सुखलाल व अज्ञात मामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि उसने बेटी की शादी 1 मई 2019 को मैनपुरी के एक गेस्ट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में की थी। शादी के बाद से ही आरोपी दहेज में तीन लाख रुपये की मांग करने लगे थे। 9 जून को फोन पर सूचना मिली कि पूजा की मौत हो गई है और ससुरालीजन गायब हैं। 10 जून को मामले में दहेज हत्या में रिपोर्ट दर्ज की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई। इसके साथ ही उसके शरीर पर मृत्यु से पहले 8 चोटें पाई गईं थीं, जबकि लीवर और स्प्लीन फटे मिले थे।

विवेचना तत्कालीन एसओ शेषमणि उपाध्याय ने की और पति के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया। शनिवार को जिला जज चंद्रोदय कुमार ने दोष सिद्ध पति अंकित उर्फ मंगली को आजीवन कारावास और 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर दोषी को 10 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**फतेहपुर।** धाता क्षेत्र में खागा रोड पर स्थित एक ढाबा के पास बाइकों की आमने-सामने भिड़त में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

धाता थाना क्षेत्र के मटिहा मजरे कबरे निवासी अजय पुत्र मुरली प्रजापति बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। वह एक ढाबा के पास पहुंचा, तभी सामने से आई तेज रफ्तार बाइक भिड़ंत से हो गई। इस बाइक पर सवार सोनू सिंह (28) और आदर्श (19) दोनों धाता के निवासी थे। हादसे के कारण दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी एंबुलेंस से धाता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं आदर्श और सोनू की हालत चिंताजनक बनी है।

# कर्ज से परेशान किसान ने फंदा लगाकर दे दी जान

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- एक माह पहले भाई ने भी फंदा लगाकर की थी आत्महत्या

**अमृत विचार।** नगर के सोनीगंज में एक युवक ने कर्ज से परेशान होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक माह के अंदर दो भाइयों की मौत ने माता-पिता को गहरा सदमा दिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नगर के सोनीगंज निवासी जगदीश सोनी का 38 वर्षीय पुत्र नरेंद्र उर्फ चंदू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक माह पूर्व भी मृतक के छोटे भाई पुष्पेंद्र ने भी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। एक माह के अंदर दो पुत्रों की मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। नगर के सोनी मोहल्ले में रहने वाले नरेन्द्र व पुष्पेंद्र शादीशुदा हैं। और दोनों ने एक माह के अंदर आत्महत्या कर ली है। एक के बाद एक जवान बेटों की मौत ने परिजनों को हिला कर रख दिया है। तीसरा पुत्र अरविन्द अविवाहित है। परिजनों ने बताया कि नरेंद्र सोनी ने घर में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उस समय परिवार के लोग सो रहे थे। मृतक के घर में पत्नी माधुरी एवं दो पुत्र व एक पुत्री का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी को अब बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है। इससे पहले छोटे भाई ने भी आत्महत्या कर ली थी। एक पुत्र के क्रियाकर्म से पिता फारिग ही हुए थे कि दूसरे पुत्र ने फांसी लगाकर उन्हें सदमा दिया है।

# हाईवे पर कार की टक्कर से मजदूर की सांसें थमीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शुक्रवार की शाम मजदूरी कर घर जा रहा था युवक
- मानीमऊ में उदैतापुर क्रासिंग के निकट हुआ हादसा

**अमृत विचार।** मानीमऊ में शुक्रवार की शाम हाईवे पार कर रहे मजदूर को कार ने टक्कर मार दी। पुलिस उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गरीबी के कारण गांव के लोगों ने चंदा कर कफन के पैसे जुटाए।

सदर कोतवाली के गांव मकदूमापुर निवासी मंजीत (35) पुत्र जयपाल मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन करता था। शुक्रवार की सुबह वह मजदूरी करने घर से निकला था। शाम को मजदूरी कर कुछ सामान खरीदने के बाद शाम करीव 8:20 बजे वह उदैतापुर क्रासिंग के सामने हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे की जानकारी पर पहुंची मानीमऊ पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहां उनका रो रो कर बुरा हाल रहा।

## बाइक फिसलने से वृद्ध की गई जान

**उरई।** शहर क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बाइक के सामने मवेशी आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक पर सवार दो लोगों में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है।

आटा थाना क्षेत्र के भदरेखी का किसान शंभू सिंह (65) शैलेन्द्र सिंह के साथ बाइक पर उरई से घर जा रहा था। देर रात हाईवे पर गोविंदम के पास सामने गोवंश आने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इससे बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां शंभू सिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर कर दिया। वहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया। ग्वालियर पहुंचने से पहले ही शंभू सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

# राजापुर पुलिस ने बरामद किया गेहूं लदा ट्रक, 2 लोग गिरफ्तार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



बोड़ी पोखरी के पास से बरामद हुआ गेहूं लदा ट्रक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गल्ला व्यापारी के खोए ट्रक को राजापुर पुलिस ने बरामद कर लिया। गेहूं लदे ट्रक को लगभग बीस दिन पहले महाराष्ट्र भेजा गया था पर वह वहां नहीं पहुंचा था। परेशान व्यापारी ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने ट्रक के मालिक और खलासी को भी धर दबोचा।

जानकारी के मुताबिक, कस्बे के गल्ला व्यापारी उमेश चंद्र साहू ने लगभग बीस दिन पहले गोदाम से 600 बोरी गेहूं अहमदनगर (महाराष्ट्र) ले जाने के लिए प्रतापगढ़ के मोठिन गांव निवासी ट्रक मालिक व चालक कृष्ण कुमार पाल पुत्र बैजनाथ पाल व खलासी करम अली पुत्र मुनन खान निवासी रामापुर को 75 हजार भाड़ा देकर भेजा था। व्यापारी के मुताबिक, चालक व खलासी की नीयत खराब हो गई और ट्रक महाराष्ट्र नहीं पहुंचा। इस संबंध में व्यापारी ने 30 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### चालक और खलासी की तलाशी में मिले 50 हजार रुपये

पुलिस के अनुसार, खुद को घिरा देखकर चालक और खलासी ट्रक स्टार्ट करके भागने का प्रयास कर ही रहे थे कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जामातलाशी के दौरान 50,060 रुपये व ट्रक में लदा 346 बोरी गेहूं बरामद किया गया। गल्ला व्यवसायी ने पुलिस की सराहना कर बताया कि पुलिस की कड़ी मेहनत और लगन के कारण ट्रक सहित माल बरामद कर लिया गया है।

**कार्यक्रम का समापन** | नानाजी देशमुख की जयंती पर पहुंचे मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और राज्यमंत्री कृष्णा गौर

# इंडियन आइडल के गायकों के साथ झूमे लोग

**शरदोत्सव**

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)


कार्यक्रम के आखिरी दिन उमड़ पड़ा हुजूम। अमृत विचार


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते पवनदीप और अरुणिता कांजीलाल। अमृत विचार

- धूमधाम से हुआ 3 दिवसीय महोत्सव का समापन, देररात तक झूमते रहे दर्शक

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की जयंती पर हुए तीन दिवसीय शरदोत्सव का शुक्रवार रात समापन हो गया। अंतिम दिन मुंबई के इंडियन आइडल फेम गायक पवनदीप राजन एवं अरुणिता कांजीलाल की जोड़ी के नाम रहा। इनकी गायिकी के दौरान युवा बेकाबू होते नजर आए और मंच तक पहुंचने की कोशिश की। लोगों ने देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नानाजी के कृतित्व ने प्रभु राम की तपोस्थली एवं वन अंचलों में चैतन्यता जगाने का काम किया है। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि विश्व में समाज सेवा के क्षेत्र में दीनदयाल शोध संस्थान के काम अनुकरणीय मॉडल हैं। संतोषी अखाड़ा के महंत राम जी दास ने नानाजी को सेवा और मानव समाज के लिए समर्पण का भाव का उदाहरण बताया। शरदोत्सव की आखिरी शाम पवनदीप राजन और अरुणिता कांजीलाल के नाम रही। अरुणिता ने ठुमक चलत रामचंद्र भजन से शुरुआत की। इसके बाद, पल पल ठहर जाओ', आने वाला कल, तू जो मिल गया, अगर तुम साथ हो, मेरी दुआ सुन ले जरा, आओ पधारो पिया आदि गीतों से समां बांध दिया। दर्शक भी अरुणिता के साथ ताल से ताल मिला कर गाने लगे। इसके बाद स्टेज पर पहुंचे पवनदीप ने जो तुम ना हो गाने से शुरुआत की तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। फिर फिल्म कबीर सिंह का गीत कैसे हुआ गाया तो तालियां और सीटियां बजने लगीं। ले जाएं जाने कहां हवाएं पर दर्शक झूमने लगे। दोनों कलाकारों ने महान पार्श्वगायक किशोर कुमार और स्वरकोकिला लता मंगेशकर के गाए युगल गीतों को गाकर माहौल को खुशनुमा कर दिया। समापन तेरी मिट्टी में मिल जावा गीत की शानदार परफॉरमेंस से किया। कार्यक्रम की शुरुआत नानाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

### पवनदीप के तरानों पर जमकर थिरके युवा

पवनदीप एवं अरुणिता के गानों को सुनने चित्रकूट के अलावा सतना आदि से भी लोग पहुंचे। लोग पवनदीप के गानों पर जमकर थिरके। कार्यक्रम की उद्घोषणा अंतर्राष्ट्रीय रामायण मेला में श्रीराम का किरदार निभाने वाले देवर्षि नागर ने की।

## 50 हजार की इनामी पूजा को पकड़ा गया

**फतेहपुर।** कई जिलों में अरबों रुपये की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड की फरार पत्नी पूजा मौर्य को एसटीएफ ने कानपुर से गिरफ्तार किया है। पूजा मौर्य पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसका पति राजेश पहले से जेल में बंद है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजूरिहापुर निवासी राजेश मौर्य पर ठगी के दर्जन भर से अधिक केस हैं। उसकी पत्नी पूजा मौर्य पर दो मुकदमे हैं। पुलिस ने उसे कानपुर के रावतपुर थाना क्षेत्र के मसवानपुर में एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पूजा मौर्य को एसटीएफ के निरीक्षक जयप्रकाश राय की मदद से पकड़ा गया। पूजा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2015 में राजेश मौर्य से हुई थी। पति ने एनजीओ बनाकर प्रयागराज, कौशाम्बी और फतेहपुर में 150 करोड़ रुपये की ठगी की। राजेश को एसटीएफ ने 3 जुलाई को सरदार के वेश में पकड़कर जेल भेजा था।

## सार-संक्षेप

### रुद्र प्रताप ने नेशनल ताइक्वांडो में जीता गोल्ड


रुद्र प्रताप को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा। अमृत विचार

**इटावा।** थियोसोफिकल इंटर कालेज के कक्षा 9 के छात्र रुद्र प्रताप ने सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप एवं सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप दोनों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया। चैम्पियनशिप का आयोजन 9 से 13 अक्टूबर तक मदर इंडिया पब्लिक स्कूल ऊधम सिंह नगर जिला बाजपुर उत्तराखंड में किया गया। जिसमें अंडर 14 वजन 29 किग्रा में विद्यालय के छात्र रुद्र प्रताप ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इटावा ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला सचिव एवं कोच हिमांशु यादव एवं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक शशांक पाठक ने बताया कि छात्र रुद्र प्रताप एसजीएफआई नेशनल चैम्पियनशिप के लिए विदिशा मध्य प्रदेश में 8 से 12 नवंबर तक होने वाली चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा ने रुद्र प्रताप को पुरस्कृत करते हुए कहा कि छात्रों को मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास पर भी ध्यान देना चाहिये।

### किशोरी से छेड़खानी के दोषी को 3 वर्ष की कैद

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने थाना अजीतमल क्षेत्र में एक किशोरी के साथ छेड़खानी व मारपीट करने के दोषी आशू दीक्षित की तीन वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। उस पर 15 हजार रूपये अर्थदंड भी लगा। उपरोक्त मामले की पैरवी कर रहे डी.जी.सी.अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने बताया कि वादी ने थाना अजीतमल में रिपोर्ट लिखवाई कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री व उसका भाई कोचिंग के बाद शाम पांच बजे वापस घर बाइक से आ रहे थे, तभी सुनसान जगह पर गांव के ही आशू दीक्षित ने बाइक रोक ली और गालियां देते हुए पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट करने लगे। भाई ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया तो आशू ने जान से मारने की धकमी दी। यह रिपोर्ट थाने में दर्ज हुई। पुलिस ने विवेचना कर आशू के विरुद्ध छेड़खानी मारपीट एससी एसटी एक्ट व पॉक्सो में चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह की कोर्ट में चला तथा शनिवार को इसका निर्णय सुनाया गया। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने अभियुक्त आशू दीक्षित निवासी ऐमा सेंगनपुर थाना अयाना को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया तथा उस पर 12 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया।

### बालक के अपहरण और हत्या के मामले में उम्रकैद

**इटावा।** स्पेशल जज एससीएसटी एक्ट रामचंद्र यादव प्रथम के न्यायालय से सात वर्षीय बालक का अपहरण करके उसकी हत्या कर देने के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही 18 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमाकांत चतुर्वेदी ने जानकारी दी है कि 18 सितंबर 2018 को वादी लक्ष्मी देवी पत्नी संतोष शंखवार मुहल्ला फक्कड़पुरा थाना जसवंतनगर ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके सात वर्षीय पुत्र आदित्य का विमलेश कुमार पुत्र रामनाथ नाई फक्कड़पुरा थाना जसवंतनगर द्वारा शाम करीब छह बजे अपहरण कर उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया है। जिस समय अपहरण किया गया उस समय उसका पुत्र घर के बाहर खेल रहा था। विमलेश द्वारा उसके पति संतोष शंखवार से 10 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना अधिकारी सीओ जसवंतनगर द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर विमलेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। प्रभावी पैरवी करते हुए पुलिस ने अभियोजन के सभी गवाहों को उपस्थित किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद विमलेश कुमार को अपहरण व हत्या का दोषी पाया और मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### लापरवाही और अभद्रता करने में दो शिक्षक निलंबित

**इटावा।** बेसिक शिक्षा विभाग के अलग-अलग विद्यालयों में कार्यरत दो शिक्षकों को लापरवाही और अभद्रता आदि के मामलों को लेकर निलंबित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने अभिषेक यादव इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुंदोल विकासखंड चकरनगर को उन पर लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टिया सही पाए जाने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया है। बीडीओ कार्यालय चकरनगर से संबद्ध किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी महेवा ने पत्र लिखा था कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिषेक यादव ने 23 जुलाई को बीआरसी कार्यालय बकेवर महेवा पर आकर कार्यालय कार्य में बाधा उत्पन्न की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। अभिषेक यादव इंचार्ज प्रधानाध्यापक को सरकारी कार्य में बाधा डालने और कर्मचारियों से अभद्रता करने तथा शिक्षक आचरण नियमावली के उल्लंघन करने का दोषी पाए जाते हुए निलंबित कर दिया गया। एक अन्य मामले में बेसिक शिक्षा विभाग में कंपोजिट विद्यालय नगला करोड़ी में कार्यरत शिक्षक प्रबल प्रताप सिंह को निलंबित किया गया है। इस संबंध में बताया गया है कि सहायक अध्यापक प्रबल प्रताप सिंह ने दो दिन का चिकित्सा अवकाश लिया था, जब उनका चिकित्सीय अवकाश का आवेदन आया तो उसको खंड शिक्षा अधिकारी ने अस्वीकृत कर दिया क्योंकि उसने किसी डॉक्टर का परामर्श पत्र संलग्न नहीं था। इस पर संबंधित शिक्षक ने विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप पर लिखा कि 3 दिन का चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद कई अन्य पोस्ट भी व्हाट्सएप ग्रुप में डाली गई विभाग ने इसको नियम विरुद्ध तथा शिक्षकों को भड़काने वाली पोस्ट माना और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने जैसा माना।

### 3 किशोर छात्रों के लापता होने से मची खलबली

**इटावा।** शहर में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में शिवपुरी शाला रहने वाले धर्मेंद्र का 16 साल का बेटा नितिन जो इस्लामिया इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र है, इसी शाला के रघुवीर सिंह का 12 साल का बेटा शिवम जो कक्षा पांच का प्रेमवती स्कूल का छात्र है तथा इसी शाला के दिनेश कुमार का 14 साल का बेटा अमित कुमार जो प्रेमवती स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। यह तीनों शाम चार बजे अपने अपने घरों से कोचिंग जाने की कहकर निकले लेकिन कोचिंग न जाकर कहीं और चले गए। देर शाम तक घर वापस न आने पर तीनों के परिजनों ने काफी देर तक खोजबीन की पता नहीं चलने पर थाना में सूचना दी।

### दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बिवांर (हमीरपुर)।** मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर की युवती से फेसबुक पर दोस्ती गांठने के बाद शादी का झांसा देकर गांव बुलाकर दुराचार करने व धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाया। इस मामले में आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के मुटनी गांव निवासी मतलूम पुत्र महबूब ने फेसबुक पर अपने को हिंदू बता राजू ठाकुर नाम से आईडी बनाई थी। फेसबुक के जरिए मध्यप्रदेश के छतरपुर निवासी युवती की उससे बातचीत होने लगी। आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर उसे बीते दिनों अपने घर बुला लिया। युवक उसके साथ जबरिया दुराचार किया। इसके बाद धर्म परिवर्तन करने पर शादी का दबाव बनाने लगा। युवती के धर्म परिवर्तन से मनाही किए जाने पर अभद्रता कर जमकर मारपीट की। इस मामले में आरोपी का पिता महबूब व एक अन्य उसका सहयोग कर रहा था। युवती किसी तरह से छूटकर भाग निकली। युवती ने पिता पुत्र व एक अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में क्राइम इंस्पेक्टर रणवीर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाहर भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहे आरोपी पिता पुत्र को इमिलिया तिराहा के पास से गिरफ्तार किया है।

### शिक्षक पर लगाया पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के एक मोहल्ला की एक छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री एमए की छात्रा है, जिसको पढ़ाने उमेश प्रजापति उसके घर आता था। बीती 18 फरवरी 2023 को घर में पुत्री को अकेला देख उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका मोबाइल में वीडियो बना लिया। जिसे वायरल करने की धमकी देते हुए आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह पुत्री से शादी का झांसा देता रहा और जब पुत्री ने उससे शादी का दबाव बनाया तो शादी से इनकार कर दिया। पीड़ित मां ने पुलिस से उक्त मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं उक्त मामले कोतवाल ने मामला प्रेम प्रसंग का बताया है।

### 60 लीटर शराब और 6 क्विंटल लहन बरामद

**फतेहपुर।** दीपावली के अवसर पर अवैध कच्ची शराब के निर्माण की रोकथाम के लिए पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक धवल के निर्देश पर हथगाम थाना क्षेत्र के आलेमउऊ गांव में छापेमारी के दौरान जंगल और कुछ घरों में सर्च ऑपरेशन किया गया। इस दौरान तीन प्लास्टिक के ड्रमों में भारी मात्रा में कच्ची शराब और भारी मात्रा में लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी वृंदावन राय ने बताया कि त्योहार के दौरान अवैध कच्ची शराब के निर्माण की सूचना पर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और इस मामले में रज्जन पासवान (28) और हरछठी पासवान (33) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों पर पहले से भी दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इस अभियान में कच्ची शराब बनाने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# इंजीनियर को डिजीटल अरेस्ट कर ऐंठे 84 लाख

## दो दिन तक सीबीआई अधिकारी बनकर वीडियो काल पर फंसाकर रखा

संवाददाता, लखनऊ

● 11 खातों में जमा कराई रकम साइबर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट



**अमृत विचार।** गल्ला जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में शामिल होने का आरोप लगा कर मर्चेंट नेवी इंजीनियर को 48 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा। कथित सीबीआई गिरफ्तारी से बचने के एवज में खातों में जमा रुपयों की जांच किए जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद 11 खातों में करीब 84 लाख रुपये ठगों ने ट्रांसफर कराए। एक दोस्त के सम्पर्क में आने पर पीड़ित ने घटना के बारे में बताया। तब इंजीनियर को पता चला कि वे साइबर ठगों के चंगुल में फंसे है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हजरतगंज निवासी एके सिंह मर्चेंट नेवी में मरीन इंजीनियर है। 27 सितंबर को वह एक सेमिनार में शामिल होने के लिए दिल्ली गए थे। होटल में ही उन्हें अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) से बोल रहा है। उसने बताया कि आपके मोबाइल नम्बर से आपत्तिजनक मैसेज भेजे गए हैं। इसलिए नम्बर को बंद किया जाएगा। आप चाहें तो मुम्बई अंधेरी पूर्वी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क कर एनओसी हासिल कर सकते हैं। जाल में फंसाकर ठग ने मुम्बई पुलिस के कथित दरोगा प्रदीप सावंत का नम्बर दिया। जिस पर उन्होंने कॉल मिलाई। बातचीत के दौरान उनसे कहा गया कि आपके आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल हो रहा है। वे अभी बात कर रहे थे। तभी पीछे से आवाज सुनाई दी कि गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया है। यह बात सुन कर एके सिंह घबरा गए।
गिरफ्तारी वारंट की बात पर कथित दरोगा ने एके सिंह को बताया कि मामला सीबीआई तक पहुंच गया है। आपको सीबीआई अधिकारी राजेश मिश्रा से बता करनी पड़ेगी। एके सिंह ने राजेश से बात कराई। जिसने बताया कि नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में एके सिंह भी आरोपी है। उन्होंने केनरा बैंक में अकाउंट खोला है। जिसमें एके सिंह के आधार कार्ड का इस्तेमाल किया गया है। ऐसे में गिरफ्तारी की जाएगी। मनी लांड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाकर कथित सीबीआई अधिकारी ने एके सिंह को डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही। उस वक्त एके सिंह दिल्ली में थे। ऐसे में होटल के कमरे में ही उन्हें दो दिन तक वीडियो कॉल कर डिजिटल अरेस्ट कर रखा गया। साथ ही जांच की बात कहकर 84 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

# महाकुंभ 2025 में होंगे सात स्तरीय सुरक्षा इंतजाम

## पिछले महाकुंभ की तुलना में बढ़ाए गए 14 हजार से अधिक पुलिसकर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने सात स्तरीय सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। इस बार मेले में 37611 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसमें मेला क्षेत्र के लिए 22,953 पुलिसकर्मी, कमिश्नरेट के लिए 6887 और जीआरपी के 7771, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 1378 महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। पिछले महाकुंभ 2013 में 22998 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इस बार तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या 14713 अधिक है।

### ऐसी होगी सात चक्रीय सुरक्षा

- पहले चक्र में मूल स्थल (प्वाइंट आफ आरीजन) पर चेकिंग होगी।
- दूसरे चक्र में ट्रेन, बस व निजी वाहनों की जांच की होगी।
- तीसरे चक्र में प्रदेश की सीमाओं पर व्यापक पड़ताल की जाएगी।
- चौथे चक्र में जोन की सीमाओं व टोल प्लाजा पर चेकिंग होगी।
- पांचवें चक्र में प्रयागराज कमिश्नरेट की सीमा पर जांच होगी।
- छठे चक्र में मेला क्षेत्र आउटर में सघन जांच की जाएगी।
- 7वें चक्र में इनर व आइसोलेशन कार्डन पर चेकिंग होगी

### 10 तरह के सुरक्षा आपरेशन भी चलाए जाएंगे

महाकुंभ-2025 में प्रयागराज पहुंचने वाले हर व्यक्ति की गतिविधियों पर सुरक्षाकर्मियों की नजर होगी। स्थानीय अभिसूचना इकाई के साथ अन्य शाखाओं के बीच लगातार संवाद व संपर्क रहेगा। संपूर्ण मेला अवधि के दौरान 10 प्रकार के सुरक्षा आपरेशन भी चलाए जाएंगे। इंटेलिजेंस आधारित एकीकृत नियंत्रण व कमान केंद्र (आइसीसीसी) के माध्यम से एआई युक्त सीसीटीवी कैमरों द्वारा फोटो, पहचान के चिह्न व टीएसपी (तकनीकी सेवा प्रदाता) के जरिए निगरानी की जाएगी।

### किस शाखा से कितने पुलिसकर्मी

| | |
|---|---|
| नागरिक पुलिस | 18479 |
| महिला पुलिस | 1378 |
| यातायात पुलिस | 1405 |
| सशस्त्र पुलिस | 1158 |
| घुड़सवार पुलिस | 146 |
| परिवहन शाखा | 230 |
| एलआइयू | 510 |
| जल पुलिस | 340 |
| होमगार्ड जवान | 13,965 |

# 'कांग्रेस दिलाएगी न्याय' की समीक्षा

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस सोशल आउटरीच विभाग की बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'कांग्रेस दिलाएगी न्याय' कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न जिलों से आए प्रभारियों ने अपने प्रभार क्षेत्र के जिले से प्राप्त प्रांतीय स्तर की शिकायतों की जानकारी दी।

# बेटी से दुष्कर्म कराने में मां व उसके प्रेमी को 20 वर्ष की कैद

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कराने में मां और दुष्कर्म के दोषी उसके प्रेमी को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने 20 साल का सश्रम कारावास और 42 हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया है। इसके अलावा अन्य धाराओं में भी दोनों को सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। 21 अगस्त 2022 को अहिरौली थाने में एक युवक ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी मां ने दूसरे व्यक्ति के बहकावे में आकर उसकी 12 वर्षीया बहन को पंडित दीनदयाल राजकीय इंटर कालेज चकदही खलीलावाद के हॉस्टल से नाम कटवाकर लखनऊ ले गयी। बहन को जबरन शराब पिलायी जाती थी तथा मांस खिलाया जाता था। उसकी मां के साथ एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम उमेश गिरी बताया जा रहा है। मोबाइल पर उमेश गिरी उसको धमकी भी देता था कि यदि कही शिकायत की तो तुम्हारी बहन को बेच देंगे। 19 अगस्त की रात में उसकी बहन ने फोन कर उसे बताया कि वह किसी तरह भागकर सोनहरा में जब अपनी बहन के पास पहुंचे तो उसकी बहन ने बताया कि उमेश गिरी ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। भाई की इस तहरीर पर पीड़िता की मां व उमेश गिरी के विरुद्ध दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया। मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि हुई होटल मालिक ने भी गवाही दी थी। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट मोहन कुमार ने मां और उसके प्रेमी को दुष्कर्म की धारा में 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा दी।

# मातृभाषा ही व्यक्ति के विकास की जड़

कार्यालय संवाददाता प्रयागराज

**अमृत विचार।** भोजपुरी संगम और स्वाती फाउंडेशन की ओर से भोजपुरी के उत्थान और उसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए दबाव बनाने को शनिवार को प्रयागराज के एएमए सभागार में चर्चा हुई। भोजपुरी साहित्य के मूर्धन्य लोगों ने कविता पाठ से लेकर साहित्य विकास तक की चर्चा की। इसके बाद देर रात तक भोजपुरी लोकगीतों का कार्यक्रम चलता रहा। मुख्य अतिथि पूर्व सासंद बृजभूषण शरण सिंह ने सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की मातृभाषा ही उसके विकास की जड़ होती है। जितना भाषा का विकास होगा, उतना ही उस क्षेत्र का बौद्धिक विकास होगा। यह जरूरी नहीं कि उसे आठवीं अनुसूची में शामिल ही किया जाय, उससे पहले जरूरी है कि हम सभी उसमें रचे-बसें, कहीं भी रहें, अपनी भोजपुरी को बोलने में शर्म न करें बल्कि गर्व करें और उसी भाषा में बात करें। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि जिस भाषा में हमने बोलना सीखा है, जिसने हमें अपनत्व का बोध कराया है, वह निश्चय ही हमारी मां से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस भाषा की मिठास अन्य कहीं मिलना मुश्किल है। विशिष्ट अतिथि कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भोजपुरी में ही नहीं, भोजपुरी समाज के लोगों में भी जो मिठास है, वह अन्यत्र कहीं नहीं दिख सकता। विशिष्ट अतिथि डा. उदेश्वर सिंह, अमित अनजान आदि मौजूद रहे।

# टायर फटने से वाहन पलटा, 5 लोग घायल

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 147 किमी पर शनिवार सुबह टायर फटने से डीजे से लदी एक डीसीएम वाहन सड़क पर पलट गईं। हादसे में पांच लोग घायल हुए है। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

मेरठ जिले के डबका गांव निवासी सौरभ (28), राशिद (28), बिट्टू (24), हिमालय (20) डीसीएम वाहन में डीजे लादकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते गाजीपुर से लखनऊ जा रहे थे। अभी वह जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर 147 किमी के पास पहुंचे ही थे कि डीसीएम का पिछला टायर अचानक फट गया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक समेत पांच लोग घायल हो गए।

# सर्राफ के बेटे की चाकू से गोदकर हत्या

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

● ऊंचाहार से 10 किलोमीटर दूर शारदा नहर की झाड़ियों में फेंका शव

**अमृत विचार।** सराफा कारोबारी के बेटे को ज्वैलरी का ऑर्डर लेने के बहाने करीब दस किलोमीटर दूर सुनसान स्थान पर ले जाकर चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। इसके बाद हत्यारे उसके शव को शारदा सहायक नहर के किनारे झाड़ियों में फेंककर भाग गए। गुस्साए व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर जाम लगा दिया।

घटना शुक्रवार को हुई है, जिसका सच शनिवार को सामने आया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी राकेश कौशल की ऊंचाहार में मुख्य चौराहा के पास ज्वैलरी की दुकान है। शुक्रवार को राकेश का बेटा शोभित दुकान पर बैठा था, तभी दो लोग आए और ऑर्डर लेने के बहाने उसे उसकी ही बाइक से लेकर चले गए। इसके बाद शोभित वापस नहीं लौटा। थोड़ी देर बाद उन्हीं में से एक व्यक्ति वापस उसकी दुकान पर बाइक लेकर पहुंचा और चोरी का प्रयास करने लगा। तभी ज्वैलर्स राकेश ने उसे पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पूरा माजरा सामने आ गया। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र के नजनपुर गांव निवासी एक व्यक्ति को रात में दबोचा और दोनों से गहन पूछताछ की। शनिवार को पुलिस ने प्रतापगढ़ जनपद के थाना नवाबगंज के गांव गोसाई का पुरवा के पास शारदा सहायक नहर के किनारे झाड़ियों से अपहृत शोभित का शव बरामद किया। उसके शरीर पर चाकू से वार के कई निशान मिले। सूचना मिलते ही गुस्साए व्यापारियों ने मुख्य चौराहा पर लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग जाम करके नारेबाजी शुरू कर दी। व्यापारियों का आरोप था कि पुलिस की लापरवाही के कारण शोभित की हत्या हुई है। करीब दो घंटे तक राजमार्ग जाम रहा। इस दौरान मौके पर पहुंचे अफसरों ने काफी कोशिश की, लेकिन व्यापारियों ने एक नहीं सुनी। जानकारी होने पर कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत किया। वह व्यापारियों को लेकर कोतवाली गए और अपर पुलिस अधीक्षक के साथ पीड़ित परिवार को लेकर वार्ता की। व्यापारियों की मांग थी कि मृतक परिवार को एक करोड़ रुपये सरकारी मदद दी जाए। मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के साथ नगर के व्यापारियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए।

## सार-संक्षेप

### अपर्णा यादव ने राजकीय बाल गृह का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शनिवार को अलीगंज स्थित श्रीराम औद्योगिक अनाथालय से स्थानांतरित की गईं 33 बालिकाओं व दो नवजात शिशुओं का हाल-चाल लेने के लिए पारा के सिंधी खेड़ा स्थित राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने सभी बालिकाओं से बातचीत की। उन्होंने बालिकाओं को समझाया कि नए स्थान से सामंजस्य स्थापित करने में उन्हें को कुछ समय लगेगा। उपाध्यक्ष ने संस्था के कर्मचारियों को स्थानान्तरित बालिकाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने 12 महिला होमगार्ड व तीन पुरुष होमगार्ड उपलब्ध कराए जाने व बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनके शीघ्र घर वापसी कराए जाने के लिए प्रयास कराने का निर्देश दिया।

### वेब पोर्टल से होगी मिशन शक्ति की प्रभावी निगरानी

**लखनऊ।** प्रदेश में नारी शक्ति की सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान को प्रश्रय देने के लिए मिशन शक्ति के जरिए चल रहे कई विशेष अभियानों का अब वेब पोर्टल से निगरानी होगी। राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति देते हुए गृह विभाग की जरूरतों के अनुसार पोर्टल बनाने का कार्य यूपीडेस्को को सौंपा है। उप्र सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) द्वारा मिशन शक्ति 5 .0 के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा किए गए प्रयासों की विवेचना और उनके डाटाबेस संकलन के लिए गृह विभाग की जरूरतों अनुसार इस वेब पोर्टल का विकास किया जाएगा। डैशबोर्ड की तरह काम करेगा और इसे रोल बेस्ड यूजर मैनेजमेंट, मास्टर क्रिएशन, रिपोर्टिंग, डाटा इनपुट मॉड्यूल समेत समरी, स्टेटस व इवेंट अपलोड रिपोर्ट समेत तमाम खूबियों से लैस किया जाएगा। यह मिशन शक्ति पोर्टल विभिन्न विभागों द्वारा नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियानों की निगरानी का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिसमें पोर्टल पर आयोजनों की फोटो और वीडियो अपलोड करने के साथ-साथ उनकी दैनिक गतिविधियों के दस्तावेजों को ऑनलाइन सब्मिट करने की पूरी प्रक्रिया शामिल है।

# मंजर बयां कर रहे हिंसा की कहानी

संवाददाता, भगवानपुर, बहराइच



महराजगंज की हिंसा जला समान देखते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महराजगंज की हिंसा को एक सप्ताह बीत रहे हैं। अब लोग अपने नुकसान का अंदाजा लगा रहे हैं। किसी का लाखों तो किसी का करोड़ों का नुकसान हुआ है। दुकानों, प्रतिष्ठानों और सड़कों पर जले पड़े सामान हिंसा और तबाही की कहानी बयां कर रहे हैं। शनिवार को माहौल सामान्य होने पर लोग अपने प्रतिष्ठानों पर पहुंचे और हिंसा में हुए नुकसान का आकलन किया।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा भड़क गई थी। समुदाय विशेष की ओर से की गई फायरिंग में एक की मौत हो गई थी। इसके बाद अराजकतत्वों ने बाइक एजेंसी, दुकानों और मकानों को आग के हवाले कर दिया था। हालांकि दहशत अभी बरकरार है। हिंसा के बाद से दुकानें पूरी तरह नहीं खुल रही है। शनिवार को अपनी दुकानों पर पहुंचे लोग वहां के हालात देख सन्न रह गए। उनकी आंखें नम थीं। मेहनत की गाढ़ी कमाई हिंसा की भेंट चढ़ चुकी थी। महराजगंज कस्बे में मालिक सईद अहमद के मकान में हीरो एजेंसी के मालिक अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि लोगों ने उनकी 38 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया, वहां रखे 5 लाख रुपये व सारे कागजात जलकर राख हो गए। महराजगंज निवासी अली अहमद ने बताया कि सड़क के किनारे उसके भाई रियाज अहमद ने मोटरसाइकिल रिपेयर की दुकान खोली थी।

# भाजपा नहीं चाहती समय से चुनाव

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूरबगांव ग्राम पंचायत में कार्यकर्ता बैठक को शनिवार को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर में भाजपा हार के डर से घबरा गई है। इसलिए मिल्कीपुर में समय से चुनाव नहीं कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर की जनता भ्रष्टाचार और छुट्टा जानवरों से परेशान हैं।
सरकार के मंत्री व स्वयं मुख्यमंत्री छुट्टा जानवरों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, पृथ्वीराज यादव, रामसतन कोरी, राम तेज यादव, आजाद सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। संचालन विधानसभा महासचिव सुनील कुमार कोरी ने किया।

# यूको बैंक का तिमाही वित्तीय परिणाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कारोबार वृद्धि कुल करोबार वर्ष-दर-वर्ष 3.56 फीसदी बढ़ा
● परिणामों में सकल अग्रिम वर्ष दर-वर्ष 18 फीसदी तक बढ़ी



एमडी अश्वनी कुमार।

**अमृत विचार।** यूको बैंक का तिमाही वित्तीय परिणाम जारी हो गया है। कारोबार वृद्धि कुल करोबार वर्ष-दर-वर्ष 3.56 फीसदी बढ़कर 47,3704 करोड़ रुपये हो गयी है। इसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 18 फीसदी बढ़कर197927 करोड़ रुपये तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 10.57 फीसदी तक बढ़कर 275777 करोड़ रुपये हो गया है।

यह जानकारी शनिवार को यूको बैंक के एमडी व सीईओ अश्वनी कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय परिणामों में लाभप्रदता एवं प्रतिफल 30.09.2024 को समाप्त तिमाही के लिए निवल लाभ 603 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही के लिए लाभ 402 करोड़ रुपये था, जो वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 50 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह 30.09.2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन लाभ 1432 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 45.82 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में अग्रिम बैंक का आरएएम संविभाग वर्ष-दर-वर्ष 20.16 फीसदी बढ़कर 108200 करोड़ रुपये हो गया है। जिसमें रिटेल अग्रिम ने 29.36 फीसदी, कृषि अग्रिम ने 17.41 फीसदी तथा एमएसएमई अग्रिम ने 11.32 फीसदी की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज की है। वित्तीय परिणामों में एनपीए में भी कमी दर्ज की गई है। एनपीए में कमी-30.09.2024 को सकल एनपीए 96 बीपीएस घटकर 3.18 फीसदी हो गया जबकि 30.09.2024 को निवल एनपीए 38 बीपीएस घटकर 0.73 फीसदी हो गया। पूंजी पर्याप्तता अनुपात 30.09.2024 को पूजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 16.84 फीसदी रहा इसके साथ ही पूंजी पर्याप्तता अनुपात टियर-1 14.59 फीसदी रहा है। 30.09.2024 को ऋण जमा अनुपात 71.77 फीसदी रहा है।

# केजरीवाल, कुमार विश्वास से संबंधित केस में नहीं हुई सुनवाई

**सुलतानपुर।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कवि कुमार विश्वास, पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती और अंतर्राष्ट्रीय विचाराधीन केस में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश होने के कारण शनिवार को सुनवाई नहीं हो पाई। वर्ष 2014 में अमेठी में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा व कांग्रेस के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केजरीवाल व कुमार विश्वास के खिलाफ मुसाफिरखाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ यूपी के अस्पतालों के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

बच्चों के साथ खेले | टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक के विजेता पहुंचे लखनऊ

# जल्द ही 90 मीटर पार होगा मेरा भाला : नीरज चोपड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बच्चों के साथ टेबल टेनिस खेलते नीरज चोपड़ा।

● चोटों से उबर कर नीरज विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने की तैयारी में जुटे

**अमृत विचार।** 90 मीटर के बैरियर को पार करना आसान नहीं है। कहने में यह दूरी आसान तो लगती है। लेकिन इसके लिए अभी मुझे और अभ्यास की जरूरत है। मुझे उस दिन का बेसब्री से इंतजार है कि मेरा भाला 90 मीटर पार कर सकेगा।
यह कहना था अंतरराष्ट्रीय जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा का। वह यहां पर एक ब्रांड के प्रमोशन के लिए आये थे। यहां पर उन्होंने बताया कि फिलहाल मेरा ध्यान अपने प्रदर्शन में निरंतरता को बनाये रखने का है। रही बात 90 मीटर पार करने की तो पेरिस ओलंपिक में 89 मीटर की दूरी पार कर चुका हूं। ईश्वर ने चाहा तो जल्द ही 90 मीटर की दूरी भी तय कर लूंगा। उन्होंने बताया कि 87 मीटर के आसपास थ्रो कर टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में पहले छह थ्रोअरों ने इससे अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल के दौरान मैंने 89 मीटर के ऊपर थ्रो लगाया और रजत पदक जीता। यह थ्रो 90 मीटर थ्रो के काफी करीब था।

**बना रहता है चोट का खतरा:** नीरज चोपड़ा पिछले दो-तीन वर्षों से चोटों से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाएं हाथ की सर्जरी सफलतापूर्वक करा ली है, फिर भी डर बना रहता है। फिटनेस को लेकर हमेशा ही परेशानियां मेरे ऊपर हावी रही। मुकाबलों के दौरान भी डर लगा रहता था कि कहीं चोटिल न हो जाऊ। उन्होंने बताया कि अब मेरी नजर अगले वर्ष सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस खेल को बढ़ावा देने के लिए उन्हों ने कहा कि स्कूल-कॉलेजों के अलावा जमीनी स्तर पर इस खेल की सुविधाएं बढ़ानी होंगी। अच्छे कोच उपलब्ध कराने पड़ेगे। अधिक से अधिक प्रतियोगिताएं करानी होगी। निजी क्षेत्र को आगे आना होगा। निजी अकादमियां खोलने की जरूरत है। साथ ही अभिभावकों को कम उम्र से अपने बच्चों को इसके लिए प्रोत्साहित करना होगा।

### नये प्रशिक्षक का इंतजार

- नीरज चोपड़ा ने बताया कि अभी तक वह जिन प्रशिक्षकों के निर्देशन में अभ्यास कर रहे थे, वे अब अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। जर्मनी के कोच जर्मनी के डॉ. बार्टोनिट्ज ने अपना पद छोड़ने का मन बना लिया है। बार्टोनिट्ज अपनी बढ़ती उम्र और पारिवारिक प्रतिबद्धता के चलते कोचिंग से किनारा कर रहे हैं। नीरज ने बताया कि बार्टोनिट्ज के साथ अच्छा समय गुजरा। उनके निर्देशन में ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स, डाइमंड लीग जैसे बड़े खेल मंचों पर पदक जीतने का मौका मिला। उनकी कमी जरूर खलेगी। नए कोच को लेकर अभी तक कोई नाम फाइनल नहीं हुआ है। जल्द ही इस पर फैसला हो जाएगा।

# खजला बढ़ा रहा मेले की मिठास

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



मेले में सजी खजला की दुकान।

● देवा मेला में सुबह से रात तक उमड़ रही भीड़

**अमृत विचार।** देवा मेला में खजला या खाजा की बिक्री सबसे अधिक होती है। किसी एक जिले से नहीं बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब एक दर्जन से अधिक खजले की दुकानें सज गईं हैं। जहां पर सुबह से लेकर देर रात्रि तक इसकी बिक्री हो रही है।

यहां आने वाले मेलार्थियों को नमकीन के साथ मिठास का स्वाद भी यह खजला और खाजा दे रहा है। खास बात यह है कि आधा दर्जन से अधिक कारीगरों व उनकी टीम कच्चे माल के साथ मेला भर रूक कर माल तैयार करते हैं। ऐतिहासिक दस दिवसीय देवा मेला की शुरूआत शनिवार की शाम को जिलाधिकारी की पत्नी के हाथों हो चुकी है। भले ही सरकारी तौर पर यह मेला दस दिनों तक चलता हो लेकिन वैसे मेले की भीड़ व उत्साह करीब एक माह तक बनी रहती है। इस बीच छपरा स्कूल से लेकर भयारा मोड़ तक यानी करीब तीन किलोमीटर की दूरी में सजी दर्जनों खजला व खाजा की दुकानें अपनी एक अलग पहचान बना रही हैं। जहां सुबह से लेकर देर रात तक खजला के शौकीन नमकीन और मीठा खजला के साथ खोवा वाले खजला को टेस्ट कर घर ले जाने के लिए खरीददारी कर रहे हैं। एटा से दुकान लगाने वाले कमलेश बताते हैं कि इस बार खजला 80 रूपये से लेकर 120 रुपये तक मिल रहा है। खोवा वाला खजले की बात ही कुछ और है।
इसी तरह बुलंदशहर व महोबा के दुकानदार मुरली और नैमिष ने बताया कि मेले की भी शुरूआत हुई है लेकिन शुरू में ही अच्छी दुकानदारी देखने को मिल रही है। इसी प्रकार अन्य खजला व खाजा की दुकान लगाने वाले गैर जिलों जैसे इटावा, महोबा, औरैया, कानपुर के दुकानदारों ने भी बताया कि मेला परवान चढ़ रहा है।

## एक नजर

### 1781 हेड कांस्टेबलों को मिली पदोन्नति, बने दरोगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में तैनात 1781 हेड कांस्टेबल को दीपावली से पहले पदोन्नति का तोहफा मिला है। डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में सभी को दरोगा बना दिया गया है। डीआईजी स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया ने शनिवार को इस मामले में आदेश जारी किया है। आदेश की प्रति पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से गठित विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा संस्तुत सूची को डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को मंजूरी दी थी। इन सभी पुलिसकर्मियों को फिलहाल उनकी तैनाती वाले स्थान पर ही पदोन्नत कर दिया गया है।

### बाघ के दांतों की तस्करी में सरगना समेत दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शनिवार को बाघ के दांतों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना समेत दो को गिरफ्तार किया। एसटीएफ के एएसपी अब्दुल कादिर के मुताबिक निघासन-पलिया मार्ग के बोझवा गांव के पास से गिरफ्तार गिरोह के सरगना लखीमपुर के सिंगाही स्थित भैरमपुर निवासी दीन दयाल और उसके सहयोगी सतीश के पास से पांच दांत, दो पंजे, दो मोबाइल, नकदी, एक बाइक बरामद की गई है। इनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 लाख रुपये है। आरोपियों के खिलाफ पलिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### डीजीपी ने ली परेड की फुल ड्रेस पूर्वाभ्यास की सलामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस स्मृति दिवस 2024 की परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। परेड की सलामी डीजीपी प्रशांत कुमार ने ली। पुलिस लाइन में हुए शनिवार को पूर्वाभ्यास परेड की कमांड पीएसी द्वितीय वाहिनी के सेनानायक संतोष कुमार मीणा और द्वितीय कमांड एडीसीपी अपराध कमिश्नरेट लखनऊ अमित कुमावत ने की। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस, जीआरपी, अग्निशमन सेवा की कुल 12 टुकड़ियां शामिल थी।

# बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक

## मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के नेताओं को चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है।



भाजपा की सदस्यता का नवीनीकरण कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर उप चुनाव को लेकर हुई बैठक में मंत्रियों की टीम 30 समेत सभी नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्यप्रताप शाही समेत राज्य के कई वरिष्ठ मंत्री और प्रभारी मंत्री समेत भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### योगी, केशव, ब्रजेश फिर बने सक्रिय सदस्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए सक्रिय सदस्य के रूप में फिर से स्वयं को पार्टी के प्रति समर्पित किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के आवास पर जाकर अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान हेतु समर्पित भाजपा उप्र की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण रसीद सौंपी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता व रामप्रताप सिंह चौहान भी साथ रहे। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच के जरिए कहा कि यह अभियान एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने में भी सहायक होगा।

### योगी के नेतृत्व में सभी सीटें जीतेंगे : भूपेंद्र

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सभी सीटों के लिए पूरी तैयारी है और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। 9 सीटें जीतने के साथ ही मिल्कीपुर सीट पर भी जैसे ही चुनाव घोषित होगा, वह भी भाजपा के खाते में ही जाएगी।

### हरियाणा के बाद अब उप्र में पलटेगी बाजी : राठौर

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि पूरा पीडीए भाजपा के साथ है उनके साथ कोई नहीं है। ये सिर्फ झूठ के सहारे चुनाव जीते थे। खटाखट, आरक्षण और संविधान का नेरेटिव बनाकर जनता को बरगलाकर और छलावा करके चुनाव जीतने का काम किया है। हरियाणा के बाद अब उप्र चुनाव में भी बाजी पलटने वाली है।

# डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय बने प्रदेश चुनाव अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भाजपा में सांगठनिक बदलाव की तैयारी, छह नेताओं को सह चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** सदस्यता अभियान के बाद भाजपा में सांगठनिक बदलाव की तैयारी है। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व ने शनिवार को पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाते हुए छह सह प्रदेश चुनाव अधिकारी भी नियुक्त किए गए।



डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय

भाजपा सांसद और राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण की ओर से जारी पत्र में पूर्व भाजपा सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाया गया है जबकि हरीश कुमार सिंह, अनिल चौधरी, रंजना उपाध्याय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश कुमार और राजेंद्र तिवारी को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने संगठन चुनाव के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया है। इसके पूरा होते ही संगठन में हर स्तर पर बदलाव किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को बदले जाने की संभावना है। इस बार जिलों में भी युवाओं की तरजीह दिए जाने के आसार हैं।

# बिजली कनेक्शन, बिलिंग और शिकायत निस्तारण के लिए होंगे अलग अधिकारी

## व्यवस्था में सुधार की कवायद 15 नवंबर से केस्को कंपनी से होगी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए वितरण निगमों के नई पायलेट व्यवस्था के तहत प्रशासनिक संगठन में बदलाव होगा। नई कार्य व्यवस्स्था के तहत बिजली कनेक्शन, मीटर, बिलिंग व शिकायत निस्तारण के लिए क्षेत्रों में अलग-अलग अधिशासी अभियंता तैनात होंगे। 15 नवंबर से कानपुर स्थित केस्को कंपनी से इसकी शुरुआत होगी। केस्को के निदेशक मंडल के निर्णय के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नई व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सफलता मिलने पर इसे दूसरे वितरण निगमों में भी लागू किया जाएगा।

### उपभोक्ता घर बैठे दर्ज करा सकेंगे शिकायत

नई व्यवस्था में उपभोक्ता घर बैठे बिजली संबंधी कोई की समस्या आनलाइन दर्ज करा सकेंगे। क्षेत्र के अवर अभियंताओं व सहायक अभियंताओं से किसी भी क्षेत्र में कार्य लिया जा सकेगा।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार नई व्यवस्था से क्षेत्रीय अधिकारियों पर कार्य का दबाव कम होगा। अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी पर उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से सभी विभागों में आधारभूत संरचना को सरलीकरण करने व आधुनिकीकरण करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इसे प्रदेश की बिजली कंपनियों में लागू किया जा रहा है। इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल व प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से विस्तृत चर्चा की और नई व्यवस्था को लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# नामांकन पत्रों की जांच के बाद उपलब्ध कराई जाएगी मतदाता सूची

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा की नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद तीन दिन के अंदर राजनीतिक दलों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी।

मतदाता सूची को लेकर सपा की ओर से शिकायत के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस सिलसिले में निर्देश जारी किया। इस बीच, नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शनिवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। उन्होंने बताया कि छह जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूचियां सभी दलों को अंतिम प्रकाशन के समय दो प्रतियां (हार्ड एवं साफ्टकापी में) में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

# माफिया विजय के रिश्तेदारों की 14 .39 करोड़ की संपत्ति जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ईडी ने शनिवार को प्रयागराज, रीवा और दिल्ली में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की प्रयागराज टीम ने शनिवार को माफिया विजय मिश्रा की पत्नी और करीबी रिश्तेदारों की चार संपत्तियों को जब्त कर लिया है। जब्त संपत्तियों में 12.54 करोड़ की प्रयागराज, रीवा और दिल्ली में है। वहीं, माफिया के करीबी रिश्तेदार वीरेंद्र तिवारी की 1.85 करोड़ की एफडी भी जब्त की गई।

माफिया विजय मिश्रा की पूर्व एमएलसी पत्नी रामलली मिश्रा, भोलानाथ शुक्ला और चंदन तिवारी मेसर्स वीएसपी स्टार रियल्टी प्रा. लि. कंपनी का संचालन करते हैं। ईडी ने विजय मिश्रा, उनकी पत्नी रामलली के खिलाफ विजिलेंस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि विजय और उनकी पत्नी लोक सेवक के रुप में काम करते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। कंपनी बनाकर दिल्ली के जसोला में 11.07 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदी। ईडी ने इसे 28 फरवरी को जब्त कर लिया था। इसके किराये से मिली रुपये से प्रयागराज में एक और संपत्ति खरीदी गई।

इसके अलावा मध्य प्रदेश के रीवा में चंदन तिवारी के नाम से संपत्ति खरीदी गई। इसका भुगतान अपराध से अर्जित आय से विजय के बेटे विष्णु मिश्रा ने किया था। पचा चला है कि विजय के करीबी रिश्तेदार वीरेंद्र राम मूरत तिवारी को ऋृचा के नाम पर 1.85 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे।

# रालोद नेता ओमपाल सिंह कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगढ़ से राष्ट्रीय लोकदल से खैर विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व महासचिव रहे ओम पाल सिंह शनिवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन नेताओं को सदस्यता दिलाई गई।

ओम पाल के साथ सदस्यता ग्रहण वालों में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान विजय पाल, मास्टर विनय पाल, योगेश शर्मा, मास्टर हरिपाल सिंह आदि शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की मुहिम चलाई गई है। । इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा, उप्र महिला कांग्रेस की महासचिव डॉ रिचा शर्मा, मेहताब जायसी आदि मौजूद रहीं।

# अयोध्या में 2 .5 करोड़ से होगा कौशलेश सदन का सौंदर्यीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के समीप स्थित कौशलेश सदन का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा साथ ही पर्यटकों की सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 2.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं और इस धनराशि में से 1.5 करोड़ रुपए जारी भी किए जा चुके हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में निरंतर पर्यटक सुविधाएं विकसित की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि लगभग 2.5 करोड़ रुपए से जीर्णोद्धार के साथ-साथ फसाड, स्ट्रीट लाइट, बेंचेज, लैंडस्केपिंग, हार्टिकल्चर, फुटपाथ, पेयजल सुविधा, शौचालय, सीसीटीवी, फुटपाथ आदि का कार्य कराया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में पर्यटकों के लिए धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के अलावा पर्यटन के अन्य आयाम जैसे वाटर स्पोर्ट, रूरल टूरिज्म, एयर टूरिज्म आदि पर काम हो रहा है।

# परीक्षा में गड़बड़ी की रिकार्डिंग मिली

## उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा परीक्षा (प्रवक्ता) 2021 रद्द हुई | उप्र लोक सेवा आयोग के सचिव ने दो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा (प्रवक्ता)परीक्षा-2021 रद्द कर दी गई। पांच दिन पहले परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले दो लोगों की बातचीत की रिकार्डिंग मिलने पर आयोग के उपसचिव ने 16 अक्टूबर को प्रयागराज के सिविल लाइन थाने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

आठ विषयों की परीक्षा 20 अक्टूबर को होनी थी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उपसचिव धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कारपेट टेक्नालॉजी भदोही के निदेशक राजीव वार्ष्णेय ने आयोग को 14 अक्टूबर को एक ई-मेल भेजा था। इसमें परीक्षा में गड़बड़ी करने के संबंध दो लोगों की बातचीत की रिकार्डिंग क्लिप भी दी गई थी। रिकार्डिंग में इंस्टिट्यूट का कर्मचारी राजीव वर्मा किसी से परीक्षा में गड़बड़ी की बात कर रहा था। इंस्पेक्टर सिविल लाइन रामाश्रय यादव के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर भदोही थाने को स्थानांतरित की गई है। एसपी भदोही ने इसकी जांच सीओ प्रभात राय को सौंपी है। भदोही सीओ प्रभात राय ने बताया कि आरोपी राजेश वर्मा सुल्तानपुर जिले का रहने वाला है। हालांकि बातचीत में शामिल दूसरे व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो सकी है। क्लिप की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी राजेश वर्मा से पूछताछ की जाएगी।

▸▸ भदोही ट्रांसफर किया गया केस, जांच सीओ सिटी को, एक की ही हो सकी अब तक पहचान

## वर्ग पहेली-227

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।

3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।

5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।

6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।



### वर्ग पहेली -226 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | | 3 मो | था |
| | का | | 4 हँ | | |
| 5 गाँ | व | वा | सी | | 6 टो |
| ड़ | | | खे | | का |
| र | | 7 बे | ल | बू | टा |
| | | डो | | | की |
| | 8 बि | ल | टी | | |

# सीतापुर के अभिषेक व मऊ की अंकिता ने जीती रेड रन मैराथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एड्स के प्रति जागरुकता के लिए दौड़े हजारों धावक

**अमृत विचार :** सीतापुर के अभिषेक और मऊ की अंकिता यादव शनिवार को एचआईवी, एड्स संक्रमण और अन्य यौन जनित बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर हुई रेड रन मैराथन के पुरुष और महिला वर्ग में विजयी रहीं। वहीं ट्रांसजेंडर श्रेणी में मेरठ के हुसैन प्रथम रहे।

मैराथन में विभिन्न जिलों से करीब एक हजार धावकों ने 10 किलोमीटर की दौड़ लगाई। विजयी धावकों को परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार व लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक राय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उप्र. राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (यूपीसैक्स) के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि पुरुष वर्ग में विजेता सीतापुर के अभिषेक को मेडल व गिफ्ट हैंपर के साथ ही 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहे मऊ के राहुल को सात हजार और तृतीय स्थान पर रहे मऊ के गुलशन कुमार को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। महिला वर्ग में विजेता मऊ की अंकिता यादव के बाद मुरादाबाद की आशी दूसरे और सीतापुर की खुशनूर तीसरे स्थान पर रहीं। इन्हें भी पुरुष वर्ग की तरह इनामी राशि के साथ मेडल व गिफ्ट हैंपर दिए गए। ट्रांसजेंडर श्रेणी में मेरठ के हुसैन प्रथम, मेरठ के ही शिराज द्वितीय और झांसी की जोया तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान लविवि के एनएसएस समन्वयक डॉ.अमरेन्द्र कुमार, यूपीसैक्स के नरेन्द्र सिंह, पवन चंदेल, अनुज दीक्षित उपस्थित रहे।

### एनएसएस के सूरज और माया भी सम्मानित

रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना( एनएसएस) के विद्यार्थियों में सूरज वर्मा और माया यादव को 10 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार , उप विजेता सुभाश सिंह और नमिता कुमारी को सात हजार रुपये का इनाम और तीसरे स्थान पर रहे सूरज यादव और किरन कुमारी को पांच हजार रुपये का इनाम दिया गया। इसके अलावा अन्य पांच प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

# सामाजिक न्याय से दूर वंचितों को आरक्षण मिलना चाहिए : अरुण

**अमृत विचार, लखनऊ :** हरियाणा सरकार द्वारा एससी-एसटी में उप-वर्गीकरण लागू करने के फैसले पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने कहा कि आरक्षण का लाभ उन वंचितों तक पहुँचना चाहिए जो वर्ग आजादी के 75 साल बाद भी सामाजिक न्याय से दूर है। वंचितों को सामाजिक न्याय देने के लिए ओबीसी व दलित आरक्षण में उप-वर्गीकरण होना बहुत जरूरी है।

## सुडोकू -140

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 2 | 6 | | | 8 | |
| 2 | | | 7 | | | | 6 | |
| | | 6 | | 4 | 1 | | 9 | |
| 7 | | 2 | | | | | 1 | |
| 9 | | 3 | | | | 4 | | 8 |
| | 1 | | | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | 6 | 1 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 7 | | | 1 |
| | 4 | | | 9 | 8 | 5 | | |

### सुडोकू - 139 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 06 .46 तक तत्पश्चात चतुर्थी 21 अक्टूबर 04 .16 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08 .31 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज शाम के बाद आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। मांगलिक कार्यों की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपके कार्यों का श्रेय लेने का प्रयास करेंगे। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

**वृष** – आज व्यापार की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाते रहें। दांपत्य जीवन सौहाद्रपूर्ण रहेगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**मिथुन** – आज अनियमित खानपान के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। अचानक ऐसे खर्च सामने आ सकते हैं, जिस पर नियंत्रण करना कठिन होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। आपको किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क** – आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी सुप्त प्रतिभा जागृत हो सकती है। व्यापार में आपको नकदी की समस्याओं से राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं पर आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग लेने में संकोच न करें। व्यवसाय में एडवांस पेमेंट मिलने से काम में तेजी आएगी। आप अपने करियर को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों की दिनचर्या काफी बाधित रहेगी।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत में आप किसी पुरानी बात को लेकर परेशान हो सकते हैं। प्रेमी जन का आत्मिक सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। इससे आपके रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी, किंतु मन के शंकालु विचारों को ज्यादा महत्व न दें।

**तुला** – आज व्यापार में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। छोटी-मोटी समस्याओं को ज्यादा महत्व न दें। वरना अपने काम पर एकाग्र होने में कठिनाई होगी। परिवार में किसी कारणवश अनबन हो सकती है। पेट से जुड़ी हुई बीमारियां परेशान करेंगी।

**वृश्चिक** – आज नया काम शुरू करना चाह रहे हैं तो अनुकूल अवसर प्राप्त हो सकते हैं। यात्रा शुभ फलदायी रहेगी। कृषि से जुड़े कार्यों के लिए दिन काफी अच्छा है। वैवाहिक जीवन में संतोष और मैत्री भाव प्रबल रहेगा। कारोबार में पार्टनरशिप से लाभ होगा।

**धनु** – आज आर्थिक मामलों को लेकर पार्टनर्स के साथ मतभेद उभर सकते हैं। सर्दी-जुकाम की परेशानियों को लेकर सावधान रहें। ऑफिस के काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यावसायिक लेन-देन करते समय सावधानी रखें।

**मकर** – आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। लोग आपको सम्मानित नजरों से देखेंगे। धन के लेन-देन में थोड़ी साधानी रखें। जॉब बदलने का विचार बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज नया काम शुरू करना उचित नहीं है। बड़ों की राय की अवहेलना न करें। बड़ी आयु के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी। बच्चों को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द की समस्या होगी।

**मीन** – आज सिनेमा और वेबसीरीज का आनंद ले सकते हैं। पर्यटन के लिए कहीं घूमने की योजना बनाएंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आपके मन में काफी सारे विचार आते रहेंगे। मित्रों के साथ मनमुटाव दूर होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
नाकाबंदी – सुबह : 10 .38
लकी – रात : 07 .00

**&pictures**
केदारनाथ – सुबह : 11 .03
हॉलीडे – रात : 08 .00

**Sony Pix**
रैमपेज – सुबह : 10 .55
ब्लू बीटल – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
हम आपके हैं कौन – दोपहर : 01 .05
चंदु चैंपियन – रात : 08 .00

**Zee Action**
इंटरनेशनल खिलाड़ी – सुबह : 10 .46
पथु थल – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां- बेटा इतनी लिपस्टिक लगाकर कहां जा रही है?
बेटी- मां मैं कॉलेज जा रही हूं।
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होकर- हां मां, बहुत पसंद है।
मां- तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

पुलिस- तुम चोरी क्यों करते हो?
चोर- आपके लिए और आपके बच्चों के लिए
पुलिस- क्या मतलब?
चोर- हम चोरी न करें तो जनता को और सरकार को आपकी जरूरत ही क्या है?

# भाजपा के 66 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

## झारखंड विधानसभा चुनाव : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता जामताड़ा से लड़ेंगी चुनाव

रांची/नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से तो चंपई सोरेन को सरायकेला से मिला टिकट

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इसमें पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से टिकट दिया गया है।

पार्टी महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। भाजपा ने झामुमो नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है। सूची में गीता कोड़ा और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत का नाम भी है। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना 23 नवंबर को होगी। भाजपा राज्य की 81 सीट में से 68 पर चुनाव लड़ रही है तथा शेष सीट उसने अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 2019 में झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के टिकट पर भाजपा के लक्ष्मण प्रसाद सिंह के खिलाफ गिरिडीह की धनवार सीट 17,550 मतों से जीती थी। सरायकेला से चुनाव लड़ने वाले चंपई सोरेन 30 अगस्त को झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा था कि पार्टी में अपमान के चलते उन्हें झामुमो को छोड़ना पड़ा।

मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफे और उसके बाद धनशोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद दो फरवरी को चंपई सोरेन (67) को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उन्होंने तीन जुलाई को पद छोड़ दिया था, जिससे जमानत मिलने के बाद हेमंत के लिए चार जुलाई को पुनः मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया था। राज्य में एकमात्र कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा इस वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गई थीं और सिंहभूम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, झामुमो की जोबा माझी ने सिंहभूम सीट पर कोड़ा को 1.68 लाख मतों के बड़े अंतर से हराया था। भाजपा चुनाव में झारखंड से झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को सत्ता से बाहर करने की कोशिश कर रही है।

### वायनाड से प्रियंका के खिलाफ मैदान में नाव्या




नई दिल्ली। भाजपा ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शनिवार को नाव्या हरिदास को उम्मीदवार घोषित किया, जहां से प्रियंका गांधी वाद्रा कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। पार्टी ने आठ राज्यों में 24 विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पूर्व सांसद सुनील सोनी छत्तीसगढ़ की रायपुर शहर दक्षिण विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने इसके अलावा असम, बिहार, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा की।

## गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने बाबा की हत्या के लिए मांगे थे 50 लाख

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

**मुंबई।** बाबा सिद्दीकी हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि हाल ही में गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख मांगे थे, लेकिन भुगतान को लेकर असहमति और नेता के रसूख को देखते हुए उन्होंने हत्या से मना कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पांचों आरोपियों ने सिद्दीकी की हत्या में शामिल लोगों की मदद दी थी। सिद्दीकी की हत्या में शूटरों को हथियार और अन्य मदद कराने के आरोप में शुक्रवार को पांचों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन लोग फरार हैं।

# डॉक्टर आमरण अनशन वापस लें : ममता

**आरजी कर मामला**

कोलकाता,एजेंसी



- मांगों पर चर्चा के लिए सोमवार को डॉक्टरों से मिलेंगी मुख्यमंत्री

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों से आमरण अनशन वापस लेने को कहा। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए वह सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगी।

बनर्जी शनिवार को फोन पर उस समय चिकित्सकों से बात कर रही थीं जब मुख्य सचिव मनोज पंत धर्मतला स्थित प्रदर्शन स्थल पर गए थे, जहां पर चिकित्सक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने सहित कई मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। बनर्जी ने चिकित्सकों से अपना प्रदर्शन वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपकी अधिकतर मांगों को पूरा कर दिया गया है, शेष मांगों को पूरा करने के लिए मुझे तीन से चार महीने का समय दीजिए। बनर्जी ने चिकित्सकों से कहा कि आपकी मांगों से हम असहमत नहीं हैं, बातचीत के लिए सरकार के साथ बैठने का आपसे अनुरोध है। उन्होंने कहा कि कृपया अपना प्रदर्शन समाप्त कर दीजिए। कुछ मांगों को पूरा करने के लिए नीतिगत फैसले की जरूरत है। हम यथासंभव सहयोग करेंगे, लेकिन यह स्वीकार्य नहीं है कि आप सरकार को निर्देशित करें कि क्या किया जाना चाहिए। वहीं शनिवार को भी 15वें दिन चिकित्सकों का आमरण अनशन जारी रहा।

### मुख्य और गृह सचिव ने किया प्रदर्शन स्थल का दौरा

कोलकाता। प. बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने शनिवार को प्रदर्शन स्थल का दौरा किया, जहां मांग को लेकर चिकित्सक प्रदर्शन कर रहे हैं। अनशन कर रहे छह चिकित्सकों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आठ चिकित्सक भूख हड़ताल पर हैं और उन्होंने राज्य सरकार से गतिरोध खत्म करने के लिए 21 अक्टूबर तक कदम उठाने की मांग की है। चिकित्सकों ने कहा कि सोमवार तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो उन्हें 22 अक्टूबर को पूरे राज्य में मजबूरन हड़ताल करनी पड़ेगी। चिकित्सक ने कहा कि हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चर्चा के लिए बैठें और हमारी मांगें पूरी करें। थिएटर जगत की कई हस्तियों ने चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने को शनिवार को सांकेतिक भूख हड़ताल की।

## एक नजर

### बिहार के बांका में एसयूवी ने छह को रौंदा, मौत

बांका। बिहार के बांका जिले में तेज रफ्तार एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटीलिटी व्हीकल) ने छह लोगों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना फुल्लीडूमर थाना क्षेत्र में नगरडीह चौराहे के पास शुक्रवार रात हुई। उप-संभागीय पुलिस अधिकारी बिपिन बिहारी ने कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोग पैदल पथ पार कर रहे थे। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बिहारी ने कहा कि लोगों के अनुसार एसयूवी चालक तुरंत घटनास्थल से भाग गया। घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में हुई मौतों पर शोक जताया है।

### बिहार में जहरीली शराब से दो और मौत, मृतक हुए 37

पटना। बिहार में जहरीली शराब से दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या 37 हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन दो लोगों की मौत गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर से हुई हैं, जो सिवान और सारण जिलों की सीमा से लगा है। डीआईजी नीलेश कुमार ने बताया कि सीवान और सारण में मरने वालों की संख्या 35 है। इसमें और वृद्धि नहीं हुई है। अब सारण रेंज के तहत तीनों जिलों में मृतकों की कुल संख्या 37 है। सिवान के मगहर व औरिया पंचायतों में 28 जबकि सारण के मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में सात लोगों की मौत हुई है।

# नारी शक्ति का आशीर्वाद देश के लिए काम करने को करता है प्रेरित : मोदी

नई दिल्ली,एजेंसी



- प्रधानमंत्री के प्रति आभार स्वरूप 100 रुपये देने की इच्छा जताने वाली आदिवासी महिला की कहानी भाजपा नेता ने की साझा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद उन्हें देश के निर्माण के लिए काम करते रहने की प्रेरणा देता है। इससे पहले, भाजपा नेता ने मोदी के प्रति आभार के रूप में 100 रुपये देने की इच्छा जताने वाली आदिवासी महिला की कहानी साझा की।

भाजपा उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा कि ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में सदस्यता अभियान के दौरान आदिवासी महिला से उनकी मुलाकात हुई। महिला ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करने के लिए मुझे 100 रुपये देने की इच्छा व्यक्त की। मेरे यह कहने पर कि यह आवश्यक नहीं है और जब तक मैंने हार नहीं मानी, तब तक वह अड़ी रही। पांडा ने कहा कि यह देश में हो रहे परिवर्तन का प्रतिबिंब है। मोदी ने जवाब दिया कि इस स्नेह से मैं अभिभूत हूं। मुझे हमेशा आशीर्वाद देने के लिए मैं नारी शक्ति को नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद मुझे देश निर्माण के लिए काम करते रहने के लिए प्रेरित करता है।

## हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

**हैदराबाद।** शहर पुलिस ने मंदिर में मूर्ति को कथित तौर पर खंडित करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे विश्व हिन्दू परिषद (विहिप), बजरंग दल और अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए शनिवार को लाठीचार्ज किया। महाराष्ट्र के इंजीनियरिंग स्नातक सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान ने 14 अक्टूबर को सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में प्रवेश कर मुख्य मूर्ति को खंडित किया, जिसके बाद स्थानीय लोगों, हिंदू संगठनों और भाजपा ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# भाजपा संविधान पर कर रही हमला

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी बोले- निर्वाचन आयोग, जांच एजेंसियों को नियंत्रित कर रही भाजपा

आप नेता सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि उनकी भविष्य की राजनीतिक जिम्मेदारियां पार्टी और संयोजक अरविंद केजरीवाल तय करेंगे। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन के मामले में शहर की अदालत द्वारा जमानत देने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार रात को तिहाड़ जेल से रिहा किया गया। जैन ने कहा कि मैं वही करूंगा जो पार्टी और केजरीवाल कहेंगे। राउज एवेन्यू अदालत ने शुक्रवार दोपहर जैन को जमानत दे दी। जैन को मई 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि ब्रिटिश शासन वापस आ गया है। सरकारों को कामों को लेकर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं करती है।

### कांग्रेस-झामुमो 81 में से 70 सीट पर लड़ेंगे चुनाव

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन विधानसभा चुनाव साथ लड़ेगा और कांग्रेस तथा झामुमो 81 में से 70 सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। शेष 11 सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामपंथी दलों लड़ेंगे। झारखंड में चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। वहीं राजद ने झामुमो-कांग्रेस द्वारा सीटों की घोषणा को लेकर निराशा जताई। राजद ने कहा कि दोनों घटकों द्वारा सीट समझौते की घोषणा एकतरफा है। पार्टी ने स्पष्ट कि किया कि उसने सभी विकल्प खुले रखे हैं। राजद के प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि हम हमें दी सीटों पर निराशा व्यक्त करते हैं।

## कोर्ट के निर्देश पर भाजपा विधायक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**गांधीनगर।** गुजरात हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार को सत्तारूढ़ भाजपा के विधायक के खिलाफ दुष्कर्म एवं धमकी देने का मामला दर्ज किया। आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री गजेंद्र सिंह परमार पर एससी/एसटी (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज हुआ है क्योंकि पीड़िता दलित है। कथित घटना जुलाई 2020 में हुई थी। गांधीनगर में सेक्टर 21 थाने में यह मामला दर्ज हुआ है। कुछ दिन पहले हाईकोर्ट ने पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर पुलिस से सवाल-जवाब किया था।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने किया हमला, फिर हिंसा भड़की

इंफाल, एजेंसी

- संघर्ष विराम के लिए मेइती और कुकी के विधायकों में हुई थी बैठक

मणिपुर में उग्रवादियों ने जिरिबाम जिले के गांव में हमला कर दिया जिसके बाद शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने तड़के पांच बजे बोरोबेकरा पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव को निशाना बनाया।

उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने बमबारी की। सीआरपीएफ व पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों भेजा गया है। हिंसा शुरू होने पर सुरक्षा बल बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। जिरिबाम शहर से 30 किमी दूर बोरोबेकरा घने जंगलों से घिरा है और पर्वतीय क्षेत्र है। राज्य में जारी संघर्ष का समाधान निकालने के लिए मेइती और कुकी के विधायकों में दिल्ली में बातचीत के बाद यह हिंसा हुई है।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी में भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

- ओडिया के अभिनेता के खिलाफ भी दर्ज कराई शिकायत

**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जनसभा में अपमानजनक टिप्पणी के मामले में विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल पर मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस नगर पार्षद परशुराम होसामनी ने शिकायत की है। वहीं भुवनेश्वर में राहुल गांधी के खिलाफ सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट करने के आरोप में ओडिया अभिनेता बुद्धादित्य मोहंती के खिलाफ भी पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। विधायक के खिलाफ की शिकायत में 15 अक्टूबर को कार्यक्रम में यतनाल ने राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर टिप्पणी की। इस आधार पर गांधी चौक पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# एरीज के मोहित ने हासिल किया सप्तऋषि का कीर्तिमान

संवाददाता, नैनीताल

- कला, विज्ञान, जागरूकता व सामाजिक क्षेत्र में देश के सात विख्यात नाम शामिल

**अमृत विचार :** कला, विज्ञान, जागरूकता व सामाजिक क्षेत्र में देश के सात विख्यात लोगों को भारत सरकार सप्तऋषि पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सीनियर इंजीनियर मोहित जोशी भी इस पुरस्कार को हासिल करने में सफल हुए हैं।

विज्ञान के प्रति जागरूक करने व एरीज की योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान को लेकर मोहित जोशी को यह पुरस्कार दिया गया है। सप्तऋषि पुरस्कार में चयनित मोहित जोशी के अलावा भारत रत्न प्रो. सीएनआर राव, पद्म विभूषण डा जयंत नार्लीकर, पद्म भूषण डा एसएल भैरप्पा, मोहित जोशी, पद्मश्री डा एस अरुणन, पद्मश्री डा हिम्मतराव बावस्कर, व सीबी सोमपुरा के नाम हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान देने को लेकर सप्तऋषि पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। मोहित टीवी शो केबीसी में लाखों के पुरस्कार के अलावा गवर्नर एक्सीलेंस व ओहो रेडियो से सम्मान पा चुके हैं। मोहित मूलरूप से उमागढ़ मल्ला रामगढ़ के निवासी हैं। स्कूली शिक्षा रामगढ़, अल्मोड़ा व द्वाराहाट से हुई है और 2008 में एरीज से जुड़े। उनके पिता भुवन जोशी शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हैं, जबकि माता धना जोशी गृहणी हैं। पत्नी सुनीता शिक्षिका हैं। उनका नौ वर्षीय पुत्र प्रथमेश व तीन वर्षीय पुत्री सम्पदा हैं। मोहित युवा हैं और इस उपलब्धि के श्रेय में दादा स्व गोविंद बल्लभ जोशी, दादी स्व पार्वती जोशी व एरीज को शामिल करते हैं। एरीज के वैज्ञानिकों ने उन्हें इस उपलब्धि को लेकर बधाई दी हैं।



केबीसी में अमिताभ बच्चन के साथ मोहित जोशी।

## कारोबार/कृषि

### कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 7500 -8200 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14600-14700 अरहरस्पेशल 11300-11400 चनादाल 8500-8600 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7375-7425 मसूरदाल 7575-7625 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500-11500 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14400-14500 अलसी 12700-12800 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1958 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1960-1942 मयूर 1960-1942 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700-3800 मंगलौरलडडू 4500-4600 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4200-4230 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000

### सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 99900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 115000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 120000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 79800 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 59800-60000 |

# वेस्ट से बनाएं वेल्थ, वैकल्पिक ईंधन कम करेंगे निर्माण लागत

## गडकरी ने पुल निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों को समझाईं बारीकियां

भोपाल, एजेंसी



- नवीनतम प्रवृत्तियों व तकनीकों पर केंद्रित सेमिनार को किया संबोधित

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क एवं पुल निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों को उनके कार्यक्षेत्र से जुड़ी बारीकियों की जानकारी देते हुए शनिवार को कहा कि देश में आज वेस्ट से वेल्थ बनाने और निर्माण सामग्री की लागत कम करने की जरूरत है, जिसके लिए वैकल्पिक ईंधन बेहतर उपाय हो सकते हैं। गडकरी ने सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार को संबोधित किया। समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे।

गडकरी ने कहा कि लागत कम करते हुए गुणवत्ता कैसे सुधारें, ये लक्ष्य है। देश के विकास में सबसे अहम चीज बुनियादी सुविधाएं हैं। गडकरी ने सड़क निर्माण के दौरान होने वाली त्रुटियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग घर बैठकर गूगल से ही नक्शे बना लेते हैं। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में परफेक्शन होना चाहिए। कोई भी अधिकारी डीपीआर बनाते हुए साइट पर जाते हैं क्या। इसके बाद मंदिर-मस्जिद बीच में आने पर परेशानियां खड़ी होती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध किया कि आईआईटी के सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों से डीपीआर चेक करवाएं।

### देश का सड़क नेटवर्क 63 लाख किमी

गडकरी ने कहा कि देश का सड़क नेटवर्क 63 लाख किमी है, जो दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान वे (गडकरी) महाराष्ट्र में मंत्री थे। वाजपेयी ने उनसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर काम करवाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर साल सड़कें टूटने की समस्या को रोकने के लिए भी विभाग ने नवाचार किए हैं। नागपुर में इस प्रकार के प्रयोग हुए हैं, उनसे लगभग 25 साल सड़कें चलेंगी।

# आरएसआई : निवेश में प्रभावी तकनीकी उपकरण

आरएसआई (रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स) एक प्रभावी तकनीकी विश्लेषण उपकरण है, जो निवेशकों को परिसंपत्तियों की मूल्य गति और ताकत का आकलन करने में मदद करता है। 0 से 100 के बीच के स्कोर के साथ, यह ओवरबॉट (70 से ऊपर) और ओवरसोल्ड (30 से नीचे) स्थितियों को पहचानता है। इसके जरिए निवेशक संभावित खरीद और बिक्री के संकेत प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, आरएसआई का सही उपयोग करने के लिए इसे अन्य संकेतकों और बाजार की मौजूदा परिस्थितियों के साथ मिलाना आवश्यक है। यह निवेशकों को सूचित निर्णय लेने में मदद करता है और जोखिम को कम करता है। आइए इसके बारे में जानकारी करें...




### आरएसआई क्या है?

आरएसआई एक ओस्सीलेटर है जिसे 1978 में जेराल्ड पेरी द्वारा विकसित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह मापना है कि कोई परिसंपत्ति (जैसे स्टॉक, मुद्रा, या वस्तुएं) पिछले कुछ समय में कितनी तेजी से बढ़ी या गिरी है। यह 0 से 100 के बीच मान में होता है।

### आरएसआई के लाभ

- **ओवरबॉट :** जब आरएसआई 70 से ऊपर हो, तो परिसंपत्ति अधिक खरीदी गई है और इसके गिरने की संभावना है।
- **ओवरसोल्ड :** जब 30 से नीचे हो, तो परिसंपत्ति अधिक बेची गई है और इसके बढ़ने की संभावना है।
- **ट्रेंड रिवर्सल का संकेत :** आरएसआई उच्चतम स्तर से गिरता है (डाइवर्जेंस), तो यह ट्रेंड रिवर्सल का संकेत होता है।

### आरएसआई कैसे देखें

- **स्तर पहचानें :** 70 और 30 के स्तर पर ध्यान दें। ये स्तर मार्केट में महत्वपूर्ण संकेत देते हैं।
- **ट्रेंड के साथ मिलाएं :** आरएसआई को अन्य संकेतकों के साथ देखें। सटीक निर्णय लेने में मदद मिलेगी।
- **दीर्घ व तात्कालिक :** दीर्घकालिक निवेश के लिए ट्रेंड, तात्कालिक में तात्काल संकेतों का ध्यान रखें।

### जोखिम का रखें ध्यान

- **न रहें निर्भर :** आरएसआई संकेतक है, लेकिन निवेश के समय इसे अन्य संकेतकों और मौलिक विश्लेषण के साथ मिलाना चाहिए।
- **स्टॉप लॉस का उपयोग करें :** निवेश को सुरक्षित रखने के लिए स्टॉप लॉस का उपयोग करें।
- **मार्केट पर ध्यान :** समाचार, बाजार की स्थिति और अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें।

## भारत-मैक्सिको में सहयोग व्यापक व बहु-क्षेत्रीय हो सकता है : सीतारमण

मैक्सिको सिटी, एजेंसी



- व्यापार एवं निवेश में सहयोग के सम्मेलन में बोलीं वित्त मंत्री

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत-मैक्सिको में सहयोग व्यापक व बहु-क्षेत्रीय हो सकता है, जिससे दोनों देशों में अधिक गतिशील सहयोग हो जिसमें भारत विशेष रूप से फार्मा विनिर्माण व ऑटोमोटिव क्षेत्रों में विकास व निवेश के लिए अवसर प्रदान कर रहा है।

सीतारमण ने व्यापार एवं निवेश सहयोग को बढ़ावा देने पर आयोजित भारत मैक्सिको व्यापार एवं निवेश शिखर सम्मेलन में यह बात कही। इसमें मैक्सिको सिटी की आर्थिक विकास मंत्री मनोला जाबोल्ज़ा अल्दामा व भारतीय उद्योग परिसंघ के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्रन दिनेश उपस्थित थे। इसका आयोजन भारतीय व्यापार एवं वाणिज्य परिषद, उद्योग परिसंघ द्वारा मैक्सिको में भारतीय दूतावास और आर्थिक मामलों के विभाग के सहयोग से हुआ और इसमें आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य और ऑटोमोटिव आदि क्षेत्रों के 250 निवेशकों ने भाग लिया।

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना**

## कंपनियों ने की 1.25 लाख अवसरों की पेशकश

- अब तक 250 शीर्ष कंपनियां इस योजना के तहत हो चुकी हैं पंजीकृत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत कंपनियों ने अब तक 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसरों की पेशकश की है। योजना के लिए बनी वेबसाइट पर 12 अक्टूबर को शाम पांच बजे से उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू हो गया है।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अब तक 250 शीर्ष कंपनियां इस योजना के तहत पंजीकृत हो चुकी हैं और कंपनियों ने 1.25 लाख इंटर्नशिप की पेशकश की है। इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी। योजना के तहत 21-24 वर्ष की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। योजना कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट से लागू किया जा रहा है।

## अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भागीदारी संभव : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



- उद्योग मंत्री ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों को अभूतपूर्व सकारात्मकता भरा बताया

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों के वर्तमान दौर को एक नई और अभूतपूर्व सकारात्मकता भरा बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला के विस्तार के लिए अमेरिका के साथ सहयोग को भागीदारी के स्तर पर ले जाना चाहता है।

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन के साथ दस वर्षों के सहयोग और समन्वय से व्यापार और निवेश में दोनों देशों के संबंध आज ऐसे दौर में हैं जहां संशय और विवाद की जगह भारत के प्रति नया विश्वास स्थापित हुआ है। गोयल इस महीने अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने पहले दो दिन न्यूयार्क में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, एसोसिएशनों और निवेशकों के साथ बैठकें की और दूसरे चरण में वाशिंगटन में भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक में भाग लेने के अलावा अमेरिकी वाणिज्य मंत्री गिना रैमॉन्डो व व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई से व्यापार नीति संबंधी विषयों पर वार्ता की।

## एनालॉग डिवाइसेज के लिए भारत प्रमुख आरएंडडी केंद्र

**नई दिल्ली।** वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी एनालॉग डिवाइसेज (एडीआई) भारत को प्रमुख शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र के रूप में देखती है। कंपनी के प्रमुख अधिकारी ने कहा कि वह देश को न केवल इंजीनियरिंग प्रतिभा के लिए, बल्कि एक उभरते बाजार के रूप में भी मान्यता देते हैं। एनालॉग डिवाइसेज का बेंगलुरू स्थित आरएंडडी केंद्र वैश्विक रूप से सबसे बड़े केंद्रों में से है। एनालॉग डिवाइसेज इंडिया (एडीआई) के भारत में प्रमुख एवं वरिष्ठ निदेशक श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि हम भारत को एनालॉग डिवाइस के लिए प्रमुख रणनीतिक आरएंडडी स्थलों में से एक के रूप में देख रहे हैं, और बेंगलुरु वैश्विक स्तर पर हमारे सबसे बड़े आरएंडडी केंद्रों में से एक है।



# महिला टी-20 विश्व कपः न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल, मिलेगा नया चैंपियन

दुबई, एजेंसी

● न्यूजीलैंड के पास ट्रॉफी हासिल करने अच्छा मौका, आज होगा मैच

सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी-20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था लेकिन मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य उस ऐतिहासिक खिताबी जीत का हिस्सा नहीं था। इस आयोजन के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवतः आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। 35 वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। 34 साल की तेज गेंदबाज ताहुहू ने वनडे में 112 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाए हैं।

## फाइनल में अंपायरिंग करेंगी परेरा-पोलोसाक

**दुबई।** निमाली परेरा और क्लेयर पोलोसाक को रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले की अंपायरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दोनों पहली बार आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगी। एना हैरिस तीसरे अंपायर की भूमिका निभाएंगी जबकि जैकलीन विलियम्स चौथे अंपायर की भूमिका में होंगी। जीएस लक्ष्मी को मैच रैफरी नियुक्त किया गया है। परेरा ने टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेमीफाइनल में अंपायरिंग की थी। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सेमीफाइनल में भी वह अंपायर रही थीं। पोलोसाक 64वें महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग करेंगी।

# भारत की जू. पुरुष टीम ने जापान को हराया

जोहोर (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए।

भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला। जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इसके बाद जापान के पास पहली बार मैच में बढ़त हासिल करने का मौका था लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उसके प्रयास को नाकाम कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद भारतीय टीम अधिक आक्रामक हो गई।

गुरजोत ने मध्यांतर के छह मिनट बाद मैदानी गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत को इसके कुछ मिनट बाद दिलराज सिंह के शानदार खेल से पेनल्टी कार्नर मिला जिसे आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी एक गोल किया।



● सुल्तान जोहोर कप में जापान को 4-2 से दी शिकस्त, आमिर, गुरजोत आनंद और अंकिल ने दागे गोल

## खेल डायरी

### महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखिस्तान के अल्माटी में होना था लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने शनिवार को कहा भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली शीर्ष चार टीमें सीधे वैश्विक प्रतियोगिता आईएचएफ विश्व महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत इस एशियाई टूर्नामेंट में आठवीं दफा शिरकत कर रहा है जबकि देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो बार 2000 और 2022 में छठा स्थान हासिल करना रहा है।

### भारत ए के ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ वापसी करेंगे इशान

**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किये जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है। किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय टेस्ट के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो टेस्ट 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैके और फिर सात से 10 नवंबर तक एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट मैदान) में होंगे। बीसीसीआई ने अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन में से किसी एक को टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद है। अभिमन्यु ने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक बनाए हैं। वह सीनियर टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल हो सकते हैं कप्तान रोहित व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में से एक के दौरान ब्रेक लेंगे।

### सबसे अमीर मैराथन की मेजबानी करेगा श्रीनगर

**श्रीनगर।** श्रीनगर इस रविवार को विदेशी और घरेलू एथलीटों के लिए सबसे समृद्ध मैराथन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। दो कैटगेरी में आयोजित होने वाली कश्मीर मैराथन में 59 विदेशियों समेत छह हजार से अधिक धावक आज भाग लेंगे। 42 किमी की पूर्ण मैराथन और 21 किमी की हाफ मैराथन में तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दांव पर होगी। पर्यटन निदेशक राजा याकूब ने कहा कि कार्यक्रम में दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीट भाग लेंगे। उन्होंने कहा हमारे यहां शीर्ष भारतीय धावक, विशिष्ट धावक, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता धावक हैं। उनके साथ, हमारे पास यूरोप के और अफ्रीका के कुछ बेहतरीन धावक हैं। 1992 की एशियाई स्वर्ण पदक विजेता और भारतीयों के लिए विशिष्ट समन्वयक डॉ. सुनीता गोदारा ने कहा कि कश्मीर मैराथन में प्रतिभागियों के लिए सबसे अधिक पुरस्कार राशि है। यह भारत की की सबसे अधिक पुरस्कार राशि है। भारतीयों के लिए पहली बार कश्मीर मैराथन ने श्रीनगर में सबसे अधिक पुरस्कार राशि वाली मैराथन आयोजित की है, इस फुल मैराथन और हाफ मैराथन में देश के 45 दिग्गज एथलीट भाग लेंगे।

### एड्रिस-चेप्टेगी और मैककोलगन-लिमो के बीच मुकाबला

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस- वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के आगामी संस्करण में रविवार को दिल्ली में विश्व स्तरीय धावक आपस में भिड़ते दिखेंगे। दोहरे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी का सामना दो बार के 5000 मीटर विश्व चैंपियन इथियोपिया के मुक्तार एड्रिस से होगा। दिलचस्प बात यह है कि एड्रिस ने हाल ही में टिलबर्ग में 10 मील की रेस में चेप्टेगी को हराया था। इसी ने युगांडा के इस खिलाड़ी पर दिल्ली में इथियोपिया के धावक से बदला लेने का दबाव बनाया। युगांडा पुलिस बल में कार्यरत चेप्टेगी ने बताया कि कैसे भारत में उनकी पहली रेस ने उनके करियर के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया। इसने मुझे एक वास्तविक अवसर दिया। और दस साल बाद भी, मेरी मैनेजमेंट टीम ने कहा, यदि आप सड़कों पर अपने करियर के 10 और साल बिताना चाहते हैं, तो आपको भारत वापस जाना होगा। इसलिए मैं लोगों को कुछ वापस देने के लिए भारत वापस आया हूं। ओलंपिक स्टार, विश्व चैंपियन और ट्रैक लीजेंड- चेप्टेगी ने कहा अभी, मैं अभी भी लंबी दूरी की रेस के बारे में सोच रहा हूं।

# बारिश के बाद बरसे न्यूजीलैंड के गेंदबाज

## तेज गेंदबाजों ने कराई न्यूजीलैंड की वापसी, शतक से चूके पंत, सरफराज ने खेली 150 रनों की शानदार पारी



मैट हेनरी

3 विकेट

103 रन

24 ओवर

बेंगलुरु, एजेंसी

सरफराज अहमद (150) और ऋषभ पंत (99) की चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी के दौरान भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को मैच पर शिकंजा कसना शुरू किया था लेकिन तेज गेंदबाजों ने नई गेंद से 54 रन के अंदर सात विकेट झटककर न्यूजीलैंड की शानदार वापसी कराई। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी जिससे न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य मिला।

सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाये जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। खराब रोशनी के कारण मैच रोकने के अंपायरों के फैसले से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा खफा भी दिखे।

बारिश से प्रभावित दिन के खेल के दौरान भारतीय पारी के 80वें ओवर के बाद कप्तान लाथम ने नई गेंद लेने का फैसला किया और उनके तेज गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित किया। अनुभवी टिम साउथी (53 रन पर एक विकेट) ने सरफराज को आउट कर पंत के साथ उनकी शानदार साझेदारी को तोड़ा। गेंदबाज विलियम ओ'राउर्के (तीन विकेट) ने सात गेंद के अंदर पंत और राहुल (12) को आउट कर भारत पर फिर से दबाव बना दिया। टेस्ट में यह सातवीं बार है जब पंत 90 के बाद आउट होकर शतक पूरा करने से चूक गए। ओ'राउर्के ने दिन के आखिरी सत्र में जडेजा (पांच) को चलता किया जबकि मैट हेनरी ने पुछल्ले बल्लेबाजों का शिकार कर भारतीय पारी को खत्म किया।

इससे पहले सरफराज ने दिन की शुरुआत 70 रन की। दिन के पहले घंटे में जब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को पिच से मदद मिल रही थी तब उन्होंने लेट कट के शानदार इस्तेमाल से उनकी धार को कुंद किया। बारिश के बाद लाथम ने नयी गेंद लेकर तेज गेंदबाजों को सौंपी जिन्होंने 15.2 ओवर अंदर भारत के आखिरी सात विकेट चटका लिए।



रवींद्र जडेजा का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते ओ'राउर्के। ● एजेंसी

**107** रनों की दरकार है कीवी टीम को जीत के लिए

### मुबंईकर सरफराज क्रिकेट की दुनिया का नया जलजला



**बेंगलुरु।** सरफराज खान क्रिकेट की दुनिया का वो नाम जिसने लंबे समय तक भारतीय टीम में उपलब्धि के साथ जगह बनाने का इंतजार किया, आज उसका सपना बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पूरा हुआ। जिस समय भारतीय टीम में मुश्किलों के भंवरजाल में फंस चुकी थी, ऐसे दवाब के लम्हों में सरफराज खान ने शतक के लिये नॉन-स्ट्राइकर छोर की ओर कदम बढ़ाए और भारतीय ड्रेसिंग रुम के साथ समूचा देश जश्न के समंदर में गोते लगाने लगा। सरफराज ने अपना बल्ला घुमाया और हेलमेट हटाया, इसके साथ मैदान में उनके पहले टेस्ट शतक के बाद भावनात्मक अनुभूति में खुशी की लहर दौड़ गई। बेंगलुरु के प्रशंसक खड़े हो गए, उनके साथियों ने खुशी मनाई और आसमान उनकी जीत का गवाह बना।

### बारिश बनी खेल में बाधा

**बेंगलुरु।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को बारिश के कारण लगभग दो घंटे की रुकावट के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। इस रुकावट में 40 मिनट का लंच का विश्राम भी शामिल था। बारिश के कारण दिन के पहले सत्र में जब खेल रोका गया था जब भारत तीन विकेट पर 344 रन बनाकर 12 रन पीछे था।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारीः 46 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारीः 402**

**भारत दूसरी पारीः 462/10** (99.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6/0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8/1 |
| विराट कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8/1 |
| सरफराज खान का पटेल बो साउथी | 150 | 195 | 18 3 |
| ऋषभ पंत बो ओ'राउर्के | 99 | 105 | 9/5 |
| लोकेश राहुल का ब्लंडेल बो ओ'राउर्के | 12 | 16 | 2/0 |
| रविंद्र जडेजा का यंग बो ओ'राउर्के | 5 | 15 | 1/0 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा हेनरी | 15 | 24 | 1/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 6 | 20 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्लंडेल बो हेनरी | 0 | 4 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज का साउथी बो हेनरी | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्तः 4, गेंदबाजीः साउथी 15-2-53-1, हेनरी 24.3-3-102-3, ओ'राउर्के 21-4-92-3, पटेल 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रविंद्र 6-0-30-0

**न्यूजीलैंड दूसरी पारीः 00/0** (0.4 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम नाबाद | 0 | 4 | 0/0 |
| डेवोन कोनवे नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्तः 0, गेंदबाजीः बुमराह 0.4-0-0-0

# मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को हराया

कोलकाता, एजेंसी

मोहन बागान ने शनिवार को यहां सत्र के पहले डर्बी मुकाबले में दबदबा बनाते हुए ईस्ट बंगाल पर 2-0 से जीत दर्ज की जिससे टीम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

जैमी मैकलारेन ने 41वें मिनट में गोल कर मोहन बागान की टीम को 1-0 से आगे कर दिया। मोहन बागान ने प्रतिद्वंद्वी टीम को कोई गोल नहीं करने दिया और 89वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी दिमित्रि पेट्रोटोस ने पेनल्टी पर गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। यह मोहन बागान की पांच मैच में दूसरी जीत है जिससे टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है और शीर्ष पर चल रही बेंगलुरू एफसी से तीन अंक पीछे है।



मैच के दौरान गेंद के लिए प्रतिस्पर्धा करते मोहन बागान सुपर जाइंट के आशीष राय और ईस्ट बंगाल एफसी के प्रोवेट लाकड़ा

### मैनचेस्टर के लिए पांच भारतीय चयनित

**नई दिल्ली।** जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल यूनाइटेड वी प्ले के भारत में आयोजित चौथे सत्र से चुने गये पांच फुटबॉल खिलाड़ी मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण लेंगे। इस आयोजन में 18 शहरों के 15,000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके बाद लालचुआनवमा (मिजोरम), किस्कू (भुवनेश्वर), अयान (लखनऊ), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को चयनित किया।

### ला लीगा : वालाडोलिड ने अलावेस को हराया

**मैड्रिड।** रियल वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल की मदद को ला लीगा फुटबॉल मैच में अलावेस के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन की शीर्ष घरेलू लीग में मौजूदा सत्र में यह टीम की दूसरी जीत है। वालाडोलिड 10 मैचों में आठ अंक के साथ तालिका में 18वें स्थान पर पहुंच गया। अलावेस 10 मैचों में 10 अंकों के साथ उससे चार स्थान ऊपर है।



### तमिल थलाईवाज ने तेलुगु टाइटन्स को हराया

**हैदराबाद।** तमिल थलाईवाज ने शनिवार को यहां नरेंद्र कंडोला और सचिन के शानदार प्रदर्शन के बूते तेलुगु टाइटन्स को हराकर प्रो कबड्डी लीग(पीकेएल) के 11वें सत्र में जीत से अपना अभियान शुरू किया। तमिल थलाईवाज ने गाचीबाउली में यह मुकाबला 44-29 से जीता। थलाईवाज के लिए कंडोला और सचिन दोनों ने सुपर 10 हासिल किए जबकि तेलुगु टाइटन्स के कप्तान पवन सहरावत ने भी 'सुपर 10' बनाया। विजय मलिक ने हारने वाली टीम के लिए नौ अंक जुटाए।

## बॉलीवुड हलचल



### सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म जाट से उनका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। सनी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर अस्थाई शीर्षक एसडीजीएम के नाम से चर्चा बटोरने वाली इस फिल्म का शीर्षक जारी हो गया है। साथ ही सन्नी देओल का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज हो गया है। एसडीजीएम नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक जाट है। पोस्टर में सनी हाथ में एक बड़ा सेलिंग फैन लिए दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर एसडीजीएम के निर्माताओं ने सन्नी देओल के लिए जन्मदिन पोस्ट साझा किया। मैत्री मूवी मेकर्स ने सन्नी देओल पोस्टर के साथ कैप्शन मे लिखा मास एक्शन के लिए नेशनल परमिट मैन पेश है, सनी देओल जाट, हैप्पी बर्थडे एक्शन सुपरस्टार, मास फीस्ट लॉडिंग।मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बन रही फिल्म जाट में सन्नी देओल के अलावा रणदीप हुडा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा की भी अहम भूमिका है।

### अमिताभ के साथ रोमांस करना चाहती है विद्या बालन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्मों में अमिताभ बच्चन के साथ रोमांस करना चाहती हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो कौन बनेगा करोड़पति 16 में, बॉलीवुड के सुपरस्टार विद्या बालन और कार्तिक आर्यन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन के सिलसिले के लिये पहुंचे थे। शो के दौरान विद्या बालन ने होस्ट अमिताभ बच्चन से एक किस्सा शेयर किया। विद्या बालन ने कहा, फिल्म पा शूट करते वक्त एक सीन था, जहां बच्चन सर, मैं और अभिषेक बारिश में मंकी डांस कर रहे होते हैं। उन्होंने अमिताभ से कहा, मैंने सोचा, मैं आपके साथ आज रपट जाएं तो हमें न उठाइयो पर डांस करना चाहती हूं, लेकिन मैं आपकी मां का किरदार निभा रही हूं और आपके साथ मंकी डांस कर रही हूं। ख्वाहिश अधूरी रह गई सर। मुझे 60 और 70 की दशक की एक्ट्रेस से प्यार है। उनमें अलग सुंदरता और ग्रेस होता था। उनकी शख्सियत उनके किरदारों में से उभरकर बाहर आती थी। सबसे ज्यादा जरूरी बात ये है कि वो सब आपके साथ काम कर चुकी हैं। विद्या ने बताया कि वह अमिताभ की एक्ट्रेस बनना पसंद करेंगी। शो के दौरान विद्या ने अमिताभ के साथ डांस किया।



### एक्सीलेंस इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित हुई शबाना आजमी

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में एक्सीलेंस इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित किया है। मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में शबाना आजमी को एक्सीलेंस इन सिनेमा सम्मानित किया गया, जो इंडस्ट्री में उनके 50 साल पूरे होने पर उन्हें ट्रिब्यूट है। शबाना आजमी को यह पुरस्कार दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान ने दिया। शबाना आजमी की शानदार यात्रा, जो फिल्मकार श्याम बेनेगल की वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म अंकुर से शुरू हुई। शबाना आजमी ने पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों सहित अनगिनत पुरस्कार जीते हैं।फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान को लेकर शबाना आजमी वर्ष 2006 में पद्मश्री और वर्ष 2012 में पद्मभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित की गईं है। शबाना आजमी ने अपने पांच दशक लंबे सिने कैरियर में अब तक करीब 150 फिल्मों में अभिनय किया है। शबाना आजमी ने इंस्टग्राम पर लिखा मुझे सिनेमा में



# हरियाणा के धीरू ने लगाया शतक बेअसर नजर आई यूपी की गेंदबाजी

**रणजी ट्राफी- दूसरा दिन**

● हरियाणा ने पहली पारी में नौ विकेट खोकर बनाये 431 रन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** धीरू सिंह (103) और सुमित कुमार (61) के धमाकेदार बल्लेबाजी की बदौलत मेहमान हरियाणा ने यूपी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी के मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में नौ विकेट पर 431 रन बना लिए हैं। आज का खेल खत्म होने तक हरियाणा के युजवेंद्र चहल 38 रन और अमन कुमार 8 रन बना कर विकेट पर मौजूद हैं। यूपी के गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वे कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाये।

लखनऊ के सेठ आनंदराम जयपुरिया प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में हरियाणा ने कल 6 विकेट पर 242 रन बनाये थे। हरियाणा ने आज इसके आगे खेलते हुए 189 रन जोड़े। धीरू सिंह ने उम्दा बल्लेबाजी करते हुए सुमित कुमार के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने यूपी के गेंदबाजों को करारा जवाब दिया। श्रेय निगम ने सुमित को यश दयाल के हाथों कैच कराकर इस जोड़ी को तोड़ा। सुमित कुमार ने 191 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। दूसरे छोर धीरू सिंह ने मोर्चा संभाले रखा और शानदार शतक जडक़र हरियाणा को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। धीरू सिंह 256 गेंदों 103 रन की जिम्मेदारी भरी पारी खेली। उत्तर प्रदेश की तरफ विराज निगम और शिवम शर्मा ने क्रमशः तीन-तीन विकेट चटकाए, जबकि यश दयाल ने दो विकेट चटकाये। रविवार का दिन दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होने वाला है। हरियाणा का अंतिम विकेट लेक यूपी को बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी।

### दिल्ली के कमजोर, तमिलनाडु का विशाल स्कोर

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन सुंदर और प्रदोष रंजन पॉल ने दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए शनिवार को यहां शतक जड़े जिससे तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में अपनी पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 674 रन पर घोषित की। दिल्ली में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज ध्रुव कौशिक के चोटिल होने के कारण सनत सांगवान के साथ हर्ष त्यागी ने पारी का आगाज किया। दिल्ली की समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। उसके ऑलराउंडर प्रांशु विजयरन भी चोटिल हो गए हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### श्रीलंका ने 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। यहां भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। शुक्रवार को यहां भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा 17 भारतीय मछुआरों को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है।

### यूक्रेन की योजना का समर्थन करने का संकल्प लिया

**कीव।** फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने रूस के साथ ढाई साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की यूक्रेन की योजना का समर्थन करने का शनिवार को संकल्प लिया। बैरोट ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह प्रस्ताव के लिए अन्य देशों का समर्थन प्राप्त करने के वास्ते यूक्रेनी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेंगे। जेलेंस्की ने कीव की तथाकथित विजय योजना का खुलासा इस सप्ताह की शुरुआत में किया था, जिसके तहत रूस को यूक्रेन पर अपने आक्रमण को खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से मजबूर किया जाना है। इस प्रस्ताव पर यूक्रेन के पश्चिमी साझेदार विचार कर रहे हैं, जिनका सहयोग कीव द्वारा रूस का विरोध किये जाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### धोखाधड़ी के मामले में नेपाल के पूर्व उपप्रधान मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रबी लामिछाने को सहकारी धोखाधड़ी और एक संगठित अपराध में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल पुलिस के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक टीम लामिछाने को काठमांडू में उनकी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से ले गई। कुछ घंटे पहले कास्की जिला न्यायालय ने सहकारी निधि का गबन करने और एक संगठित अपराध में शामिल होने के आरोप में उनके और 13 अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ब्यूरो के प्रवक्ता होबिन्द्रा बोगती ने मीडिया को बताया हमने लामिछाने को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कास्की ले जाया जाएगा।

### जापान में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके

**बीजिंग।** जापान के नोडा से 48 किलोमीटर ईएनई में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने आज बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार कल शाम करीब 04 :38 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .1 आंकी गयी। भूकंप का केन्द्र 40 .30 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142 .33 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 63 .4 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

# भारत ने श्रीलंका में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दोगुना किया अनुदान

कोलंबो, एजेंसी

- तमिल समुदाय के बागान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देना है मकसद

भारत ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिल समुदाय के बागान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से अपने अनुदान को दोगुना करके 17 करोड़ 22 लाख 50 रुपये कर दिया है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा और श्रीलंका के शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव जे एम थिलाका जयसुंदरा ने इस अनुदान को औपचारिक रूप देने के लिए राजनयिक पत्रों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया।

झा ने कहा, इस परियोजना के तहत श्रीलंका सरकार द्वारा चिह्नित नौ बागान स्कूल के बुनियादी ढांचे के उन्नयन की परिकल्पना की गई है। इनमें मध्य प्रांत के बागान क्षेत्रों में छह स्कूल और उवा, सबरागामुवा और दक्षिणी प्रांत में एक-एक स्कूल शामिल है।

### श्रीलंका सरकार के अनुरोध पर दी गई अतिरिक्त धनराशि

यह अतिरिक्त धनराशि श्रीलंका सरकार के अनुरोध पर दी गई और इसी के साथ इस परियोजना के लिए भारत की कुल प्रतिबद्धता अब 60 करोड़ श्रीलंकाई रुपये (17 करोड़ 22 लाख 50 भारतीय रुपये) हो गई है। यह परियोजना श्रीलंका में भारत की कई पूर्व एवं वर्तमान विकास साझेदारी पहलों का हिस्सा है।

# कोर्ट में बर्दाश्त नहीं होगी महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा

## उत्तरी गोवा में जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन के मौके पर प्रधान न्यायाधीश ने जनसमूह को किया संबोधित

पणजी, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि सभी प्रकार की अपमानजनक भाषा का, विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ, अदालतों में कोई स्थान नहीं है। असंवेदनशील शब्द रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकते हैं और महिलाओं तथा हाशिए पर पड़े समुदायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने प्रशासनिक प्रतिष्ठान के कुछ सदस्यों द्वारा महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल के बारे में महिला न्यायिक अधिकारियों की शिकायतों का उल्लेख किया। पणजी के निकट उत्तरी गोवा जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमें न्याय तक वास्तविक लोकतांत्रिक पहुंच बनाने के लिए सभी बाधाओं को दूर करने के वास्ते सक्रिय रूप से काम करना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा जैसा कि हम अपने न्यायालयों में समावेशिता के लिए प्रयास करते हैं, हम जिस भाषा का उपयोग करते हैं, वह हमारे लोकाचार को प्रतिबिंबित करना चाहिए। हमें शब्दों के चयन में सतर्क रहना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारी भाषा न केवल सटीक हो बल्कि सम्मानजनक और समावेशी भी हो।



जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन करते प्रधान न्यायाधीश।

### कानूनी विमर्श को उन्नत बनाने के मूल नियमों को याद रखना चाहिए : चंद्रचूड़

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सदस्यों, विशेषकर जिला स्तर के न्यायिक अधिकारियों को कानूनी विमर्श को उन्नत बनाने के मूल नियमों को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानूनी पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय और आदेश सभी क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हों। प्रधान न्यायाधीश ने कहा मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का कोंकणी भाषा में भी अनुवाद किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। मुझे विश्वास है कि बम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश यह सुनिश्चित करेंगे कि बम्बई उच्च न्यायालय के फैसलों का भी ऐसी भाषा में अनुवाद किया जाए जिसे राज्य के लोग समझ सकें।

# डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने की तैयारी

## राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिकी डॉलर के समानांतर स्विफ्ट प्रणाली बनाने पर दिया जोर

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स समूह को पश्चिमी प्रतिबंधों से मुक्त स्विफ्ट जैसी सीमा-पार भुगतान प्रणाली की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। उन्होंने साथ ही अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खत्म करने के लिए निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के इस्तेमाल पर जोर दिया। रूस की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स नेताओं के 16वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले पुतिन ने यह भी कहा कि एक साझा ब्रिक्स मुद्रा के लिए अभी समय नहीं आया है।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 10 देशों का समूह डिजिटल मुद्रा के उपयोग की संभावना तलाश रहा है जिसके लिए उनका देश भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन के साथ शुरू हुए संघर्ष के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस पर व्यापक रूप से प्रतिबंध लगाए हैं। रूस ब्रिक्स केंद्रीय बैंकों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े वाणिज्यिक बैंकों के नेटवर्क पर आधारित एक नई भुगतान प्रणाली बनाकर वैश्विक वित्तीय प्रणाली को दरकिनार करना चाहता है। ब्रिक्स सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं के ताने-बाने और स्वरूप में अंतर के कारण नयी आरक्षित मुद्रा बनाने में सतर्क रुख अपनाने की वकालत करते हुए पुतिन ने कहा कि इन देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग, नए वित्तीय साधनों और स्विफ्ट के अनुरूप एक व्यवस्था के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 से 23 अक्टूबर तक रूस के तातारस्तान के कजान में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शामिल होने के बाद यह समूह का पहला शिखर सम्मेलन होगा। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के मूल सदस्य देश हैं। पुतिन ने मॉस्को से करीब 50 किलोमीटर दूर नोवो-ओगारियोवो में अपने आधिकारिक आवास पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ संपादकों से कहा इस समय यह (ब्रिक्स मुद्रा) एक दीर्घकालिक संभावना है। इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। ब्रिक्स सतर्क रहेगा और उत्तरोत्तर काम करेगा, आहिस्ता-आहिस्ता आगे बढ़ेगा। अभी समय नहीं आया है। रूस के राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ब्रिक्स के आरक्षित मुद्रा बनाने की योजना के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब की। माना जाता है कि पश्चिम के भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक गठजोड़ के जवाब में ब्रिक्स समूह की परिकल्पना की गई। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स अब राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाने तथा ऐसे उपकरणों के निर्माण की संभावना का अध्ययन कर रहा है जो इस तरह के काम को सुरक्षित बना सकें।



### पुतिन ने कहा- भारत-चीन से परामर्श कर रहे

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ब्रिक्स देश इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की संभावना पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम राष्ट्रीय मुद्राओं और निपटान प्रणालियों के उपयोग का विस्तार करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं, और ऐसे उपकरण तैनात करना चाहते हैं, जो इसे पर्याप्त रूप से सुरक्षित बना सकें। पुतिन ने कहा कि समूह को एक टूलकिट तैयार करनी होगी जोकि संबंधित ब्रिक्स संस्थानों की निगरानी में रहेगी। उन्होंने कहा यह हमारी प्रत्यक्ष सक्रिय भागीदारी के साथ वैश्विक दक्षिण के विकास में एक और बहुत अच्छा कदम हो सकता है। हम (कज़ान) शिखर सम्मेलन के दौरान इस संबंध में बात करेंगे। हम पहले से ही चीनी, भारतीय मित्रों व ब्राजील के लोगों के साथ परामर्श कर रहे हैं। इसके अलावा, हम दक्षिण अफ्रीका के साथ भी एक दौर का विचार-विमर्श कर चुके हैं।

### संभावित मुद्रा के बारे में जल्दबाजी के बजाय धीरे-धीरे काम करने की जरूरत

ब्रिक्स की संभावित मुद्रा के बारे में पुतिन ने कहा कि सदस्य देशों को बिना जल्दबाजी के धीरे-धीरे काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन देशों की आबादी और संरचना को देखते हुए, यह एक दीर्घकालिक संभावना है और अगर इन मसलों पर विचार नहीं किया गया तो यूरोपीय संघ (ईयू) में एक मुद्रा लागू करते समय हुई समस्याओं से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा। रूसी राष्ट्रपति ने केंद्रीय बैंकों के बीच संबंध स्थापित करने और वित्तीय सूचनाओं के आदान-प्रदान की जरूरत पर भी जोर दिया।

### ब्रिक्स समूह डिजिटल मुद्राओं के साथ-साथ, ब्रिक्स पे प्लेटफॉर्म शुरू करें

पुतिन ने कहा स्विफ्ट मुख्य संदेश नेटवर्क प्रदान करता है जिसके माध्यम से अंतरराष्ट्रीय भुगतान शुरू किए जाते हैं। रूस अन्य ब्रिक्स सदस्यों के साथ मिलकर पहले से ही स्विफ्ट जैसी वित्तीय संदेश प्रणाली और उच्च विकास वाली निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के उपयोग पर काम कर रहा है। ब्रिक्स समूह डिजिटल मुद्राओं के साथ-साथ, ब्रिक्स पे प्लेटफॉर्म शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जो एक ब्लॉकचेन-आधारित भुगतान प्रणाली है।

# राष्ट्रपति नेतन्याहू के आवास पर हिजबुल्ला का ड्रोन अटैक

तेल अवीव, एजेंसी

- हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्ला ने तेज किए हमले

हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्ला ने शनिवार सुबह ड्रोन से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हमला किया। हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी वहां नहीं थे, हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि यह हमला लेबनान की ओर से मध्य इजराइली शहर कैसरिया में प्रधानमंत्री के निजी आवास को लक्ष्य करके किया गया। ड्रोन हमले के समय नेतन्याहू वहां नहीं थे और इससे कोई हताहत नहीं हुआ है।

इजरायल की मीडिया ने बताया है कि हाइफा के सीजेरिया इलाके में आज सुबह विस्फोट की आवाज सुनी गयी, जहां नेतन्याहू का निजी आवास है। एक इजराइल अधिकारी ने कहा ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री की हत्या करने की कोशिश की। इससे पहले इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा था कि लेबनान से इजराइल क्षेत्र में प्रवेश करने वाले तीन मानव रहित ड्रोनों की पहचान की गयी थी, जिनमें से दो को ध्वस्त कर दिया गया था और एक ड्रोन कैसरिया में एक इमारत से टकराया। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक कैसरिया में ड्रोन हमले के समय ही तेल अवीव में भी सायरन की आवाज सुनायी दी। इजरायल के राष्ट्रीय आपातकालीन पूर्व-अस्पताल चिकित्सा एवं रक्त सेवा संगठन मैगन डेविड एडोम (एमडीए) के अनुसार हिजबुल्ला की ओर से दागे गया रॉकेट एक व्यक्ति के वाहन पर गिरा, जिससे उसकी मौत हो गयी। हिजबुल्ला की ओर से सुबह से ही रॉकेट दागे जा रहे हैं।



### गाजा पर हवाई हमले में 33 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शिविर पर शुक्रवार शाम को इजराइली हवाई हमले में कम से कम 33 फिलिस्तीनी मारे गए। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने यह जानकारी दी। मृतकों में 21 महिलाएं शामिल हैं और कई पीड़ितों के मलबे और इमारतों के नीचे फंसे होने के कारण कुल मौतों की संख्या 50 तक पहुंच सकती है। मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बमबारी में 85 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ को गंभीर चोटें आईं। इसमें कहा गया है कि इजराइली सेना ने जबालिया शिविर में कई घरों पर बमबारी की।

आईडीएफ के अनुसार आज अपराह्न ढाई बजे तक लेबनान स्थित आतंकवादी संगठन द्वारा कम से कम 180 प्रोजेक्टाइल दागे गये थे।

# जापान : सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय पर हमला

- एक संदिग्ध गिरफ्तार, एक के बाद एक विस्फोट हुए

तोक्यो, एजेंसी

जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने कई बम फेंके और प्रधानमंत्री आवास की दीवार में अपनी कार से टक्कर मार दी। तोक्यो पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

संदिग्ध हमलावर की पहचान 49 वर्षीय अत्सुनोबु उसुदा के रूप में की गई है और उसे सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हालांकि स्पष्ट किया कि बाद में उस पर अतिरिक्त आरोप भी जोड़े जा सकते हैं। हमले का मकसद तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन जापानी मीडिया की खबरों के मुताबिक सोशल मीडिया पर उसुदा की एक कथित पोस्ट है जिसमें वह जापानी कानून के तहत चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक धनराशि के बारे में शिकायत कर रहे हैं, जिससे संकेत मिलता है कि उसुदा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं। मीडिया ने अज्ञात स्रोतों के हवाले से बताया कि उसुदा ने परमाणु संयंत्रों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था।



# उ. कोरिया ने दक्षिण कोरियाई ड्रोन के अवशेष मिलने का किया दावा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को दावा किया कि उसे अपनी राजधानी प्योंगयांग में एक तलाश अभियान के दौरान एक दक्षिण कोरियाई ड्रोन के अवशेष मिले हैं जिससे यह साबित होता है कि इस महीने की शुरुआत में शहर के हवाई क्षेत्र में ड्रोन की कथित घुसपैठ के पीछे दक्षिण कोरिया की सेना का हाथ था। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिनमें एक क्षतिग्रस्त विमान दिख रहा है, जिसके चौड़े, वी-आकार के पंख हैं।

# वीजा मांगों को लेकर भारत के साथ एफटीए को रोकने का किया दावा

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन की पूर्व व्यापार और वाणिज्य मंत्री ने किया खुलासा

ब्रिटेन की पूर्व व्यापार और वाणिज्य मंत्री केमी बेडेनोच ने दावा किया है कि उन्होंने अधिक वीजा की मांग के चलते भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अवरुद्ध कर दिया था। बेडेनोच कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख और नेता विपक्ष के रूप में ऋषि सुनक की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

नाइजीरियाई मूल की बेडेनोच ने कहा कि सुनक के नेतृत्व वाली टोरी सरकार द्वारा एफटीए पर हस्ताक्षर न किए जाने का एक कारण यह था कि भारतीय पक्ष प्रवासन के मुद्दे पर अधिक रियायतों की अपेक्षा कर रहा था। अखबार द टेलीग्राफ के अनुसार, बेडेनोच ने कहा व्यापार मंत्री के रूप में, जब मैं प्रवासन को सीमित करने के लिए कुछ करने की कोशिश कर रही थी, तब हमारे पास भारत के साथ एफटीए का मुद्दा था जिसके तहत वे प्रवासन के मामले में अधिक रियायतें मांग रहे थे, लेकिन मैंने मना कर दिया। यह उन कारणों में से एक है जिसके कारण हमने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए। हालांकि, उनके कुछ पूर्व टोरी मंत्रिमंडलीय सहयोगियों ने द टाइम्स में बेडेनोच के दावे के विपरीत कहा कि ऐसा संभव नहीं है क्योंकि वह किसी भी कीमत पर समझौते के लिए जोर दे रही थीं जिससे द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी में प्रति वर्ष 38 अरब जीबीपी की उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद थी। खबर में एक पूर्व कैबिनेट मंत्री के हवाले से कहा गया केमी किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहती थीं और उन्हें नहीं लगता था कि जो आपत्तियाँ सामने रखी जा रही थीं, वे गंभीर थीं।

# पन्नू की हत्या की साजिश का आरोपी विकास पिछले साल ही अपहरण के मामले में गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिरौती मांगने का था आरोप



अमेरिका में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने में कथित भूमिका के लिए आरोपित विकास यादव को दिल्ली पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में अपहरण और जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने भारत सरकार के पूर्व अधिकारी यादव (39) को रोहिणी में रहने वाले एक व्यापारी को अगवा करने और जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिरौती मांगने के आरोप में 18 दिसंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि यादव को इस साल अप्रैल में जमानत पर रिहा किया गया था। विशेष प्रकोष्ठ की ओर से दायर प्राथमिकी के मुताबिक, यादव ने उक्त व्यापारी से कहा कि वह 11 दिसंबर, 2023 को दक्षिण दिल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के कार्यालय के पास उससे मिले और धमकी दी कि ऐसा न करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि पीड़ित व्यापारी यादव के कहे अनुसार अपने एक दोस्त के साथ उससे मिलने पहुंचा। इस दौरान, यादव के साथ अब्दुल्ला नाम का एक व्यक्ति मौजूद था।

इसमें आरोप लगाया गया है कि यादव और अब्दुल्ला ने व्यापारी को एक कार के अंदर खींचा तथा लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर उससे फिरौती की मांग की। प्राथमिकी के अनुसार, दोनों आरोपियों ने व्यापारी को एक कोरे चेक पर दस्तखत करने के लिए मजबूर किया और फिर उसे उसकी कार के पास छोड़ दिया।

इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने व्यापारी को धमकी दी कि अगर उसने इस घटना के बारे में किसी को भी बताया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्राथमिकी के मुताबिक, घर लौटने के बाद पीड़ित को पता चला कि यादव और अब्दुल्ला ने उसके कैफे में रखे 50,000 रुपये भी ले लिए और सभी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग मिटा दी।

**दीक्षांत समारोह** — रक्षामंत्री ने कहा- अधिकारियों को प्रौद्योगिकियों को समझकर उनके इस्तेमाल करने में सक्षम बनना चाहिए

# दुश्मन के तकनीकी उपकरण व प्रौद्योगिकियों का जबाव देने को रहें तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए समीक्षात्मक चिंतन करने का शनिवार को आह्वान किया और कहा कि दुश्मन के तकनीकी उपकरणों तथा प्रौद्योगिकियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, ड्रोन और स्वचालित वाहन से लेकर कृत्रिम मेधा (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग तक, आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां बहुत तेज गति से विकसित हो रही हैं। हमारे अधिकारियों को इन प्रौद्योगिकियों को समझना चाहिए और उनका इस्तेमाल करने में सक्षम बनना चाहिए। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों ने रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया, जो भविष्य की लड़ाइयों का पूर्वानुमान लगाने, वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में होने वाले बदलावों को समझने और बुद्धिमत्ता एवं सहानुभूति दोनों के साथ नेतृत्व करने की क्षमता रखते हों। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे भूराजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक सुरक्षा गठबंधनों की जटिलताओं जैसे विषयों पर अच्छी पकड़ रखें, क्योंकि उनके द्वारा लिए गए फैसलों के युद्ध के मैदान से इतर कूटनीति, अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भी दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, राजनाथ ने अधिकारियों से समीक्षात्मक चिंतन करने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और तकनीक क्षेत्र में होने वाले नवीनतम आविष्कारों का लाभ उठाने का आह्वान किया, ताकि वर्तनमान के लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ हासिल किया जा सके। उन्होंने दुश्मन द्वारा उन तकनीकी उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत को रेखांकित किया, जिनका लोग रोजमर्रा के जीवन में उपयोग करते हैं। राजनाथ ने कहा, यह ख्याल भर कि हमारे विरोधी हमारे उपकरणों का दुरुपयोग कर रहे हैं, हमें इस बात की याद दिलाता है कि हमें इन खतरों से निपटने के लिए कितनी तत्परता से तैयारी करनी चाहिए।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के 62वें दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री प्रदान करते हुए।

### रणनीतिक नवाचार को भी बढ़ावा दिया जाए

राजनाथ ने कहा कि एनडीसी जैसे संस्थानों को अपना पाठ्यक्रम इस तरह से तैयार करना चाहिए कि न केवल उसमें ऐसे अपरंपरागत युद्ध पर 'केस स्टडी' शामिल की जाए, बल्कि रणनीतिक नवाचार को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार बदलती चुनौतियों के बीच पूर्वानुमान लगाने, अनुकूलन करने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता उनका सामना करने की हमारी तत्परता को परिभाषित करेगी।